नीलाम्बरा
NEELAMBARA
2022-2023



P.G.D.A.V. College (Evening)
University of Delhi

EDITORIAL BOARD

(Left to Right)
Sitting :- ***Dr. Yogesh Sharma, Dr. Rajkumari Pandey, Prof. R.K. Gupta (Principal), Ms. Priyanka Chatterjee***
Standing :- **Mahesh Tiwari, Argati Vijay, Saadat Ali**

नीलाम्बरा
NEELAMBARA

2022-2023

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय (सांध्य)
दिल्ली विश्वविद्यालय
नेहरू नगर, दिल्ली-110065
दूरभाष : 011-29845214
ईमेल : principalpgdaveve@gmail.com

मुख्य सम्पादक

डॉ. योगेश शर्मा (संस्कृत विभाग)

सम्पादक मण्डल

डॉ. योगेश शर्मा (संस्कृत विभाग)

डॉ. राजकुमारी पाण्डेय (हिंदी विभाग)

श्रीमती प्रियंका चटर्जी (अंग्रेजी विभाग)

छात्र सम्पादक

महेश तिवारी (संस्कृत विभाग)

अर्गति विजय (हिंदी विभाग)

सादत अली (अंग्रेजी विभाग)

(नीलाम्बरा की रचनाओं में लेखकों की निजी अभिव्यक्ति है - उससे सम्पादकीय सहमति आवश्यक नहीं। रचनाकार अपनी रचनाओं की मौलिकता के लिए स्वयं उत्तरदायी हैं।)

मुद्रण : अजित स्क्रीन ग्राफिक्स, बी-144ए (बैक साइड) नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया, नई दल्ली-110028
दूरभाष : 9891073535, 9891317772 ईमेल : ajitprint2007@gmail.com

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज (सांध्य), दिल्ली विश्वविद्यालय,
नेहरू नगर, दिल्ली-110065 की ओर से प्राचार्य, प्रो. आर. के. गुप्ता द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित।
दूरभाष : 011-29845214 ईमेल : principalpgdaveve@gmail.com

विषय सूची

शीर्षक	लेखक	पृष्ठ संख्या
प्राचार्य की कलम से	प्रो. आर. के. गुप्ता	9
मुख्य सम्पादकीय	डॉ. योगेश शर्मा	11
संस्कृत खण्ड:		13-45
युवानां पथप्रदर्शक: भगवान् श्रीराम:	महेश तिवारी	15
राष्ट्रनिर्माणे युवानां योगदानम्	जिया खान	18
सफलताया: आधार: युवा	आरती द्विवेदी	20
संस्कृतभाषाया: प्रचारे-प्रसारे युवानां योगदानम्	यश कुमार शुक्ला	22
स्वामिविवेकानन्दस्य युववर्गेषु प्रभाव:	अंशु गुप्ता	24
राष्ट्रनिर्माणे मम योगदानम्	रुद्र भारद्वाज	26
युवान: स्वामिविवेकानन्दसदृशा: भवेयु:	सुमन ठाकुर	28
स्वामिविवेकानन्द: अद्यतन युवाश्च	दिनकर कुमार	29
युवानां प्रेरणाश्रोत: - स्वामी दयानन्द सरस्वती	राज कुमार	31
कर्मसिद्धान्त: श्रीमद्भगवद्गीताया: आलोके	डॉ. तरुण कुमार दीप	34
गुणत्रयस्य स्वरूप: प्रभावश्च (गीताया: आलोके)	डॉ. कुलदीप सिंह	38
राष्ट्रनिर्माणे युववर्गेषु गुणानामाधानमावश्यकम्	डॉ. योगेश शर्मा	41
हिंदी खण्ड		47-84
सम्पादकीय	डॉ. राजकुमारी पाण्डेय	48
सिनेमाई बाजार में विकलांगता की नुमाईश: करुणा का बिकाउ फार्मूला	डॉ. अनिरुद्ध कुमार	49
उत्साहित मन	उमेश शर्मा	59
अंतिम युद्ध	आयुष कुमार सिंह	62
अंतर्मन	आयुष कुमार सिंह	62
बेटियाँ	आयुष कुमार सिंह	62
सुनो मां	जितेन्द्र कुमार सिंह	63

उदास	आदेश यादव	64
संविधान सभा में राजभाषा हिंदी पर हुई बहस की समीक्षात्मक व्याख्या।	शिवम् सिंह	65
रिश्तों की महक कहां खो गई है?	अदिति गुप्ता	72
फिर क्यों न कहें हम, हम हिन्दी के सम्राट हैं	सर्वेश कुमारी	73
युवा नेतृत्व	अर्गति विजय	74
क्या यहीं तक का था सफर तुम्हारा	अनुज शुक्ल	75
हर रोज उठता है धुआँ	अनुज शुक्ल	76
कौन जानता है उन्हें ?	अनुज शुक्ल	77
संस्कारयुक्त शिक्षा आज की आवश्यकता	दुर्गेश	78
उत्साह से उत्थान तक	दुर्गेश	82
युवा : जिंदगी एक कला है।	गिरिशा सिंह तोमर	84

विभिन्न समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के छाया चित्र 85-188

विभिन्न समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के छाया चित्र 86

English Section 189-217

From The Editor's Desk	Ms. Priyanka Chatterjee	190
Student Editorial	Saadat Ali	191
Champions of Change: The Essential Role of Youth in Driving Sustainability and Nation Development	Ms. Tanishka Gupta	192
The Eternal Wealth: Celebrating the Indian Knowledge System	Ms. Tanishka Gupta	196
I Admit It: A Confession to the Bravehearts of this Nation	Sharanyam Singh	197
Autumn	Sharanyam Singh	199
Youth: An Engine of Growth	Ritik Raj Kushwaha	200
Our Shining Light	Aaditya Pandey	202

Role of Youth in Nation Building	Aaditya Pandey	203
Beginnings	Tanya Shree	205
She is a Changemaker	Tanya Shree	206
Sounds like Static (a depressed daydream)	Saadat Ali	207
India's Presidency at G-20	Mohit Singhal	208
Open Ended Waiting	Shivani Suri	211
Psychology of Gender	Shivani Suri	212
Life's Ebb and Flow	Anuj Shukla	214
College Days End, But Memories Last Forever	Rishabh Katyal	215

COLLEGE COLLAGE: 2022-23 219-263

COLLEGE COLLAGE: 2022-23	***Compiled by:-*** Dr. Asha Rani, Professor, Dept. of Hindi & Ms. Priyanka Chatterjee, Associate Professor, Dept. of English	220

मीडिया में महाविद्यालय 265-280

मीडिया में महाविद्यालय		266

Lord Macaulay's address to the British Parliament of Education on Feb 2, 1835

" I have travelled across the length and breadth of India and I have not seen one person which is a beggar, who is a thief. Such wealth 1 have seen in this country, such high moral values, people of such caliber that I do not think we would ever conquer this country unless we break the very backbone of this nation, which is her spiritual and cultural heritage, and therefore, I propose that we replace her old and ancient education system, her culture, for if the Indians think that all that is foreign and English is good and greater than their own, they will lose their self esteem, their native culture and they will become what we want them, a truly dominated nation."

शिक्षा पर महर्षि दयानन्द सरस्वती के विचार

"आपके पूर्वज जंगलों में बसे अशिक्षित नहीं थे अपितु संसार को जागृत करने वाले महापुरुष थे। आपका इतिहास पराजय की गठड़ी नहीं है। वह विश्व विजेताओं की गौरवगाथा है। आपकी वैदिक ऋचाएँ ग्वालों के गीत नहीं हैं। ये श्रीराम तथा श्री कृष्ण जैसी महान आत्माओं को साकार करने वाले महासत्य हैं। जागो, उठो। उत्तिष्ठत, जाग्रत। अपने उज्ज्वल इतिहास पर गर्व करो। वर्तमान को सँवारने हेतु अपने गौरवमयी इतिहास से प्रेरणा लो। अपने पूर्व के प्रति तिरस्कार की भावना जगाने वाली आधुनिक शिक्षा को धिक्कार है। "

"वैदिक ज्ञान का प्रसार पहले मैं अपने देशवासियों में करना चाहता हूँ। एक बार ज्ञानदीप यहां प्रज्वलित हो गया तो फिर उसका प्रकाश पाश्चात्य राष्ट्रों में भी फैलेगा।"

पी.जी.डी.ए.वी. (सांध्य) गान

पी.जी.डी.ए.वी. (सांध्य) को आओ नमन करें।
आओ नमन करें।।

संगम है यह परंपरा और अधुनातन शिक्षा का
परिसर है यह वेद और विज्ञान की सम-दीक्षा का।
ज्ञान की पावन गंगा से दोषों का दमन करें।
आओ नमन करें।
आओ नमन करें।।

यह अनुपम विचार भूमि है दयानंद स्वामी की
आर्य समाज के उन्नत मस्तक के प्रण अनुगामी की
त्याग, समर्पण और मूल्य शुचिता का गमन करें।
आओ नमन करें।
आओ नमन करें।।

गूंजें वेद ऋचाएं नित-नित इस सुरम्य उपवन में
यज्ञ निरंतर हों, पवित्र वाणी हो इस आँगन में
पावन समिधा से अधर्म का मिलकर दमन करें।
आओ नमन करें।
आओ नमन करें।।

देता शुभ आशीष सभी को यह महाविद्यालय
प्रेम भरे संस्पर्श देव के यह पावन देवालय
ऐसा है संकल्प सभी के दु:खों का शमन करें।
आओ नमन करें।
आओ नमन करें।।

स्वामी विवेकानन्द का स्वप्न

युवा ऐसा हो !

चेहरे पर तेज हो
देह में शक्ति हो
मन में उत्साह हो
बुद्धि में विवेक हो
हृदय में करुणाभाव हो
मातृभूमि के लिए प्रेम हो
चेतना में संयम हो
मन में स्थिरता हो
आत्मविश्वास दृढ़ हो
इच्छाशक्ति प्रबल हो
सिंह जैसा निडर हो
ऊँचे स्वप्न हो जिसके
सत्य जिसके लिए भगवान हो
व्यसनों से मुक्त हो
जीवन में अनुशासन हो
प्रेममयी स्वभाव हो
मानवता धर्म हो जिसका
गुरु के लिए आदर हो
माता-पिता के प्रति श्रद्धा हो
गरीबों का मित्र हो
सेवा के लिए तत्पर हो
भगवान में आस्था हो
जीवन में नियम एंव मूल्य हो
चरित्र शुद्ध हो

प्राचार्य की कलम से

नीलाम्बरा के पाठकों का हार्दिक अभिनंदन और वंदन। पिछले अंकों की भांति यह अंक भी एक विशेष theme - राष्ट्र विकास में युवाओं की भूमिका - पर आधारित है। मुख्य संपादक डॉ. योगेश व संपूर्ण संपादक मंडल को अत्यंत साधुवाद व बधाई देता हूं, इस सामायिक और महत्वपूर्ण शीर्षक का चुनाव करने के लिए।

नीलाम्बरा एक सशक्त माध्यम है अपने विचारों को लेखन के द्वारा व्यक्त करने का। विचारों की उत्पत्ति मस्तिष्क में होती है। अतः विचारों की गुणवत्ता व प्रकृति इस बात पर निर्भर करती है कि मस्तिष्क का पोषण, परिष्कार और प्रशिक्षण किस प्रकार हुआ है। यह भी सत्य है कि सद्विचारों से मस्तिष्क की सकारात्मक क्षमता बढ़ती है।

इस दृष्टि से विवेचन करने पर लेखन के लिए एक उपयुक्त शीर्षक का चयन एक स्वस्थ मस्तिष्क और सद् विचारों की उत्पत्ति के लिए उत्प्रेरक का काम करता है। मुझे लगता है कि नीलाम्बरा के वर्तमान अंक के लिए चयनित विषय इस पैमाने पर पूरा खरा उतरता है। संपादक मंडल को पुनः बधाई।

राष्ट्र है तो हम हैं। किसी भी युवा की युवावस्था तक की सफल यात्रा भी एक सुरक्षित व उन्नत राष्ट्र के कारण ही संभव है। अतः उसके विकास में हर युवा को अपने योगदान की भूमिका निश्चित करनी होगी। 'राष्ट्राय स्वाहा:।' 'इदं राष्ट्राय इदं न मम।' इन मंत्रों को अंगीकार करना होगा। 'Ask not what country can do for you. Ask what you can do for your country' को समझ कर व्यवहार में लाना होगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यह एक अनिवार्य स्थिति है।

विषय आधारित व अन्य सभी लेख और रचनाएं इस अंक में अत्यंत प्रभावी हैं। विद्यार्थियों को उनकी मौलिकता व सुंदर लेखन शैली के लिए भी बधाई। उन्होंने अपनी रचना नीलाम्बरा में प्रकाशित होने के लिए सफल प्रयत्न किया, इसके लिए भी उन्हें बधाई। भविष्य में अपनी इस कला साधना को परिमार्जित करते हुए इसमें वे निरंतरता बनाए रखें, ऐसी मेरी इच्छा व कामना है।

Cover Page श्रीराम मंदिर के छायाचित्र व साथ में मंदिर में विराजमान प्रभु श्रीराम लला के अप्रतिम स्वरूप के चित्र के कारण बहुत अनूठा व अनुपम बन पड़ा है। श्रीराम मंदिर का निर्माण गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति का व भारतीय अस्मिता की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। यह संदेश cover page के माध्यम से सभी पाठकों के बीच जाएगा, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

Photograph Section अत्यंत सुंदर, आकर्षक व कॉलेज की अधिकांश गतिविधियों को समाहित करने वाला है। प्रत्येक अंक की भांति इस अंक में भी college collage एक distinct feature है।

इस अंक का वर्तमान प्रकाशित रूप डॉ योगेश शर्मा व संपादक मंडल के अन्य सदस्यों - डॉ राजकुमारी पांडेय, डॉ प्रियंका चटर्जी व विद्यार्थी संपादकों - के अनथक परिश्रम, लगन और संपादन कला की कौशलता का परिणाम है। उन सभी का मैं हृदय से धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं। कॉलेज की गरिमा, प्रतिष्ठा, यश हम सभी के संयुक्त प्रयास से नील अंबर में सदा बढ़ती रहे, ऐसी प्रभु के श्रीचरणों में प्रार्थना करते हुए संपूर्ण कॉलेज को हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रो. रवीन्द्र कुमार गुप्ता
(प्राचार्य)

मुख्य सम्पादकीय

रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे।
रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः।। (श्रीरामरक्षास्तोत्रम् 27)

डॉ. योगेश शर्मा

श्री राम भगवान की मनमोहक दिव्य आभा अयोध्या के राम मंदिर में विराजमान होते ही विश्व भर के सभी हिंदुओं और मानवतावादी प्राणियों का जीवन मानो धन्य हो गया। एक ऐसा रोमांचक व गर्व से भर देने वाला क्षण हम सभी ने देखा व आत्मसात् भी किया। यह एक नये युग का प्रारंभ है जिसमें सभी को सुख व शांतिमय वातावरण बनाने में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देना चाहिये। इस लक्ष्य सिद्धि हेतु युगों से सैंकड़ों राम भक्तों ने अपना बलिदान दिया है जिसका सुखद परिणाम हमारे सामने अयोध्या में राम मंदिर के रूप में प्रत्यक्ष है। हमने कोई पुण्यकर्म ही किए हैं जिसके कारण हम इस गौरवशाली, ऐतिहासिक, अविस्मरणीय पल के साक्षी बने हैं। अब हम सबका दायित्व और बढ़ गया है। अभी तो यह प्रारंभ है इसे और आगे लेकर जाना होगा। यह हम सभी का कर्त्तव्य है।

वस्तुतः किसी भी संस्था की पहचान उसमें कार्यरत मनुष्यों के शक्ति समूह के कारण होती है। कितना भी अच्छा भवन या अच्छे नाम वाली संस्था ही क्यों ना हो, यदि उसमें रहने वाले व कार्य करने वाले मनुष्य अच्छे नहीं हैं तो वह भवन सुंदर होते हुए भी कुछ समय में अपनी पहचान खो देता है और यदि वह शक्ति समूह अच्छा है तो उसकी कीर्ति पताका सूर्य के प्रकाश की भांति सर्वत्र फैल जाती है। यही विशेषता हमारे पी.जी.डी.ए.वी. (सांध्य) महाविद्यालय की है जिसमें कार्य करने वाले सभी जन सामूहिक रूप से मिलकर इतनी तन्मयता व समर्पण से अपना योगदान देते हैं जिससे महाविद्यालय नित्य - निरन्तर सभी क्षेत्रों में ऊंचाइयों को छू रहा है। इसका सम्पूर्ण श्रेय यदि किसी एक व्यक्ति को दिया जाए तो वह हैं हमारे प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार गुप्ता महोदय। आपके मार्गदर्शन व सहयोग से महाविद्यालय में एक निरंतर गतिशीलता सी आ गई है। इससे चारों दिशाओं में इसकी ख्याति फैल रही है। कोरोना के बाद सभी जगह नूतनता के साथ फिर से क्रियाशीलता आई। धीरे-धीरे समाज में भी हमें सकारात्मकता के दर्शन हुए। अनेक मन - मस्तिष्कों में ऊर्जा व आशा की नई किरणें जगने लगीं। समाज दुगनी गति से कार्य करने लगा। दीर्घकाल से रुकी हुई योजनाओं को क्रियान्वित करने का समय आया और प्राचार्य महोदय ने सभी का ध्यान रखते हुए एक कुशल व सामर्थ्यवान् प्रशासक की भूमिका निभाते हुए उनके मुख पर प्रसन्नता का भाव व खुशी लाने में सभी का हित साधने का भागीरथ प्रयास किया। ऐसे प्रेरणास्रोत व सर्वहितसाधक प्राचार्य महोदय का जितना भी धन्यवाद किया जाये कम ही है। फिर भी महाविद्यालय परिवार व मेरी ओर से हृदय

की गहराइयों से आपका कोटिशः धन्यवाद करना अपना सौभाग्य व धर्म समझता हूँ। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वो आपकी शक्ति व कार्यों में और ज्यादा वृद्धि करें जिससे आप और अधिक माँ भारती की सेवा कर सकें।

वस्तुतः इस बार की नीलाम्बरा पत्रिका को अति विशिष्ट बनाने हेतु आदरणीय प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार गुप्ता महोदय ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका नामक थीम पर लेख व कविताएं आमंत्रित करने का उत्तम सुझाव दिया था। इसे नीलाम्बरा पत्रिका समिति के सभी सदस्यों ने एक मत से स्वीकार किया व भूरिशः प्रशंसा भी की। मुझे ऐसा लगता है कि वे प्रतिक्षण महाविद्यालय की उन्नति हेतु विचार करके उसे क्रियान्वित करने में लगे रहते हैं और हम सभी को भी प्रेरित करते रहते हैं। इस हेतु मैं प्राचार्य महोदय का मेरी ओर से कोटिशः हार्दिक धन्यवाद व कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

आदरणीय बर्सर डॉ. अमित सर का भी हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं उन्होंने समय-समय पर प्रकाशक से व सुमित सर से बात करके इसे आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया। नीलाम्बरा समिति के अन्य सदस्यों जिनमें हिंदी खंड की संपादिका डॉ. राजकुमारी पाण्डे जी व अंग्रेजी खंड की संपादिका डॉ. प्रियंका चटर्जी महोदया का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूँ। वस्तुतः जब समिति के संयोजक का चुनाव होना था तो आप दोनों ने ही मुझे यह दायित्व सौंपा और कहा कि हम आपका पूरा सहयोग करेंगे। आप दोनों ही मुझसे वरिष्ठ हैं फिर भी आप दोनों ने मेरा पूर्ण सहयोग किया। संस्कृत विभाग के मेरे पूर्व सहयोगी बंधुओं डॉ. अंकुर त्यागी, डॉ. रक्षिता व डॉ. श्रुति शर्मा का विशेष आभार प्रकट करना चाहता हूं जिन्होंने अपना योगदान दिया। साथ ही नूतन व चिरस्थाई साथी डॉ. तरुण कुमार दीप व डॉ. कुलदीप सिंह जी का भी हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं आप दोनों का भी सर्वदा पूर्ण सहयोग बना रहता है।

पुस्तकालयाध्यक्ष पवन मैथानी सर, सुमित सर, रवि वधवा सर और अन्य सभी सहयोगियों का भी धन्यवाद करना चाहता हूं आप सभी का सहयोग समय - समय पर प्राप्त होता रहता है। इस पत्रिका को प्रकाशन करवाने में प्रकाशक श्री आनंद कुट्टन जी का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ इनके साथ उनके टंकणकर्ता व सभी सहयोगियों का भी धन्यवाद करना चाहता हूं। इस पत्रिका में प्रकाशन हेतु आए लेखों, कविता संग्रहों के कारण ही यह पत्रिका प्रकाशन योग्य बनी। इस निमित्त जिन प्राध्यापकों व छात्रों ने अपने लेख भेजे उनके प्रति भी मैं आभार प्रकट करना चाहता हूँ। यदि कहीं कोई त्रुटि रह गई हो तो उसके लिए क्षमा याचना करता हूँ। अन्ततः मां सरस्वती व प्रभु के आशीर्वाद से नीलाम्बरा का यह साठवां अंक आप सभी सुधीजनों को आदरपूर्वक समर्पित है।

डॉ. योगेश शर्मा
(मुख्य सम्पादक)

संस्कृत खण्ड

युवानां पथप्रदर्शकः भगवान् श्रीरामः

महेश तिवारी
(बी. ए. संस्कृत विशेष, तृतीय वर्ष)
(छात्र सम्पादक)

राष्ट्रनिर्माणाय अस्माकङ्कृते सर्वप्रथमं स्वसंस्कृतेः ज्ञानमावश्यकमस्ति। संस्कृतेः ज्ञानार्थमस्माकङ्कृते वेद-पुराण-शास्त्र-महाकाव्यादिग्रन्थानामध्ययनमावश्यकमस्ति। यतो हि एतेषां ग्रन्थानामध्ययनेन वयं ज्ञानशीलाः भवामः। तेन राष्ट्रनिर्माणे वयमस्माकं योगदानं दातुं समर्थाः भविष्यामः।

एतेषु धर्मग्रन्थेषु यत् ज्ञाननिहितमस्ति तदमूल्यम-साधारणञ्चास्ति। अतः अस्माभिः एतत् धारणीयम्। अत्रमहं रामायणमहाकाव्यमाधारीकृत्य राष्ट्रनिर्माणस्य विषये चर्चां करोमि। एतस्मिन् महाकाव्ये चतुर्विंशतिसहस्रश्लोकाः, पञ्चशतसर्गाः, अथ च सप्तकाण्डानि सन्ति। अस्य रचनाकारः अस्ति महर्षिः वाल्मीकिः। अस्य ग्रन्थस्य नायकः मर्यादापुरुषोत्तमः भगवान् श्रीरामः तथा च नायिका माता सीता अस्ति। एतयोः चरित्रं गोरससदृशं श्वेतं पवित्रञ्चास्ति।

"धर्मज्ञस्सत्यसन्धश्च प्रजानां च हिते रतः ।
यशस्वी ज्ञानसंपन्नश्शुचिर्वश्यस्समाधिमान्॥"(श्रीवाल्मीकिरामायणम् 1/1/12)

अर्थात् भगवान श्रीराम अपनी प्रतिज्ञा में दृढ़ और हमेशा अपनी प्रजा का भला करने की "इच्छा रखने वाले हैं। वे महान्, बुद्धिमान और ह्रदय से शुद्ध हैं। वे बड़ों का सम्मान तथा उनकी आज्ञा का पालन करने वाले और जो शरण में आ जाए (चाहे वह शत्रु ही क्यों न हो) वे साक्षात धर्म की मूर्ति हैं। यदि आज का युवा उनके पद चिन्हों पर चले तो अपना भविष्य तो उज्ज्वल करेगा ही साथ ही साथ सम्पूर्ण संसार को सुख, शान्ति, वैभव, धर्म तथा सद्गुणादि उपकरणों से भर देगा। जिससे हमारे भाग्य के साथ-2 सम्पूर्ण जगत भी चमचमा उठेगा इसलिए आईए समुद्र रूपी इस महाकाव्य का मंथन करके अमृत निकालकर ग्रहण करते हैं ।

हमारे अनुसार मनुष्य के अन्दर अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु उत्साह, सत्य और धर्म का होना अत्यावश्यक है। महर्षि ने भी कहा है कि-

"उत्साहो बलवानार्य नास्त्युत्साहात्परं बलम् ।
सोत्साहस्य हि लोकेषु न किञ्चिदपि दुर्लभम् ॥
सत्यमेवेश्वरो लोके सत्ये धर्मः सदाश्रितः ।
सत्यमूलानि सर्वाणि सत्यान्नास्ति परं पदम् ॥
धर्मादर्थः प्रभवति धर्मात्प्रभवते सुखम् ।
धर्मेण लभते सर्वं धर्मप्रसारमिदं जगत् ॥" (किष्किन्धा/1/121-123)

अर्थात् उत्साह बड़ा बलवान होता है, इससे बढ़कर कोई अन्य बल नहीं होता है, जो पुरुष उत्साही होता है, उसके लिए संसार में कुछ भी, दुर्लभ नहीं है। सत्य ही संसार में परब्रह्म परमेश्वर है, धर्म भी इसी पर ही आश्रित है, अर्थात धर्म तथा समस्त भव-विभव का मूल है। सत्य से बढ़कर दूसरा और कुछ नहीं है। धर्म से ही धन, सुख तथा सब कुछ प्राप्त होता है, इस संसार में धर्म ही सार वस्तु है ।

जो भी है, यही है इसके अन्यत्र कुछ भी नहीं है, जो इसको धारण करेगा उसके लिए अपने जीवन में कुछ भी असम्भव नहीं है। इन तीनों को वही धारण कर सकता है, जो शान्त तथा विनम्र होता है । हमें अपने अन्दर अहं तथा क्रोध को प्रवेश नहीं करने देना चाहिए, क्योंकि यह हमारे धर्म तथा बुद्धि का नाश कर देते हैं।

"वाच्यावाच्यं प्रकुपितो न विजानाति कर्हिचित् ।
नाकार्यमस्ति क्रुद्धस्य नवाच्यंविद्यते क्वचित् ॥"

अर्थात् क्रोध की दशा में मनुष्य अपने विवेक को खो देता है, उसे कुछ कहने और न कहने योग्य बातों का भान नहीं रहता। वह कुछ भी कह सकता है और कुछ भी बोल सकता है।

उसके लिए कुछ भी उचित या अनुचित नहीं रह जाता है । ऐसे ही महर्षि वाल्मीकि ने और न जाने कितने ज्ञान को सामान्य जन के लिए इस महाकाव्य में निबद्ध कर रखा है। इसके बाद प्रभु श्रीराम की महानता तथा गुणों की भी चर्चा कर लेते हैं । जैसे मैंने शुरुआत में ही बताया है कि जो इनका अनुसरण करेगा वह खुद का निर्माण भी सर्वश्रेष्ठ करेगा । जब महर्षि वाल्मीकि महर्षि नारद से श्रीराम के बारे में पूँछते हैं, तो फिर वे उनका परिचय करवाते हैं ।

"सर्वशास्त्रार्थशास्त्रज्ञस्मृतिमान्प्रतिभानवान् ।
सर्वलोकप्रियस्साधुरदीनात्मा विचक्षणः ॥

सर्वदाभिगतस्सद्भिस्समुद्रइव सिन्धुभिः ।
आर्यस्सर्वसमश्चैव सदैक प्रियदर्शनः ॥
विष्णुना सदृशोवीर: सोमवत्प्रियदर्शनः ।
कालाग्निसदृशः क्रोधे क्षमया पृथिवीसमः ॥"

अर्थात् भगवान श्रीराम ज्ञान के समुद्र हैं, वे समस्त शास्त्रों का सही अर्थ जानते हैं और उनकी एक प्रतिगामी स्मृति हैं। वह प्रतिभाशाली हैं। वह सभी के प्रति प्रेम भाव रखने वाले सुपुत्र हैं, उनका मन सदैव अविचल रहता हैं , चाहे अत्यधिक सुख हो या दुःख हो तथा सही समय पर सही कार्य करने में सक्षम हैं।

श्रीराम नदियों के लिए समुद्र की तरह, गुणी पुरुषों के लिए सुलभ है और सभी के प्रति समान भाव रखते हैं। उनका हमेशा आकर्षक स्वभाव रहा हैं। श्रीराम विष्णु के समान पराक्रम में, चन्द्रमा के समान रूप में, क्रोध में सर्व- भस्म कर देने वाली अग्नि के समान, धैर्य में पृथ्वी, दान में कुबेर और दृढ़ता में सूर्य के समान हैं।

इसी प्रकार अनगिनत गुण प्रभु श्रीराम में महर्षि नारद ने बताये हैं, जिसका यहाँ वर्णन कर पाना संभव नहीं हैं । उनके गुणों के प्रमाण उनके अद्भुत कार्य हैं, जिससे आप सभी भलीभाँति परिचित होंगे ही। वे पितृ भक्ति तथा देश भक्ति के प्रतीक हैं, वे आदर्श हैं, जो अपने पिता के आज्ञानुसार अपने राज्य का त्याग कर 14 वर्ष के लिए बनवास धारण कर लिए, हजारों संकटों तथा कष्टों का सामना किया और अपने कर्तव्यपथ पर अडिग रहे। वे अपने वचन के पालन हेतु अपने प्राण भी दाँव पर लगा देते थे, परन्तु मिथ्या नहीं जाने देते थे। – "रघकुल रीति सदा चलि आयी , प्राण जाय पर वचन न जाई ।"

अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु हिमालय की तरह अडिग रहते थे। रावण विश्व विजेता था, जिसने देवों, दानवों, गन्धर्वों, किन्नरों सब को बन्दी बना रखा था। उसके पास एक-से-एक महाभट योद्धा थे और श्रीराम के पास बस उनके भाई लक्ष्मण तथा कुछ वानर सेना थी, फिर भी भयभीत नहीं हुए समुद्र पर सेतु बान्ध दिया तथा रावण को पराजित कर दिया।

इस प्रकार श्रीराम का चरित्र बहुत ही उदार है और लोक कल्याण के लिए सौ प्रतिशत कल्याणकारी है। अतः आज के युवाओं को इन सत्यनिष्ठ, कर्मनिष्ठ और धर्मनिष्ठ श्रीराम का अनुशरण करना बहुत आवश्यक है, इनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलकर हम अपने भविष्य के साथ -साथ राष्ट्र के भविष्य को भी उज्ज्वल कर सकते हैं।

राष्ट्रनिर्माणे युवानां योगदानम्

जिया खान
बी ए संस्कृत विशेष, प्रथम वर्ष

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥ (गीता, अध्याय 3, श्लोक 22)

युवजनाः यथा आचरिष्यन्ति तथैव अस्माकं राष्ट्रस्य निर्धारणं भविष्यति। तेषु नेतृत्वशक्ति अतुलनीया भवति। तेषां श्रेष्ठाचरणं सदैवानुकरणीयं भवति। युवकाः कस्यापि समाजस्य कृते मूलभूताः भवन्ति। अस्माकं देशस्य समग्रविकासाय तेषां योगदानं महत्त्वपूर्णमस्ति। अस्माकं राष्ट्रं प्रति युवकानां बृहत् संख्यायां समर्थनं प्राप्तमस्ति। तेन राष्ट्रं वृद्धिं प्रति गच्छति। अतः तेषां दायित्त्वमस्ति यत् ते उज्ज्वलभविष्यं प्रति अग्रेसराः भवन्तु।

अद्यतन युवकाः स्वस्तन नेतारः सन्ति। एते ते एव सन्ति येन अस्माकं राष्ट्रस्य भविष्यनिर्धारणं भविष्यति। एतदावश्यकमस्ति यत् वयं अस्माकं युवकानां सशक्तं कुर्मः। तेषां विकासाय येषां संसाधनानामावश्यकता अस्ति ते वयं उपलब्धं कुर्मः।

शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास के प्रमुख कारकों में से एक है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हमारे युवाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक पहुंच हो जो उन्हें आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करेगा।

इसके अलावा, युवाओं में बदलाव लाने की ताकत है। वे हमारे समाज के सबसे भावुक और ऊर्जावान सदस्य होते हैं। वे यथास्थिति को चुनौती देने और मानदंडों पर सवाल उठाने से डरते नहीं हैं। उनके पास नवाचार करने और नए विचारों के साथ आने की क्षमता है जो हमारे देश को बदल सकते हैं। उन्हें अपने विचार व्यक्त करने और सुनने के लिए एक मंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है।

"पर्यावरणनाशेन नश्यन्ति सर्वजन्तवः ।
पवनः दुष्टतां याति प्रकृतिविकृतायते ॥

एक स्थायी भविष्य के निर्माण में युवाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जलवायु परिवर्तन उन सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है जिसका आज हमारा विश्व सामना कर रहा है। यह

आवश्यक है कि हम इसके प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करें। स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देकर और पर्यावरण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों की वकालत करके युवा इस आंदोलन में सबसे आगे हो सकते हैं।

हमारे राष्ट्र की प्रगति में युवाओं की भूमिका के बारे में बहुत अधिक बताया जा सकता है। वे हमारे देश का भविष्य हैं, और यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि वे हमें एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जाने के लिए सुसज्जित हों। हम अपने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए मिलकर काम करें और उन्हें वे संसाधन उपलब्ध कराएं जिनकी उन्हें फलने-फूलने के लिए जरूरत है। ऐसा करके हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं।

सफलतायाः आधार : युवा

आरती द्विवेदी
बी ए संस्कृत विशेष,
(प्रथम वर्ष)

वयं सम्यक्तया जानीमः यत् मृत्युः शाश्वतं सत्यमस्ति। अतः यदि मृत्युः निश्चितः अस्ति तर्हि आत्मानं श्रेष्ठकार्यार्थं समर्पितं कुर्यात्, इत्येव सर्वोत्तमः।

प्रत्येकं राष्ट्रस्य सफलतायाः आधारः तस्य युवकाः अथ च तेषामुपलब्धयः भवन्ति। राष्ट्रस्य भविष्यं युवकानां सर्वाङ्गीण-विकासे निहितमस्ति। युववर्गः शारीरिकमानसिकरूपेण प्रत्येककार्यसाधने सक्षमः भवति। प्रत्येकं मनुष्यः जीवनस्य अस्य मार्गात् अग्रे गच्छति स्वयोगदानं च ददाति। अतः राष्ट्रनिर्माणे युववर्गः स्वमहत्त्वपूर्णभूमिकां निर्वहति।

यदि युवा धर्म के रास्ते पर चलें तो युवा का तो विकास होता ही है साथ ही राष्ट्र भी उन्नति को प्राप्त होता है,क्योंकि किसी भी राष्ट्र में आधिकतर जनसंख्या में युवा होते हैं। किसी भी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा वर्ग का सर्वाधिक योगदान रहा है। राष्ट्र की प्रगति विज्ञान, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य प्रबंधन और अन्य क्षेत्रों में विकास पर निर्भर होती है। इन सभी मानदंडों को पूरा करने के लिए सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक आधार पर युवा का सशक्तिकरण आवश्यक है। इन सभी क्षेत्रों में सफलता पाने के लिए युवाओं को एक सकारात्मक दिशा में निर्देशित किया जाना चाहिए। युवाओं के विकास और प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाना चाहिए। युवाओं को उचित शिक्षा और कौशल विकास की आवश्यकता है, ताकि वे सही दिशा में समृद्ध हो सकें। युवाओं में अत्यधिक काम करने की क्षमता होती है और वह उत्साह से भरा हुआ होता है। सफलता की ओर अग्रसर होने की क्षमता भी बहुत होती है।

"उद्धरेत् आत्मना आत्मानम्" अर्थात् वयं स्वात्मना स्वात्मानम् उद्धारं कर्तुं शक्नुमः। जिस प्रकार इंजन को चालू करने के लिए ईंधन आवश्यक होता है, उसी प्रकार युवा राष्ट्र के लिए ईंधन की तरह है तथा एक बडी सम्पत्ति की तरह होता है। यह राष्ट्र में प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है। राष्ट्र निर्माण के लिए विकासशील युवाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है। दूसरे शब्दों में युवाओं की सूझबूझ और व्यक्तिगत उन्नति ही देश को सफलता के पथ पर ले जाएगी।

"न सा परा विद्या यया न दीयते ज्ञानम् ।
न तद् भवेद् ज्ञानं न येन दीप्यते चित्तम्" ॥ *- वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य*

अतः ज्ञानार्थं विद्या भवेत्, तथा च चित्त प्रकाशनार्थं ज्ञानं भवेत् । युवा नागरिकाः आत्मानं विकासार्थं राष्ट्रसमृद्ध्यर्थं ज्ञानं प्राप्नुयुः ।

संस्कृतभाषायाः प्रचारे-प्रसारे युवानां योगदानम्

यश कुमार शुक्ला
बी ए संस्कृत विशेष
(प्रथम वर्ष)

वाणी रसवती यस्य,यस्य श्रमवती क्रिया।
लक्ष्मी दानवती यस्य, सफलं तस्य जीवितम्॥

यस्य वाणी रसवती, क्रिया श्रमवती, लक्ष्मी दानवती चास्ति तस्य मानवस्य जीवनं सफलमस्ति। एतादृशानां संस्कृतसूक्तीनां वर्तमानसमयेऽपि महती आवश्यकता वर्तते। संस्कृतस्य प्रत्येकस्मिन् श्लोके मानवीयजीवनमूल्यानां जीवने तेषां मूल्यानां लाभः नीतिनाञ्च विषये वयं ज्ञानं प्राप्नुमः।

अतः आधुनिके युगे न केवलं विद्यार्थिनां कृते अपितु मानव-जीवनस्यविकासार्थं संस्कृतभाषायाः प्राङ्गिकता वर्तते। अतः एतस्याः भाषायाः प्रचारः-प्रसारश्च अस्माकं नवयुवकानां माध्यमेन भवतु। संस्कृतभाषा अस्माकं देशस्य प्राचीनतमा भाषा अस्ति। इयं भाषा अतीव रमणीया मधुरा चास्ति। एषा कठिना न अपितु सरला-सरसा अस्ति। पुरा इयं भाषा व्यावहारिकी भाषा आसीत्। इदानीमपि अस्माकं प्रयासेन व्यावहारिकी भाषा भवितुं शक्यते।

संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार मे युवाओं का योगदान आवश्यक है । युवा से तात्पर्य यह है कि एक ऐसा व्यक्ति जो अपनी समग्र आंतरिक और बाह्य शक्तियों को संगठनात्मक रूप से प्रयोग करता है ।

संस्कृत के विषय में विचार करते हुए कहा गया है कि युवाओं को स्वयं की योग्यता को पहचानकर संस्कृतमय जीवन बनाना चाहिए । संस्कारवान्, सफल एवं योग्य युवाओं को समाज और देश में सम्मान मिलता है । एक भाषा के रूप में संस्कृत अधिकतर लोगों के मध्य प्रचलित नहीं है । परन्तु कुछ युवाओं के तथा समाज में अनेकों लोगों के प्रयासों से फिर से संस्कृत को व्यावहारिक रुप में बोलना, विषय के रूप में पढना और इससे प्राप्त नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात् किया जा रहा है ।

आधुनिकीकरण के इस दौर में इस देवभाषा की अत्यन्त प्रासंगिकता है । इसी भाषा में वेद लिखे गए, अनेकों साहित्यग्रन्थ लिखे गये, जिसमें कई आयामों से जुड़े तथ्यों का वर्णन है । अनेकों युवा ऐसे हैं जो संस्कृतभाषा को पूरी तन्मयता से पढते हैं और साहित्य रचना में भी संलग्न हैं ।

संस्कृत भाषा के अनेक विद्वान हुए, जिन्होंने संस्कृत ग्रन्थों के आधार पर समाज को एक नयी दिशा दिलाई है । स्वामी विवेकानंद जी ने हमारी संस्कृत भाषा के आधार पर भारतीय संस्कृति को देश-विदेश तक फैलाया है तथा कहा है "उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।" अर्थात् उठो, जागो, और ध्येय की प्राप्ति तक रूको मत ।

संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार में आधुनिक काल में भी कई कवियों ने अनेक रचनाएँ लिखी हैं । पंडिता क्षमाराव संस्कृत की महान कवयित्री थी । इनके अलावा रेवाप्रसाद द्विवेदी, अभिराज राजेन्द्र मिश्र, पुष्पा दीक्षित, वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य, हर्षदेव माधव आदि अनेक संस्कृत साहित्यकार, दार्शनिक एवं वैयाकरण हैं जिन्होंने संस्कृत साहित्य में नूतन विधाओं तथा नवीन विषयवस्तु का अवतरण किया ।

संस्कृत युवा कवि ऋषिराज पाठक ने भी अनेक रचनाएँ की हैं । संस्कृत में युवाओं का योगदान रहा । कालिदास,भारवि जैसे महान कवियों का अध्ययन करते हुए युवा पीढ़ी को सामर्थ्यानुसार संस्कृत ग्रन्थों का प्रचार -प्रसार करने का प्रयास करना चाहिए ।

उद्यमेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः ॥

अतः अस्या: भाषायाः संवर्धनाय वयं सर्वदा प्रयत्नशीला: भवेम ।



स्वामिविवेकानन्दस्य युववर्गेषु प्रभावः

अंशु गुप्ता
बी ए संस्कृत विशेष
(प्रथम वर्ष)

"यस्य वाङ्मनसी शुद्धे सम्यग्गुप्ते च सर्वदा ।
स वै सर्वमवाप्नोति वेदान्तोपगतं फलम्" ॥

यस्य मनुष्यस्य वाणी मनश्च निर्मलत्वेन नियन्त्रितत्वेन च सर्वदा कार्यं करोति। स एव परमं फलं प्राप्नोति। अतः निर्मलमनसा सदा आचरणं कुर्यात्। भारतस्य महानाध्यात्मिकनेता- दार्शनिकश्च स्वामिवि-वेकानन्दस्य जीवनमेतादृशेमेवासीत् । अतः विवेकानन्दस्य विचाराणां प्रभावः अद्यापि दृश्यते।

स्वामिविवेकानन्दः युवकानां हृदये अत्यधिकप्रभावः वर्धयति। तेषां शिक्षा-आदर्शाश्च अधुनापि युवकान् प्रेरयन्ति। तैः स्वभाषणे लेखने च समृद्धराष्ट्रनिर्माणाय युवकानां योगदानविषये बलं प्रदत्तम्। तेषां मतः आसीत् यत् युवजनाः कस्यापि देशस्य भविष्यरूपाः भवन्ति। तेषु राष्ट्रस्य स्वरूपपरिवर्तनस्य सामर्थ्यं शक्तिश्च भवति।

स्वामी विवेकानन्द के अनुसार, युवा समाज का सबसे गतिशील और रचनात्मक समूह है। उनके पास असीम ऊर्जा और उत्साह है और वे अतीत के बोझ से दबे नहीं हैं। उनके पास दायरे से बाहर सोचने की क्षमता है और हमारे देश के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए अभिनव समाधान पेश करने की क्षमता है।

हालाँकि स्वामी विवेकानन्द ने यह भी माना कि युवाओं को आसानी से विचलित किया जा सकता है और भटकाया जा सकता है। लंबी अवधि के लक्ष्यों और बड़े अच्छे पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उन्हें अल्पकालिक सुख और तत्काल संतुष्टि से लुभाया जा सकता है। ऐसा होने से रोकने के लिए स्वामी विवेकानन्द ने मजबूत नैतिक मूल्यों के विकास के महत्व पर बल दिया।

स्वामी विवेकानन्द का मानना था कि युवाओं में उद्देश्य और दिशा की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उनके पास एक लक्ष्य होना चाहिए जिसके लिए वे काम कर रहे हैं, और उन्हें इसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक कड़ी मेहनत और प्रयास करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उनका मानना था कि युवाओं को जोखिम लेने और चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए और उन्हें अपनी असफलताओं और गलतियों से सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए।

स्वामी विवेकानन्द का भी मानना था कि युवाओं में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना प्रबल होनी चाहिए। उन्हें अपने देश पर गर्व होना चाहिए, और उन्हें इसकी प्रगति और विकास की दिशा में काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें अपने साथी नागरिकों के लाभ के लिए और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए अपनी प्रतिभा और कौशल का उपयोग करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

1893 में शिकागो में धर्म संसद में अपने प्रसिद्ध भाषण में स्वामी विवेकानन्द ने कहा था "मुझे एक ऐसे धर्म से संबंधित होने पर गर्व है, जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति दोनों सिखाया है। हम न केवल सार्वभौमिक सहनशीलता में विश्वास करते हैं, बल्कि हम सभी को स्वीकार करते हैं।" धर्म सत्य के रूप में मुझे ऐसे राष्ट्र से सम्बन्धित होने पर गर्व है जिसने सभी धर्मों और पृथ्वी के सभी देशों के सताए गए शरणार्थियों को आश्रय दिया है।

स्वामी विवेकानन्द की दृष्टि एक मजबूत और समृद्ध भारत की सहिष्णुता, एकता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित थी। उनका मानना था कि भारत में दुनिया के लिए आशा और प्रेरणा की किरण बनने की क्षमता है और यह युवाओं का कर्तव्य है कि वे इस दृष्टि को वास्तविक बनाएँ।

इस दृष्टि को प्राप्त करने के लिए, स्वामी विवेकानन्द का मानना था कि युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आधुनिकता और विज्ञान को अपनाना चाहिए। उनका मानना था कि आध्यात्मिक ज्ञान, वैज्ञानिक ज्ञान और सांस्कृतिक विविधता के मामले में भारत के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है और शिक्षा युवाओं की क्षमता को अनलॉक करने की कुंजी है। उनके अनुसार शिक्षा केवल ज्ञान और कौशल प्राप्त करने के बारे में नहीं होनी चाहिए, बल्कि नैतिकता और नैतिकता की एक मजबूत भावना विकसित करने के बारे में भी होनी चाहिए। शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए, भले ही उनकी सामाजिक स्थिति या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाएँ और आदर्श पूरी दुनिया में युवाओं को प्रेरित करते रहते हैं। सहिष्णुता, एकता और सामाजिक न्याय का उनका संदेश आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। एक ऐसी दुनिया में जो तेजी से विभाजित और ध्रुवीकृत होती जा रही है। इसलिए उनके विचारों और आदर्शों को युवाओं द्वारा आत्मसात किया जाए जिससे वो देश की समृद्धि में भागीदार बन सकें।

राष्ट्रनिर्माणे मम योगदानम्

रुद्र भारद्वाज
बी ए संस्कृत विशेष
(प्रथम वर्ष)

"यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किम्।
लोचनाभ्यासविहीनस्य, दर्पण किं करिष्यति" ॥

यथा नेत्रविहीनस्य जनस्य कृते दर्पणः व्यर्थः तथैव यस्य स्वयं प्रज्ञा न भवति शास्त्रं तस्य किं करिष्यति? अतः सर्वप्रथमं तु जीवने ज्ञानार्जनस्य शास्त्रज्ञानस्य च महती आवश्यकता वर्तते। राष्ट्रोन्नतिरपि अस्माकं मुख्यध्येयः भवतु। शिक्षा उन्नत्याः कुञ्जिका अस्ति।

छात्ररूपेण मम पार्श्वे पठनाय, ज्ञानप्राप्ताय पूर्णावसरः अस्ति। सः ममजीवने सफलभवितुं सहायतां करिष्यति। एतदावश्यकमस्ति यदहं स्वाध्ययनं सम्यक्रूपेण करोमि वा न। अकादमिकोत्कृष्टतायाः कृते मम प्रयासः एव महत्त्वपूर्णः अस्ति।

शिक्षा न केवल मुझे मेरे भविष्य के लिए तैयार करती है अपितु मुझे एक जिम्मेदार नागरिक बनने में भी मदद करती है,इससे मेरा समाज में योगदान रहेगा। अच्छी समझ से मैं एक प्रभावी नेता बन सकता हूँ जो समाज में एक सकारात्मक बदलाव की क्षमता विकसित करेगा।

इसके अलावा, एक युवा व्यक्ति के रूप में, सामाजिक न्याय के लिए लड़ना हो, पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना हो या समान अधिकारों की वकालत करना हो, मुझमें बदलाव लाने की शक्ति है। यह महत्वपूर्ण है कि मैं अपनी आवाज का उपयोग बेहतर भविष्य की दिशा में करूँ। सकारात्मक बदलाव का पक्षधर बनकर, मैं दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकता हूँ और अपने समाज में एक लहर पैदा कर सकता हूँ।

मुझे एक जिम्मेदार नागरिक भी होना चाहिए। मैं अपना समय स्वेच्छा से देकर स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करके राष्ट्रनिर्माण में योगदान कर सकता हूँ। ये कार्य छोटे लग सकते हैं, लेकिन इनका हमारे समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। अपने देश में मैं सहयोग की भावना को बढाकर लोगों में एकता की भावना पैदा कर सकता हूँ। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना हमारे शास्त्रों में पहले से ही निर्दिष्ट है-

"अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्" ॥

एक छात्र के रूप में, हमारे देश की प्रगति में मेरी भूमिका छोटी लग सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि मेरे पास हमारे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने का एक अनूठा अवसर है। हमारे देश के भविष्य के रूप में, यह मुझ पर निर्भर है कि मैं उस दुनिया को आकार दूँ जिसमें मैं रहना चाहता हूं और एक प्रभावी भारतीय बनना चाहता हूँ जो बदलाव ला सके।

इसके अलावा, मेरा मानना है कि प्रौद्योगिकी हमारे देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। डिजिटल युग में एक छात्र के रूप में, मेरे पास सामाजिक समस्याओं के अभिनव समाधान बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का अवसर है। नई तकनीकों का विकास करके और जलवायु परिवर्तन, गरीबी और असमानता जैसे मुद्दों को दूर करने के लिए उनका उपयोग करके, मैं हमारे समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता हूं। अन्य समान विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ काम करके, हम सहयोग कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं जिनमें दुनिया को बदलने की क्षमता है।

प्रगति एक दीर्घकालिक लक्ष्य है, और इसके लिए निरंतर प्रयास और समर्पण की आवश्यकता होती है। यह जरूरी है कि मैं अपने मूल्यों के प्रति जागरूक रहकर अपने और दूसरों के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में काम कर सकता हूँ। चुनौतियों को गले लगाकर, अपनी असफलताओं से सीखकर और कठिन समय में डटे रहकर, मैं अपने समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए दृढ़ संकल्प विकसित कर सकता हूँ। अपनी पढ़ाई को गंभीरता से लेकर, अपने विश्वास के लिए खड़े होकर प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके, मैं दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकता हूँ और हम सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य बना सकता हूँ।

युवानः स्वामिविवेकानन्दसदृशाः भवेयुः

सुमन ठाकुर
बी ए संस्कृत विशेष
(प्रथम वर्ष)

यदि पदानुसरणं कर्तुम् इच्छसि,
तर्हि विवेकानन्दम् अनुसरतु।
यदि कस्यचिद् इव भवितुम् इच्छसि,
तर्हि विवेकानन्दः इव भवतु ।।

देशभक्तिं निःस्वार्थसेवां च
शिक्षन्तु विवेकानन्दतः।
जीवनं जीवितुं इच्छन्ति यदि,
तर्हि जीवन्तु विवेकानन्दसदृशः ।।

'हे परमेश्वर ! सदा कुर्वन्तः,
निजराष्ट्रस्य सेवा।
युवा आदर्शं यदि पृच्छसि,
तर्हि विवेकानन्दं लेखिष्यामि ।।

न बहुलता वाक्यानां,
शब्दा: केवलं छन्दाः भवेयुः।
लेखनम् उन्मुक्तं भूत्वा
विवेकानन्दसदृशः भवेयुः ।।

जागरतु भारतस्य युवावर्गः,
भवन्तम् इतिहासं रचयितव्यम्।
प्राप्स्यसि अनन्तम् आनन्दम्,
केवलं सुप्तविवेकं युष्माभिः जागृतव्यम् ।।

(अनुवादित)

स्वामिविवेकानन्दः अद्यतन युवाश्च

दिनकर कुमार
संस्कृत विशेष
(तृतीय वर्ष)

अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम् ।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।

एषा उक्तिः कर्मयोगि स्वामिविवेकानन्दे चरितार्था भवति। स्वामिविवेकानन्दः महानाध्यात्मिकचिन्तकः आसीत्। तेषां सम्पूर्णजीवनं लोकहितार्थाय समर्पितमासीत्। सम्पूर्णविश्वेन तेषामुदारव्यक्तित्वस्य दर्शनं 1893 ईस्वीतमे वर्षे शिकागो-अमेरिकायां विश्वधर्मसभायां प्रदत्तभाषणेन ज्ञातवन्तः।

तेषामुद्बोधनमविस्मरणीयं भारतीयसंस्कृतेरुद्भावकः आसीत्। यदा स्वामिना धर्मसम्मेलने स्वोजस्विवक्तव्येन भाषणस्य प्रारम्भं एवं कृतम् - 'मेरे भाइयों और बहनों' तदैव सभागारः पञ्चनिमेषं यावत् करतलध्वनिना गुञ्जायमानः अभवत्।

स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी सन् 1863 ईस्वी को कोलकाता के एक सम्मानित कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके बचपन के घर का नाम वीरेश्वर रखा गया किंतु उनका औपचारिक नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। उनकी माता भुवनेश्वरी देवी ईश्वर भक्ति में पूर्ण विश्वास रखती थी, इसलिए बाल नरेंद्र नाथ की भी अध्यात्म को जानने और समझने की रुचि बढ़ती गई। शारीरिक दृष्टि से नरेंद्र हृष्ट-पुष्ट और शौर्यवान थे। वे कुश्ती,मुक्केबाजी, घुड़सवारी और तैराकी आदि कार्यों में निपुण थे। उनकी बुद्धि विलक्षण थी। स्वामी विवेकानंद बचपन से ही इस संसार को चलाने वाली सत्ता अर्थात् ईश्वर को जानने के जिज्ञासु थे, परंतु उनके मन के उलझनों को कोई भी सही ढंग से नहीं सुलझा पाया। अपने आध्यात्मिक खोज यात्रा पर निकले नरेंद्र नाथ का विचलन और तब तक दूर ना हुआ जब तक वे श्री रामकृष्ण परमहंस जी के सान्निध्य में नहीं आए। गुरु उपदेश पाकर के नरेंद्र का अज्ञान रूपी अंधकार मिट गया गुरु की कृपा से उनको आत्मसाक्षात्कार हुआ और वे अपने जीवन के उद्देश्य को जान पाए। परमहंस जी के उपदेश ने नरेंद्रनाथ के समस्त दोषों को उसी प्रकार दूर कर दिया जैसे चंद्रमा की शीतल ज्योति रात्रि के अंधकार को नष्ट कर देती है। हमारे शास्त्रों में भी गुरु वचन की महिमा का उल्लेख मिलता है। इस संबंध में महाकवि बाणभट्ट की पंक्ति उपयुक्त जान पड़ती है ।

'गुरूपदेशश्च नाम अखिलमलप्रक्षालनक्षमम् अजलं स्नानम्'

(शुकनाशोपदेश, कादंबरीकथा)

सन्यास लेने के बाद नरेंद्रनाथ, स्वामी विवेकानंद के रूप में जाने गए। गुरु के प्रति अन्य भक्ति और निष्ठा के प्रताप से स्वयं के अस्तित्व को गुरु के स्वरूप में विलीन कर सके। समग्र विश्व में भारत के अमूल्य आध्यात्मिक खजाने की सुगंध को फैला सके। उनके इस महान व्यक्तित्व की नींव में थी गुरु भक्ति,गुरु सेवा और गुरु के प्रति आदर।

स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी ही नहीं थे अपितु एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में भी उनका योगदान अमूल्य है। वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा के स्रोत बने। उनका मानना था कि एक स्वाभिमानी, चरित्रवान और स्वावलंबी व्यक्ति ही अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ सकता है और एक श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इसलिए सबको कर्म योगी बनने को कहते थे और तब तक अथक परिश्रम करने को कहते थे जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए-

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत । (कठोपनिषद्)

स्वामी जी के जीवन का प्रत्येक अध्याय प्रेरणा पुंज के रूप में रहा। 31 वर्ष की अल्पायु में ही स्वामी जी जैसे युग पुरुष का प्रभु मिलन हो गया। वर्तमान समय स्वामी जी के जन्मदिवस को पूरे भारतवर्ष में युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

युवानां प्रेरणाश्रोतः - स्वामी दयानन्द सरस्वती

राज कुमार
तृतीय वर्ष (संस्कृत विशेष)

आधुनिके भारते समाजस्य शिक्षायाश्च महान् उद्धारकः स्वामी दयानन्दः । आर्यसमाजनामकसंस्थायाः संस्थापनेन एतस्य प्रभूतं योगदानं भारतीयसमाजे गृह्यते । भारतवर्षे राष्ट्रीयतायाः बोधोऽपि अस्य कार्यविशेषः अस्ति । समाजे अनेकाः दूषिताः प्रथा: खण्डयित्वा शुद्धतत्त्वज्ञानस्य प्रचार: दयानन्दः अकरोत् ।

एतेषां जन्म द्वादशदिनाङ्के फरवरीमासे 1824 तमे वर्षे मोरबीस्थाने गुजरातप्रदेशे ब्राह्मणपरिवारे अभवत्। एतेषां पितुः नाम श्री करसन तिवारी अथ च मातुः नाम अमृतबाई आसीत्।

मूलशंकर जब पाँच वर्ष का हुआ तब उसका अध्ययन प्रारंभ हुआ। आठ वर्ष की आयु में उसका उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ। 'सन्ध्यावन्दन' के समान धार्मिक कार्य वह बालक बड़ी लगन के साथ करता था। उसकी स्मरणशक्ति तीव्र थी। चौदह वर्ष की आयु में यजुर्वेद उपनिषद् एवम् अन्य ऋचाएँ उसे कण्ठस्थ हो गई थीं।

गृहत्याग

मूलशंकर के मन में 'जीवन क्या है? मृत्यु क्या है?'- ऐसे प्रश्न घूमने लगे। वह इन प्रश्नों के उत्तर जानना चाहता था। उसमें पारिवारिक बन्धन को त्यागने की लालसा जगी। इस लक्ष्यपूर्ति हेतु मूलशंकर ने गृहत्याग कर सद्गुरु की खोज में निकलने का निश्चय किया जो उसकी जिज्ञासा का समाधान कर सके। उसकी विरक्ति माता-पिता के ध्यान में आयी। उन्हें भय था कि कहीं मूलशंकर बैरागी बनने के लिये घर छोड़कर भाग न जाये। उन्होंने शीघ्र उसका विवाह करने का निर्णय लिया । वधु का चयन भी हो गया। विवाह की तैयारियाँ की जाने लगीं। मूलशंकर ने कोई विरोध नहीं किया। इससे माता-पिता ने समझा कि उनका बेटा विवाह के लिये उत्सुक है। परन्तु मूलशंकर के मन में गृहस्थ जीवन त्यागने का दृढ़ संकल्प हो चुका था।

एक दिन संध्या काल में मूलशंकर अपने घर से बाहर आकर अपने सुन्दर भवन की ओर कुछ क्षण देखता रहा। उसने विचार किया कि " मैं पुनः कभी भी इस घर में कदम न रखूंगा " , इसके पश्चात वह आगे बढ़ गया ।तब मूलशंकर की आयु केवल 21वर्ष थी।

गुरु की खोज

गृह त्याग के बाद, मूलशंकर ने गुरु की तलाश में अहमदाबाद, कानपुर और काशी की यात्रा जारी रखी। मूलशंकर ने कई स्थानों की यात्रा की और 14 नवंबर को मथुरा पहुंचे वहां उनकी मुलाकात बिरजानंद दंडिश से हुई। उन्होंने बिरजानन्द दंडिशा से ज्ञान प्राप्त किया।

अपने गुरु के आदेश पर, वे वैदिक ज्ञान के प्रसार के लिए यात्रा पर निकल पड़े।

स्वामी जी का कथन था - वेदों की ओर लौटो।

आर्यसमाज की स्थापना

स्वामी दयानन्द चाहते थे कि उनके सामाजिक सुधारों का कार्य उनकी मृत्यु के बाद भी चलता रहे। इसीलिए 10 अप्रैल 1875 को बम्बई में उन्होंने 'आर्यसमाज' की स्थापना की। इस संस्था के कार्यकलाप भारत में तथा विदेश में भी फलीभूत हुये। धीरे-धीरे यह संस्था बढ़ती गयी जिसका विस्तार भारत के बाहर भी हुआ। लाखों हिन्दू आर्यसमाज से प्रभावित हुए। अपने धार्मिक केंद्र, गुरुकुल, पाठशालाएँ. महाविद्यालय, महिला शिक्षण संस्थाएँ, अनाथालय एवम् महिलाश्रमों के सफल संचालन तथा समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में आर्यसमाज ने प्रशंसनीय भूमिका निभाई है।

सत्यार्थ प्रकाश

'सत्यार्थ प्रकाश' स्वामी दयानन्द की एक अनमोल देन है। इस महान ग्रंथ में १५ अध्याय हैं। इसमें वेदों का सत्यार्थ दिया है। इसीलिये उसे 'सत्यार्थ प्रकाश' कहा गया है जो पूर्णरूपेण वेदों पर आधारित है। इस ग्रंथ में स्वामी दयानन्द के सभी उपदेश सुस्पष्ट रीति से समझाये गये हैं। उन्होंने दर्शाया कि उनके उपदेशों का आधार वेद ही हैं।

स्वातंत्र्य -प्रेम

स्वामी दयानन्द का राष्ट्रप्रेम केवल शाब्दिक नहीं था। वह एक कर्मयोगी थे, साहसिक कार्य करने वाले व्यक्ति थे। 1857 का स्वातंत्र्य-समर असफल रहा। 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ। 1857 की असफलता से कांग्रेस की स्थापना तक भारतीयों के दिल में स्वातंत्र्य -प्रेम जीवित रखने वाले महापुरुषों में स्वामी दयानन्द निश्चित रूप से अग्रणी थे। उन्होंने भारत-भ्रमण करते हुये विभिन्न राजपुत्रों को एक जगह लाने का पूरा प्रयास किया। इसीलिये जोधपुर, उदयपुर और शाहपुर आदि स्थानों पर आर्यसमाज की शाखाएं स्थापित की। अनेक राजपुत्र उनके शिष्य बने। भारत से अंग्रेज़ो को खदेड़ने के लिये केवल सशस्त्र – क्रान्ति ही एक मार्ग है, यह स्वामी दयानन्द की

पक्की धारणा बन गई थी। इसीलिये उन्होंने सुपरिचित क्रान्तिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा को प्रेरणा तथा प्रशिक्षण पाने हेतु फ्रांस भेजा।

आर्यसमाज तथा गुरूकुलों में राष्ट्रभक्तों को सशस्त्र क्रांति के लिए मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण मिलता रहा। स्वामी श्रद्धानंद,भाई परमानन्द,लाला लाजपतराय और लाला हरदयाल जिन्होंने अंग्रेजों को देश से बाहर फौंकने के लिये जीवन -भर संघर्ष किया,वे सभी आर्यसमाजी थे। सुप्रसिद्ध युवा क्रान्तिकारी गेन्दालाल दीक्षित, रोशनलाल और रामप्रसाद बिस्मिल आदि सभी स्वयं को आर्यसमाजी कहने में गौरव का अनुभव करते थे।

महिला सशक्तिकरण

स्वामी दयानन्द सदैव एक ऐसे समाज के निर्माण के पक्षधर रहे जिसमें महिलाओं की पुरुषों के समान अधिकार व भूमिका का समावेश रहे। दयानन्द मानते थे कि अस्पृश्यता हमारे समाज के लिए भीषण अभिशाप है। प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान व स्नेह मिलना चाहिये, चाहे उसकी जाति, समुदाय कुछ भी हो।

शिक्षा के अभाव के कारण कोई राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता. यह दयानन्द भली-भाँति समझते थे। वह पाश्चात्य शिक्षा पद्धति के अन्धाधुंध अनुकरण के विरुद्ध थे। उनकी दृष्टि में भारतीय मूल्यों व वैदिक सिद्धान्तों के आधार पर शिक्षा नीति का निर्माण करना ही श्रेयस्कर है जिसमें व्यक्ति का सर्वागीण विकास हो। आठ वर्ष की आयु वाले प्रत्येक बालक-बालिका को बिना सामाजिक भेदभाव के अनिवार्य रूप गुरुकुल से में भेजना चाहिये, जहाँ वे गुरू के साथ रहें। बालकों तथा बालिकाओं के लिए अलग-अलग गुरुकुल हों।

कर्मसिद्धान्तः श्रीमद्भगवद्गीतायाः आलोके

डॉ. तरुण कुमार दीप
(संस्कृत -विभाग)

मानवेन क्रियमाणं कार्यं एव कर्म इति कथ्यते । कर्म त्रिविधा भवति। शारीरिकं, मानसिकं वाचिकं च । शरीरमाध्यमेन क्रियमाणं कार्यं शारीरिककर्म, मनसा क्रियमाणं कार्यं मानसिकं कर्म, वाचा क्रियमाणं कार्यं वाचिककर्म इति कथ्यते। श्रीमद्भगवद्गीतां कर्मण: विस्तृतरूपेण वर्णनं अस्ति। कर्मण:सिद्धान्तं नियमं वा कर्मसिद्धान्त: इति कथ्यते। राष्ट्रस्य निर्माणे यूनां महती भूमिका वर्तते अस्मात् करणात् तै:विचिन्त्य एव स्वधर्मस्य पालनं करणीयम् ।

कर्म सिद्धान्त का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं में किया जा सकता है -

1. कर्म की अनिवार्यता

मनुष्य को सदैव कर्म करना पड़ता है क्योंकि प्रकृति के तीनों गुण मनुष्य को कर्म करने के लिए सदैव बाध्य करते रहते हैं। कर्म न करना यह मनुष्य का अधिकार नहीं है। कर्म करना ही है इसलिए मनुष्य को सदैव सात्विक कर्मों को ही करना चाहिए। गुणों के अनुसार ही व्यक्ति कर्म करता है।गीता में कहा गया है –

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।

कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥3.5

जीवन के निर्वाह के लिए कर्म की अनिवार्यता है क्योंकि बिना कर्म के जीवन का निर्वाह नहीं हो सकता है-

नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः।

शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्धयेदकर्मणः ॥3.8

यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह किस प्रकार के कर्मों को करता है। ज्ञानी व्यक्ति सदैव सात्त्विक कर्म को करते हैं।

2. कर्मानुसार फलप्राप्ति

व्यक्ति जीवन में जिस का प्रकार के कर्मों को करता है उसे उसी प्रकार फल की प्राप्ति भी होती है। शुभ कर्म करने पर शुभ फल की प्राप्ति, अशुभ कर्म करने पर अशुभ फल की प्राप्ति होती है। कहा भी गया है-

कर्मणः सुकृतस्याहुः सात्त्विकं निर्मलं फलम् ।
रजसस्तु फलं दुःखमज्ञानं तमसः फलम् ॥14.16
अवश्यमेव भोक्तव्यम कृतं कर्म शुभाशुभम्' ।

व्यक्ति कर्म करे उसका फल उसे प्राप्त न हो, ऐसा संभव नहीं है। कई बार व्यक्ति को किए गए कर्म का फल शीघ्र नहीं मिलता है इस कारण व्यक्ति यह मान लेता है कि उसे कर्म का फल नहीं मिला। यह उचित नहीं है जो भी कर्म मनुष्य करता है उसे उसका फल अवश्य भोगना पड़ता है। यह कर्म का सिद्धांत है । इस नियम को ध्यान में रखकर सदैव सात्विक कर्मों को करना चाहिए तभी मनुष्य अपने मानवीय जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो सकता है ।

3. कर्मानुसार शरीरप्राप्ति

व्यक्ति को अगले जन्म में कौन सा शरीर प्राप्त होगा, यह भी व्यक्ति के कर्म निर्धारित करते हैं। सात्त्विक कर्म करने पर मनुष्य शरीर की प्राप्ति होगी। तामसिक कर्म को करने पर उसे पशु,पक्षी आदि शरीर की प्राप्ति होती है । व्यक्ति की कर्म में प्रवृत्ति गुणों के अनुसार होती है। जैसे गुण होंगे वैसे कर्म व्यक्ति करेगा और जैसे कर्म करेगा उसे वैसे ही शरीर की प्राप्ति भी होगी। गीता में उपदिष्ट है –

पुरुषःप्रकृतिस्थो हि भुङ्क्तेप्रकृतिजान्गुणान् ।
कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु ॥13.21

व्यक्ति यदि यह चाहता है उसे अग्रिम जन्म में मनुष्य शरीर की प्राप्ति हो तो उसे सात्विक कर्मों को करना चाहिए।

4. कर्म से उन्नति व अवनति-

कर्म से ही व्यक्ति की उन्नति व अवनति होती है। यदि व्यक्ति अपने जीवन में उत्कृष्ट कर्मों को करेगा तो वह देवत्व का प्राप्त करता है, और इसके विपरीत यदि व्यक्ति तामसिक, अधार्मिक कर्मों को करेगा तो उसकी अवनति होती है –

ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्त्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः ।
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्तितामसाः ॥14.18

जीवन में व्यक्ति जिस प्रकार के कर्मों को करता है उसको वैसे ही फल की प्राप्ति होती है । अत: व्यक्ति को अपने जीवन में सदैव शास्त्रोक्त कर्मों को ही करना चाहिए । शास्त्रोक्त कर्मों को करने पर ही व्यक्ति जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। सात्त्विक , ज्ञानी व्यक्ति सात्विक कर्मों करते हुए देवत्व को प्राप्त करते हैं। मूर्ख अज्ञानी व्यक्ति पाप-कर्मों को करते हुए निरंतर अधोगति को प्राप्त करते हैं। कर्म वह मार्ग है जिससे व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

5. सकाम कर्म से बन्धन

फल की कामना करके जो कर्म किए जाते हैं उन कर्मों को सकाम कर्म कहा जाता है।सकाम कर्मों को करने से व्यक्ति को बंधन में बंधना पड़ता है-

युक्तःकर्मफलं त्यक्त्वा शान्तिमाप्नोति नैष्ठिकीम् ।
अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते ॥5.12

मनुष्य अच्छे कर्म को करता है फिर उसका फल को प्राप्त करने के लिए उसे जन्म लेना पड़ता है। फिर जन्म मिलता है, इस प्रकार वह मृत्यु और जन्म इस बंधन में बंधा रहता है, उसे कभी भी मुक्ति की प्राप्ति नहीं होती है इसिलिए गीता में कहा गया है व्यक्ति को निष्काम कर्म करना चाहिए। निष्काम कर्म को करते हुए ही व्यक्ति मुक्ति को प्राप्त कर सकता है। निष्काम कर्म करने से वह बंधन में नहीं बंधता है। जैसा कि गीता में कहा गया है –

ब्रह्मणि आधाय कर्माणि संगम् त्यक्त्वा करोति यः ।
लिप्यते न सः पापेन पद्मपत्रम् इव अम्भसा ॥5.10

6. गुणानुसार कर्म में प्रवृत्ति

जिस प्रकार के व्यक्ति के अन्दर गुण होते हैं व्यक्ति उसी प्रकार के कर्मों को करता है। तीनों गुणों का अपना भिन्न-भिन्न स्वभाव होता है। यदि व्यक्ति के अंदर सात्त्विक गुण होगा तो व्यक्ति सात्त्विक कर्मों को करेगा।धार्मिक कर्मों में व्यक्ति का मन लगेगा। व्यक्ति भौतिक उन्नति के साथ आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी प्रयास करेगा। यदि व्यक्ति के अन्दर रजो गुण होगा तो व्यक्ति सांसारिक कर्मों को ही करेगा, वह हमेशा भौतिक उन्नति के लिए प्रयासरत रहेगा। यदि व्यक्ति के अन्दर तमो गुणों की अधिकता होगी तो व्यक्ति अधार्मिक कार्यों को करेगा। तमोगुणी व्यक्ति आलसी, प्रमादी होते हैं। गीता में कहा गया है -

सत्त्वं सुखे सञ्जयति रजः कर्मणि भारत ।
ज्ञानमावृत्य तु तमः प्रमादे सञ्जयत्युत ॥14.9

गुणों के सुधार के लिए व्यक्ति को खान- पान पर विशेष ध्यान रखना चाहिए क्योंकि खान-पान के अनुसार व्यक्ति में गुण होते हैं ।इसलिए युवाओं को भी सात्त्विक अन्न का ग्रहण करना चाहिए क्योंकि उत्तम गुण होंगे तभी हम अपने जीवन में उत्तम कर्मों को कर पायेंगे। उत्तम कर्मों को करने से ही मानव जीवन का कल्याण हो सकता है।

7. कर्मफल की अनिवार्यता

व्यक्ति जीवन में जो भी कर्म करता है उसका फल उसे अवश्य भोगना पड़ता है। व्यक्ति कर्म करे और उसे उसका फल प्राप्त न हो यह संभव नहीं है। कर्म फल के प्राप्ति में कर्म के पीछे की भावना भी निमित्त बनती है। उदाहरण के लिए जैसे किसी को रुलाना पाप है लेकिन जब कोई माता अपने शिशु को साबुन से नहलाती है तब शिशु बहुत रोता है। यहाँ पर माता की भावना गलत नहीं है वह बच्चे को स्वच्छ, स्वस्थ रखने के लिए नहलाती है। उसका उद्देश्य बच्चे को कष्ट देना नहीं है अतः उसको इस कर्म का अनुचित फल प्राप्त नहीं होगा ।कभी कर्म का फल शीघ्र मिल जाता है तो कभी कर्म का फल विलम्ब से मिलता है। किन्तु यह निश्चित है कर्म का फल अवश्य मिलता है ।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता हैं कर्म के सिद्धान्त को कर्मसिद्धान्त कहा जाता है। कर्म के अनेक सिद्धान्त हैं । कर्म सबको करना पड़ता है। कर्म का फल अवश्य प्राप्त होता है। कर्म का फल कभी शीघ्र मिलता है कभी कर्म का फल विलम्ब से मिलता है। कर्मानुसार व्यक्ति को शरीर की प्राप्त होती है। गुणों के अनुसार कर्म में व्यक्ति की प्रवृत्ति होती है। कर्म से ही व्यक्ति जीवन में उन्नति एवं अवनति को प्राप्त करता है। सकाम कर्म बन्धन का कारण बनता है। निष्काम कर्म को करने से व्यक्ति कर्मफल के बन्धन से लिप्त नहीं होता है।

गुणत्रयस्य स्वरूपः प्रभावश्च (गीतायाः आलोके)

डॉ. कुलदीप सिंह
(संस्कृत विभाग)

सृष्टिकाले जीवस्य संयोगः त्रिगुणैः सह भवति। अवसरेऽस्मिन् शुद्धचैतन्यम् आत्मतत्त्वं स्वरूपेण मुक्तोऽपि गुणत्रयाणां संसर्गात् जीवत्वभावमाप्नोति। ते च गुणाः - सत्त्व-रजस्-तमसिति। सत्त्वं लाघवधर्मयुक्तं प्रकाशकञ्च। रजः प्रवृतिप्रयोजकम्। तमः गुरुत्वधर्मयुतम्। एषां गुणत्रयाणां स्वरूपमेव स्वात्मरूपमिति मत्वा कोऽपि जीवः अज्ञानवशादेव सुख-दुःखमनुभवति। अतः एषां गुणत्रयाणां प्रभावः कस्यापि मानवस्य चित्ते भवत्येव। यस्य मानवस्य चित्ते यस्य गुणस्याधिक्यं वर्तते, तदनुसारमेव तस्य संज्ञा अर्थात् सत्त्वगुणस्योद्रेकात् सतोगुणी, रजोगुणबाहुल्यात् रजोगुणी, तमोगुणस्याधिक्यात् तमोगुणी इति। गीतायां सत्त्वगुणस्य विकासाय प्रभूतं बलं दत्तम्। सत्त्वगुणस्य रूपद्वयम्- मलिनं शुद्धञ्च। मलिनसत्त्वगुणाधिक्यस्य प्रभावात् देहधारी जीवः लौकिकान् विषयान् स्पष्टतया अवगच्छति, तेषु विषयेषु अहं-ममत्वापि प्रकटयति च। तदेव मलिनसत्त्वं अभ्यासवैराग्यभ्यां यदा स्वस्मिन् विशुद्धावस्थायामागच्छति तदैव कल्याणमार्गहेतुः।

प्रकृति सत्त्व, रजस् एवं तमस् को उत्पन्न करती है। प्रकृति के तीनों गुण विभु हैं अर्थात् प्रत्येक वस्तु में पाये जाते हैं । ये तीनों क्रमशः सुख , दुःख और मोहस्वरूप हैं। सत्त्व का स्वभाव प्रकाश है । रजस् प्रवृत्त करने में समर्थ है इसलिए इसका स्वभाव क्रिया है । तमस् रोकने वाला है इसलिए इसका स्वभाव स्थिति है। ये तीनों गुण परिणामशील हैं । परिणाम का अर्थ है- "अवस्थान्तरापत्ति" अर्थात् पहले धर्म को छोड़कर किसी दूसरे धर्म को ग्रहण करना। जब तक ये तीनों गुण समानरूप में विद्यमान रहते हैं तब तक प्रकृति परिणत नहीं होती अर्थात् प्रकृति साम्यावस्था में स्थित रहती है, परन्तु जैसे ही इन तीनों गुणों का संतुलन बिगड़ जाता है वैसे ही प्रकृति में परिणाम आरम्भ हो जाता है और विकृति प्रारम्भ हो जाती है । परिणमित होने पर यह प्रकृति विचित्रात्मक जगत् का रूप धारण कर लेती है।

सत्त्वगुण-

तत्र सत्त्वं निर्मलत्वात्प्रकाशकमनामयम्।
सुखसङ्गेन बध्नाति ज्ञानसङ्गेन चानघ ॥14.6॥

अर्थात् सत्त्वगुण प्रकृति का सर्वश्रेष्ठ गुण है। सत्त्वगुण निर्मल होने के कारण प्रकाशक एवं आरोग्यकर होता है। यह ज्ञान को उत्पन्न करता है, मनुष्य को सुख एवं ज्ञान की आसक्ति से बांधता है। मन को शुभ कर्मों की ओर प्रवृत्त करता है। ज्ञान, प्रकाश, शांति, विवेक आदि इसके लक्षण हैं। यह आत्मतत्त्व का भी बोधक है। सत्त्वगुण की प्रधानता वाले व्यक्ति या पदार्थ को सात्त्विक कहा जाता है।

रजस् गुण-

रजो रागात्मकं विद्धि तृष्णासङ्गसमुद्भवम्।
तन्निबध्नाति कौन्तेय कर्मसङ्गेन देहिनम् ॥14.7 ॥

अर्थात् रजोगुण तृष्णा के प्रति आसक्ति होने के कारण उत्पन्न होता है। इसके लक्षण चंचलता और भोग-विलासिता हैं। रजोगुण प्रकृति का वह गुण है जो मनुष्य को कर्मों और फल की आसक्ति से बांधता है। रजोगुण का प्राधान्य होने पर देहधारियों में लोभ, प्रवृत्ति, कर्मों का आरम्भ, स्पृहा एवं अशान्ति उत्पन्न होती है। रजोगुण की प्रधानता वाले व्यक्ति या पदार्थ को राजसिक कहते हैं।

तमस् गुण-

तमस्त्वज्ञानजं विद्धि मोहनं सर्वदेहिनाम्।
प्रमादालस्यनिद्राभिस्तन्निबध्नाति भारत ॥14.8 ॥

अर्थात् तमोगुण अज्ञान से उत्पन्न होता है। यह मनुष्य को प्रमाद , गर्व , मोह, आलस्य एवं निद्रा से बांधता है। तमोगुण का प्राधान्य होने से देहधारी जीव पापकर्मों की ओर प्रवृत्त होता है। तमोगुण की प्रधानता वाले व्यक्ति या पदार्थ को तामसिक कहते हैं।

प्रत्येक मनुष्य में उक्त तीनों गुणों की स्थिति रहती है। मनुष्य में रजोगुण और तमोगुण के दबने पर सत्त्वगुण बढ़ने लगता है और जब वह मनुष्य सत्त्वगुण और तमोगुण को दबाने में समर्थ होता है, तो उसमें रजोगुण बढ़ता है। इसी प्रकार सत्त्वगुण एवं रजोगुण के दबने पर तमोगुण में वृद्धि होती है। मनुष्य में जिस गुण का प्राचुर्य होता है उस गुणाधिक्य के आधार पर उसे सतोगुणी, रजोगुणी या तमोगुणी कहते हैं।

आत्मप्रबन्धन की प्रक्रिया में सत्त्वगुण की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। "आत्मनः प्रबन्धनम् इति आत्मप्रबन्धनम्" । "आत्म" शब्द के दो अर्थ हैं- प्रथम; अन्तःकरण तथा द्वितीय; आत्मतत्त्व। अन्तःकरण को सुनियोजित करने, सुव्यवस्थित करने, नियन्त्रित करने या निर्मल करने की प्रक्रिया "आत्मप्रबन्धन" है और निर्मल हुए अन्तःकरण द्वारा परमात्मतत्त्व में सायुज्य प्राप्त करना ही आत्मप्रबन्धन का फल है।

मनुष्य अपने चित्त में सत्त्वगुण का विकास करके अपने जीवन को सफल बना सकता है। सत्त्वगुण का उद्रेक मनुष्य में ज्ञान, प्रकाश, लघुत्व, सन्तोष, तितिक्षा, शुचिता, सुख, अहिंसा, क्षमा, दया, मैत्री, स्नेह, विवेक, धैर्य, प्रसन्नता, शान्ति, अहिंसा, अनुशासन, सत्यनिष्ठा, कर्तव्य-परायणता, संतोष, शुचिता, समता, सहिष्णुता आदि दिव्य गुणों की प्राप्ति करवाने में सहायक होता है। सत्त्व की प्रधानता के कारण मनुष्य की केवल सत्कर्मों में ही प्रवृत्ति होती है। सत्त्वगुणी व्यक्ति दुष्कर्मों एवं उनसे होने वाले दुष्परिणामों से स्वयं को सुरक्षित कर लेता है। वह अपने मन एवं शरीर में संतुलन बनाने में भी समर्थ होता है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से संतुलित व्यक्ति आधि एवं व्याधि से स्वयं को सुरक्षित कर लेता है।

सत्त्वगुण मनुष्य को केवल सुखानुभव ही प्रदान नहीं करता अपितु इसका एक विशिष्ट लाभ यह है कि यह साधना आदि के द्वारा जब अपने विशुद्ध स्वरूप में आ जाता है तब यही आत्मसाक्षात्कार का हेतु भी बनता है। सत्त्वगुण की विशुद्ध अवस्था को प्राप्त हो जाने की परिस्थिति में मनुष्य विवेकज्ञान से युक्त हो जाता है। अतः सत्त्वगुण के द्वारा मनुष्य केवल अपना कल्याण ही नहीं करता अपितु लोककल्याण एवं परहित के भाव से भावित भी रहता है। अतः सत्त्वगुणी बनने का प्रयत्न करना चाहिए।

इसके विपरीत रजोगुण मनुष्य के अन्तःकरण को चंचलता, भोग-विलासिता, द्वेष, उत्तेजना, उत्साह, आशा, महत्त्वाकांक्षा, प्रचण्ड-कर्मठता, असन्तोष, अशान्ति, काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं अहंकारादि दोषों से दूषित कर देता है। जिसके परिणामस्वरूप उसका दैनिक जीवन दुःख एवं कलेश से परिपूर्ण हो जाता है। रजोगुण के अत्यधिक चंचल होने के कारण उसका चित्त भी अत्यधिक चंचल बना रहता है। उसके विचार प्रतिक्षण परिवर्तित होते रहते हैं। संकल्प-विकल्प के कुसंग में पड़कर वह द्वन्द्व से घिरा रहता है। परिणामस्वरूप उसका मन निरन्तर शान्त नहीं रह पाता।

तमोगुण का प्राधान्य होने पर मनुष्य का शरीर भारी हो जाता है। वह आलस्य, निद्रा, गुरुत्व, उदासी, अनवधान, अकर्मण्यता, अविवेक एवं प्रमाद आदि विभिन्न तामसिक दुर्गुणों को प्राप्त करता है। तमोगुण के बढ़ने पर अज्ञान भी बढ़ता है और अज्ञानवश व्यक्ति कुकर्म एवं पापाचरण में संलिप्त हो जाता है। अतः रजस् एवं तमस् की निवृत्तिपूर्वक सत्त्वगुणी बनने का प्रयत्न करना चाहिए।

निष्कर्षतः कह सकते हैं कि रजस् एवं तमस् मनुष्य को दुःख एवं क्लेश से बांधते हैं, जबकि सत्त्वगुण ही सर्वोत्कृष्ट गुण है जिसका विकास कर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक एवं सफल बना सकता है। अतः मनुष्य को सदैव सत्त्वगुण के विकास हेतु प्रयत्नशील रहना चाहिए। अभ्यास, वैराग्य एवं सात्त्विक-आहार आदि के द्वारा सत्त्वगुण का विकास सम्भव है।

राष्ट्रनिर्माणे युववर्गेषु गुणानामाधानमावश्यकम्

डॉ. योगेश शर्मा
(संस्कृत विभाग)

राष्ट्रम् एकं निश्चितं स्थानमस्ति यत्र वयं निवसामः, स्वजीविकायापनञ्च कुर्मः। एतत् स्थानं यदि सुरक्षितं न भवेत् तर्हि वयं सर्वे अत्र निवासं कृत्वा स्वेच्छानुसारेण स्वावश्यकतायाः वस्तूनां पूर्तिः कथं कर्तुं शक्नुमः? अतः अस्य स्थानस्य रक्षणार्थं, निर्माणार्थं, समृद्ध्यर्थं च सम्पूर्णदायित्वं मुख्यरूपेण राष्ट्रस्य युवजनानां स्कन्धोपरि भवति। राष्ट्रनिर्माणे युवजनानां योगदानेनैव राष्ट्रः उन्नतिपथे अग्रेसरति। भारतराष्ट्रस्य महत्वमभिलक्ष्य विष्णुपुराणे कथितम् -

गायन्ति देवाः किलगीतकानि,
धन्यास्तुते भारतभूमिभागे।
स्वर्गापवर्गास्पदमार्गभूते,
भवन्तिभूयः पुरुषाः सुरत्वात्॥ (विष्णु पुराण 2/3/24)

देवा अपि भारतभूम्यां मनुष्यरूपेण स्वेच्छया अवतरन्ति अथ च अस्य भारतभूमेः मुक्तकण्ठेन गुणगानमपि कुर्वन्ति। अतः अस्माकं देशः पुण्यशाली, पवित्रः, धन्यश्चास्ति। वयं सर्वे धन्याः स्मः यतो हि अत्र अस्माकं जन्म अभवत्। समुद्रस्य उत्तरे अथ च हिमालयस्य दक्षिणे यद्देशमस्ति तस्य नाम भारतमस्ति। तस्य नागरिकाणां नाम भारती अस्ति। एतत् विष्णुपुराणे कथितमस्ति -

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।

वर्षं तद्भारतं नाम भारती यत्र संततिः॥ (विष्णु पुराण 2/3/1)

भारत में जन्म लेने वाला प्रत्येक मनुष्य श्रेष्ठ होना चाहिए और हो भी क्यों न? क्योंकि हम सभी आर्य संतान हैं। आर्य का अर्थ ही श्रेष्ठ होता है अतः यहां के प्रत्येक निवासी का कर्तव्य है कि वह श्रेष्ठ आचरण करे।

राष्ट्र एक निश्चित भूभाग है जिसमें हम रहते हैं। यह स्थान यदि सुरक्षित ना हो तो हम सभी अपनी इच्छानुसार इसमें निवास करके अपनी आवश्यकता की वस्तुओं की पूर्ति नहीं कर सकते हैं। अतः इस स्थान की रक्षा, निर्माण व समृद्धि का दायित्व मुख्य रूप से राष्ट्र के युवाओं के कंधों पर ही होता

है। राष्ट्र के निर्माण में युवाओं के योगदान के कारण ही राष्ट्र उन्नति के पथ पर आगे बढ़ता है। जिस राष्ट्र के युवा शिक्षित, जागरुक, सशक्त, बुद्धिमान, ताकतवर व सजग होते हैं वही राष्ट्र उन्नति करके संपूर्ण विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाता है। प्राचीन काल से ही हमारे भारत राष्ट्र के उत्थान में अनेक युवा विद्वानों, युवा ऋषि - मुनियों, युवा ऋषिकाओं, युवा कारीगरों, युवा वीरों व युवराजों का एक विशेष महत्व रहा है जिसमें उन्होंने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। जैसे - श्रीराम, लक्ष्मण, कृष्ण, अर्जुन, भरत, प्रहलाद, मार्कण्डेय, चाणक्य, विवेकानंद, विरजानन्द, स्वामी दयानन्द, रानी लक्ष्मी बाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, तांत्या टोपे, राजगुरु, सुखदेव, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस इत्यादि अनेकों अनगिनत महापुरूषों, महान् विचारकों, महावीरों व समाजसुधारकों ने सामाजिक,राजनैतिक और धार्मिक रूप से समृद्ध व शक्तिशाली राष्ट्र के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दिया है। ये सभी महान पुरुष पहले युवा ही थे इन युवाओं ने अपने युवावस्था काल में अकल्पनीय एवं महत्वपूर्ण कार्य किये जिसके कारण इन सभी को आज भी हम सभी श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं।

इन सभी महापुरुषों से युवाओं को कुछ शिक्षा लेनी चाहिए और अवश्य ही अपने जीवन में, व्यवहार में उतारनी चाहिए। युवाओं में कुछ गुणों का होना आवश्यक है जैसे कि शिक्षा, स्वाध्याय, संतोष, सत्संगति, परिश्रम, समयपालन, तप, ईश्वरप्रणिधान, सेवा भाव व राष्ट्र प्रथम इस प्रकार के गुणों व भावों को यदि यहां के युवा अपने मन मस्तिष्क में रखकर जीवन में उतारेंगे तो भारत निश्चय ही पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाएगा। यहां हम इसी प्रकार के कुछ गुणों की चर्चा करने जा रहे हैं जिससे युवाओं में मजबूती और दृढ़ इच्छा शक्ति पैदा होगी।

श्रेष्ठ आचरण हेतु युवाओं को शिक्षित होना आवश्यक है क्योंकि एक शिक्षित युवक को ही उसके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ज्ञान होता है। तभी वह सही व गलत में अंतर करके सत्य का साथ देकर उसे स्थापित करने में अपना योगदान दे सकता है। यदि वह शिक्षित ही नहीं होगा तो उसे कोई भी मुर्ख बनाकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर सकता है। हमारे यहां विद्या अध्ययन को बहुत महत्व दिया गया है विद्या ही है जिससे विनम्रता व योग्यता आती है। विनम्रता से पात्रता, पात्रता से धन, धन से धर्म व अंततः धर्म से सुख की प्राप्ति होती है। अतः यदि युवा अलौकिक व पारलौकिक सुख की इच्छा रखते हैं तो विद्या की प्राप्ति को महत्त्व देकर, सुखों का त्याग करके, उसे प्रयत्न पूर्वक प्राप्त करने का पूर्ण प्रयास करना चाहिए। कहा गया है-

विद्या ददाति विनयं विनयाद्याति पात्रताम् ।
पात्रत्वाद्धनमाप्नोति धनाद्धर्मः ततः सुखम् ॥ (हितोपदेश 1.22)

सभी युवाओं को स्वाध्याय पर अधिक बल देना चाहिए क्योंकि स्वाध्याय से ही ज्ञान में वृद्धि होती है व ज्ञान दृढ़ भी होता है। इससे शिक्षा भी आती है और उसकी योग्यता भी बढ़ती है। इससे सभी प्रकार के कार्यों की सिद्धि होती है। वह ठीक प्रकार से सुख शांतिमय अपना जीवन यापन कर सकता है। इसमें ध्यान रखने वाली बात यह है कि स्वाध्याय से प्रमाद नहीं करना चाहिए। यदि उसने आलस्य किया तो वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति से भटक जायेगा। अतः युवाओं के लिए स्वाध्याय नियमपूर्वक होना चाहिए। तैत्तिरीय उपनिषद् में कहा गया है -

स्वाध्यायान्मा प्रमदः । (तैत्तिरीयोपनिषद्, शिक्षावल्ली, अनुवाक् 11/1)

शुकनासोपदेश में विद्वान् राजगुरु शुकनास अपने राजा तारापीड़ के बेटे युवराज चन्द्रापीड़ के राज्याभिषेक के समय दिए गए उपदेश में कहते हैं -

गर्भेश्वरत्वमभिनवयौवनत्वमप्रतिमरूपत्वमानुषशक्तित्वञ्चेति महतीयं खल्व-नर्थपरम्परा। सर्वाविनयमानामेकैकमप्येषामायतनं किमुत समवायः । (शुकनासोपदेश, कादंबरीकथामुख)

शुकनास चन्द्रापीड़ को राज्याभिषेक से पहले युवराज के पद पर बिठाने के लिए सबसे पहले उसे उपदेश देते हुए कहते हैं कि तुम पहले से ही सभी शास्त्रों के ज्ञाता हो फिर भी तुम उपदेश देने योग्य हो। क्योंकि ज्ञानी व समझदार युवक के भी युवावस्था में भटकने व पतित होने के अनेक कारण होते हैं पर तुम तो राजकुमार बनने वाले हो अतः तुम्हें तो और अधिक सावधानी रखने की आवश्यकता है।

वस्तुतः अच्छे व धनी परिवार में जन्म लेना, युवावस्था का प्रारम्भ, अद्वितीय सुन्दरता और अलौकिक शक्ति सम्पन्नता आदि सभी, गुणों की श्रेणी में आते हैं परन्तु इनमें से एक गुण का दुरुपयोग करने से भी युवा मनुष्य का पतन हो सकता है। फिर यदि इनमें से कोई भी दो गुण एक साथ एक युवक में आ जाएँ और यदि वह अहंकारी होकर उनका अनियमित आचरण करे तो उसका पतन अधिक शीघ्र होगा। और यदि इनमें से सभी गुण यदि एक ही युवक के पास आ जाएँ तो कहना ही क्या? फिर तो यदि उसने स्वयं को सम्भालकर नहीं रखा तो उसके पतित होने का प्रतिशत और बढ जायेगा जिससे

वह निंदा का पात्र बन जायेगा। विशेषकर युवावस्था में पतन करने वाले कारणों और अनिष्टों से बचना चाहिए। अतः युवाओं को स्वोत्थान के लिए अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

हमारे देश में प्राचीन काल से ही युवाओं की शक्ति रही है। यदि युवा नहीं होते तो हम अंग्रेजों से स्वतंत्रता कैसे पाते? हमने युवाओं के कारण ही विदेशी आक्रांताओं बर्बर विदेशी जातियों, कबीलों से साहसपूर्वक सामना करके उन्हें रणभूमि में परास्त करके यहां से भगाया। युवाओं की शक्ति के कारण ही समाज में अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए जिसके कारण भारत उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। राम मंदिर के निर्माण में भी युवाओं का अतुलनीय योगदान है। जिसे कभी बुलाया नहीं जा सकता है। युवा ही वह शक्ति है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। अच्छा और गुणी नागरिक ही समाज व राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जा सकता है। किसी ने सही कहा है- युवा ऊर्जा से भरी नदी के समान है जिसके प्रवाह को एक सही दिशा दिखाने व मार्ग प्रदर्शन करने की आवश्यकता है।

इसी प्रकार के विचारों को ध्यान में रखकर स्वामी विवेकानन्द ने युवाओं के पथ - प्रदर्शन हेतु प्रेरणास्पद अमृत वचन कहा था - उठो, जागो और जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो तब तक रुको मत।

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्यवरान्निबोधत। (कठोपनिषद् 1/3/14)

स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने युवाओं को जागृत किया व प्रेरणा भी दी इसीलिए वो युवाओं के प्रेरणा स्रोत माने जाते हैं। उनके बताए हुए मार्ग पर युवाओं को चलना चाहिए।

युवाओं को यदि उन्नति करनी है तो सबसे पहले अपने माता-पिता व गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। कहा गया है कि प्रथम गुरु माता होती है, द्वितीय गुरु पिता होते हैं और फिर जो आध्यात्मिक, सांसारिक व पारलौकिक ज्ञान प्रदान करते हैं वह गुरु की श्रेणी में आते हैं। अतः युवाओं को माता-पिता व गुरु इन तीनों को देवता के समान मानकर उनकी बातों का पालन करना चाहिए। जिससे उनकी सर्वविध उन्नति व विकास हो सके। कहा गया है-

माता परं दैवतम्। मातृ देवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव। (तैत्तिरीयोपनिषद्, शिक्षावल्ली, अनुवाक् 11/2)

युवाओं को अपने जीवन में सबसे ऊपर राष्ट्र को रखना चाहिए। यदि राष्ट्र रहेगा तो हमारा गाँव, शहर, समाज, कुटुंब - कबीला, राज्य आदि सभी बचा रहेगा। यदि राष्ट्र सुरक्षित नहीं रहेगा तो न तो हमारा परिवार, न समाज और न हम अर्थात् कुछ भी नहीं बचेगा। अतः स्वयं से ऊपर परिवार, परिवार से ऊपर समाज, समाज से ऊपर राज्य व राज्य से ऊपर राष्ट्र ही प्रथम होना चाहिए। यदि सभी युवा इस प्रकार के विचारों को अपने जीवन में धारण करेंगे तो अवश्य ही राष्ट्र सही दिशा में आगे बढ़ेगा। इससे राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सही रूप में उभर कर आएगी जिससे भारत के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण होगा। यही वह मार्ग है जिससे भारत विश्व गुरु के पद पर आसीन होगा।

निष्कर्षतः यहां का युवा संपूर्ण विश्व को अज्ञान और अंधकार से ज्ञान व प्रकाश की ओर लेकर जाएगा जिससे संपूर्ण विश्व में भारतीयों को विशिष्ट सम्मान की दृष्टि से देखा जाएगा। यहां के युवा संपूर्ण विश्व का ज्ञान के माध्यम से मार्ग प्रशस्त करेंगे अंततः संपूर्ण विश्व में शांति होगी यही हमारा लक्ष्य है।

(महर्षि वाल्मिकी)

हिंदी खण्ड

सम्पादकीय

कॉलेज पत्रिका नीलाम्बरा का वर्ष 2022-2023 का अंक आपके समक्ष है । इस वर्ष की नीलाम्बरा पत्रिका 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर केन्द्रित है इस विषय से संबंधित रचनाओं में विद्यार्थियों ने और कॉलेज परिवार के सदस्यों ने अपने भावों और विचारों की अभिव्यक्ति की है । राष्ट्र निर्माण का कार्य बहुआयामी होता है इसलिए रचनाओं में विषय की विविधता है ।

नीलाम्बरा को इस रूप में लाने के लिए प्राचार्य श्री रवीन्द्र गुप्ता जी का आभार। संपादक मंडल के सदस्यों प्रियंका चैटर्जी और योगेश शर्मा जी का विशेष आभार जिनके सद् प्रयत्नों से यह समय पर प्रकाशित हो सकी। उन सभी का आभार जिन्होंने इस पत्रिका के प्रकाशन में किसी भी प्रकार का सहयोग किया है।

डॉ. राजकुमारी पाण्डेय
हिन्दी विभाग

सिनेमाई बाजार में विकलांगता की नुमाईश: करुणा का बिकाउ फार्मूला

डॉ. अनिरुद्ध कुमार
सहायक आचार्य, हिंदी विभाग

करुणा और श्रृंगारिकता को भरपूर खूबसूरती के साथ ही तमाम विद्रुपताओं के साथ परोसने वाले हिंदी फिल्मकारों को विकलांगता कामधेनु लगती रही है जो दर्शकों की संवेदना को सिक्कों में ढालकर न केवल उनके खाते की जमा राशि को दस अंकों वाले आकर्षक क्लब में पहुँचा सकती है बल्कि संवेदनशीलता, सामाजिक जुड़ाव और ऑस्कर में नामांकन जैसे तमगे भी दिला सकती है। यह आजमाया हुआ नुस्खा है जिसे हिंदी फिल्मों ने कई बार अपनाया है। 2005 ई. में आई ब्लैक की सफलता ने इसकी हृदय बेधक क्षमता पर फिर से मुहर लगा दी तो एक बारगी हिंदी फिल्मकार इस फार्मूले को तरह-तरह के रंग में रंगकर बाजार में उतर पड़े। विविध मात्रा और स्वाद के साथ इकबाल (2005), गुजारिश (2020), माइ नेम इज खान (2020) बर्फी (2022) आदि नामों से विकलांगता से जुड़ी कहानियों को पर्दे पर उतारा गया। इन कहानियों के पात्र और घटनाओं की विविधता के आवरण को बेधकर मूल कथानक तक पहुँचने पर एक ही बुनियादी सूत्र हाथ लगता है। भारतीय दर्शक भीषण संघर्ष में जूझते नायक की जीत की कहानी देखना चाहते हैं। नायक का कमजोर लगना जरूरी है ताकि भीषण भावात्मक झंझावातों से तीन घंटे में दो-चार हो चुकने के बाद मिली जीत का स्वाद आश्चर्य की चटनी के साथ और भी मजेदार हो जाए। नायक कमजोर लगे इसके लिए सबसे सुविधाजनक रास्ता है उसे बीमार या विकलांग बना देना। गरीबी और सामाजिक उपेक्षा भी जुड़ जाय तब तो नायक करुणा पैदा करने का सफल यंत्र साबित होता है। ऐसे पराजित नायक के संघर्ष कर जीत हासिल करने की करामाती कहानी बचपन को खींचने वाले मदारी के बंदर की तरह दर्शकों को सिनेमाघरों में बार-बार ला बिठाने की ताकत रखती है। इस फॉर्मूले को लागू करने के लिए हिंदी फिल्मों ने बीसवीं सदी के नायक को लगातार ब्लड कैंसर या ब्रेन ट्यूमर या ऐसी ही किसी डरावनी बीमारी का शिकार बनाया था। 11 वीं सदी के आखिरी दशक तक भारत में विकलांग आंदोलनों से पैदा हुई चेतना ने समाज का ध्यान अपनी ओर खींचा तो फिल्मकार भी इस दिशा की ओर फिर से आकृष्ट हुए। बीमारी में नायक का मरना जरूरी सा हो जाता था और ऐसी हर फिल्म पिछले की याद दिला जाती थी। कुछ नया करने के लिए उत्साही फिल्मकारों ने इक्कीसवीं सदी में करुणा के व्यापार के

लिए सुविधाजनक रास्ते के रूप में कहानी में विकलांगता को शामिल कर सोने की चिड़िया तक पहुंचने की स्वेज नहर खोद ली।

फरवरी 2023 में आयोजित 85 वें ऑस्कर के लिए सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म की श्रेणी में भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भेजी गई फिल्म बर्फी (1922) विकलांगता को कुरकुरे की तरह परोसने की ताजी कोशिश है जिसमें दार्जिलिंग के मूक बधिर युवक मर्फी (बर्फी)जॉनसन दो लड़कियों श्रुति घोष और फिर झिलमिल चटर्जी के प्रेम की ओर उन्मुख घटनाओं के साथ हैरत और हास्य बिखेरता चलता है। बॉक्स ऑफिस के लिए इतना सामान भी पर्याप्त हो सकता था मगर लेखक और निर्देशक अनुराग बसु असफलता के द्वार पर दोहरा ताला जड़ते हुए दोस्ती की तरह का विविध विकलांगता वाला फारमूला अपनाते हैं। 38 करोड़ को 400 करोड़ में बदलने वाली फिल्म माई नेम इज खान के रिजवान की तरह ही झिलमिल मानसिक विकलांगता (ऑटिजम) से पीड़ित है और संप्रेषण में कठिनाई, कार्य-व्यवहार में दुहराव, सामाजिक कटाव आदि मुश्किलों से जूझती है। इतनी भिन्नता जरूर है कि रिजवान को ऐस्पर्जर सिंड्रोम (ऑटिज्म का एक प्रकार) होने का पता बहुत बाद में चला था। लेकिन झिलमिल बचपन से ही ऑटिज्म और अपने अमीर माँ-बाप की सामाजिक कुंठा का शिकार है। दिल को सुकून करने वाली हास्य-रोमांस से भरपूर माई नेम इज खान या बर्फी के सुखिया संसार से निकलकर विकलांगता के प्रस्तुतिकरण पर विचार करने पर यह समझना मुश्किल हो जाता है कि यदि विकलांगता न होती तो फिल्म की कहानी में बुनियादी रूप से क्या बदल जाता? आक्रोश जैसी फिल्म के गैर विकलांग संवाद रहित पात्र और बर्फी के मूक-बधिर होने के कारण संवाद रहित पात्र होने में क्या फर्क है? वास्तव में विकलांगता इन कहानियों में ऐसा कुछ भी नहीं जोड़ती है जिसके लिए उसे विकलांगों की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करने वाली फिल्म के रूप में चिह्नित किया जाए। मूक-बधिरता और ऑटिज्म केवल प्रेम-रोमांस को नया स्वाद देने के मसाले हैं जिनका विकलांगता के आंदोलनों से पैदा हुई सकारात्मक चेतना से कोई सरोकार नहीं है। बर्फी की हरकुलिसिया हरकतों के पीछे की किसी प्रक्रिया को बताना एक मुश्किल डगर है जिसपर चलने के साहस का दर्शन हिंदी फिल्म में दुर्लभ है। मुश्किल यह है कि विकलांगता के मसाले से 30 करोड़ को 175 करोड़ में बदलने में सफल होने पर बर्फी जैसी फिल्में सकारात्मक विकलांगता के चित्रण के दावे के साथ कलात्मक और संवेदनात्मक श्रेष्ठता का पुरस्कार का दावा करने के लिए भेज दी जाती हैं। रेनमैन, एलिफैंटमैन, आई डोंट वांट टू टॉक एबाउट इट, जैसी अधुनातन विकलांगता चेतना से युक्त अंग्रेजी फिल्मों को देख चुके चयनकर्ताओं की कसौटी पर इन दावों के साथ गई बर्फी जैसी फिल्मों का पहले ही दौर में बाहर हो जाना स्वाभाविक परिणाम था।

विकलांगता फार्मूले के उन व्यवसायियों और उनके समर्थक अधिकारियों के लिए 2022 के सफलतम फिल्म की असफलता भी शायद ही एक सबक हो सके जो विकलांग व्यक्ति को देखते ही करुणा से द्रवीभूत होकर उनके जीवन यथार्थ को उसमें डुबो देते हैं। और जब दूसरा मार्ग पकड़ते हैं तो विकलांग पात्र उन्हें इतना जिंदादिल और जिजीविषा से पूर्ण दिखाई पड़ते हैं कि वे उसे हैरतजनक खतरों से खेलकर मजा लूटते, छठी इंद्रिय की अलौकिक शक्ति से युक्त, शब्दबेधी सामर्थ्य वाले बनकर अचूक निशाना मारते, भीख माँगकर भी दूसरे दुखियों का कल्याण करते आदि, आदि अलौकिक विभूतियों से युक्त देव बना देते हैं। हिंदी सिनेमा के अधिकांश विकलांग पात्र इन्हीं दो ध्रुवों पर रचे गए हैं। इसलिए जब ये फिल्में कुछ सकारात्मक संदेश देने की कोशिश करती हैं तो अपना ही मजाक बना बैठती हैं। मसलन बर्फी में मूक-बधिर युवक से विवाह न करने की सलाह देते हुए श्रुति की माँ कहती है- "बात सिर्फ पैसों की नहीं है। जो तू सुनना चाहेगी, वो बोल नहीं पाएगा और जो तू कहेगी वो सुन नहीं पाएगा ।... वो खामोशी ही धीरे-धीरे एक दिन तेरे प्यार को ही खामोश कर देगी। तू शायद उससे इशारों में बात कर भी लेगी। लेकिन दुनिया तुझे देख के इशारे करेगी।" विकलांगता की सकारात्मक छवि के दावेदार फिल्म के लेखक अनुराग बसु माँ के इस दावे को श्रुति के अनुभव के आधार पर गलत ठहराकर विकलांगता को बेहतर साबित करने की कोशिश करते हैं। श्रुति कहती है- "माँ ने कहा था कि बर्फी और मेरे बीच की खामोशी एक दिन हमारे बीच के प्यार को ही खामोश कर देगी। मैं और रंजीत बात तो करते थे पर दिल खामोश थे। हम शब्दों को सुनते थे पर उन्हें महसूस नहीं करते थे। हम हर लिहाज में पूरे थे मगर हमारा प्यार अधूरा था। बर्फी अधूरा था पर उसका प्यार पूरा था।" यह मजाक नहीं तो क्या था कि अनुराग की कलम त्वरित निर्णय ले सकने और समर्पित प्रेम करने वाले बर्फी की प्रशंसा करते हुए भी अधूरा कह रही थी और खामोश दिल वाले और किसी के खो जाने को अपने लिए मौके के रूप में देखने वाली पात्र द्वारा खुद और अपने ही जैसे पात्रों को पूरा कहलवा रही थी। अनुराग बसु बर्फी के प्यार की पूर्णता की तारीफ करते वक्त भी उसकी अपूर्णता को रेखांकित करना अनिवार्य समझते हैं। ठीक उसी तरह जैसे प्रेम की शब्दातीत भाषा समझाने के लिए बर्फी को जबर्दस्ती मूक और झिल मिल को मानसिक विकलांग बना देना उन्होंने जरूरी समझा। भारतीय फिल्म समीक्षकों और सितारादाताओं ने भी इस फिल्म से सबक लेकर विकलांगता को ध्रुवों से उतारकर हरी-भरी कोलाहल युक्त धरती पर लाने के बजाय इस उल्टे मार्ग की तारीफों के पुल बाँधे हैं। और इस तरह विकलांगता को प्रस्तुत करने का सही मार्ग बंद करने में ही योगदान दिया है। मसलन जी न्यूज के फिल्म समीक्षक रेशम सेंगर ने इस फिल्म से उन निर्माताओं को सबक लेने की सलाह दी

जो विकलांग चरित्रों को दब्बू और उबाऊ बनाते हैं। हालाकि मूल्यहीन अखबारी लेखन की जोर-शोर से जारी परंपरा निभाते हुए ऐसे किसी फिल्म और निर्माता का नाम लेना उन्होंने उचित नहीं समझा।

बर्फी के विकलांग पात्रों के प्रेम को उसके ही गैर-विकलांग पात्रों के प्रेम की तुलना में रखकर देखने के बजाय 1980 ई. में साई परंजपय द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म स्पर्श के विकलांग और गैरविकलांग पात्र के बीच के प्रेम के सामने रखने पर विकलांगता और प्रेम दोनों कसौटी पर बर्फी नितांत बनावटी और चिढ़ानेवाली लगती है। स्पर्श के नवजीवन अंध विद्यालय में कार्यरत दृष्टिबाधित प्राचार्य अनिरुद्ध परमार (नसीरुद्दीन शाह) में न बर्फी की सी अतिशय जिंदादिली है न ही दिल को परोसने की बेचैनी। हालाकि दिल जरूर है जिसमें 200 दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के हित की कामना और उन्हें स्वावलंबी बनाने के पुख्ता इरादे हैं। उसमें परावलंवी होकर सुविधाभोगी होने के खिलाफ एक ज्वलनशील आत्माभिमान है जो विकलांगता को करुणा का उत्स बना देने के खिलाफ सदैव सचेत रखती है। वह डॉक्टर के पास पहुँचने में आरंभ में ही मदद जरूर लेता है मगर उससे अधिक नहीं जितनी की जरूरी और स्वाभाविक है। वह कविता प्रसाद (शबाना आजमी) के मदद के प्रस्ताव को सधन्यवाद इनकार करता है। वह सहयोगी अध्यापक जगदीश से कहता है- "जानते हो जगदीश! जिस दिन मुझे ये लगेगा कि तुम्हारे बगैर मेरा काम नहीं चल सकता उस दिन तुम्हारी छुट्टी हो जाएगी।" वह कविता द्वारा बेचारे बच्चों को ज्यादा से ज्यादा कुछ सिखाने की बात पर कहता है- "एक छोटी सी अर्ज है। एक लब्ज आप जितनी जल्दी-से-जल्दी भूल जाएं उतना अच्छा होगा। बेचारा। हमें मदद चाहिए तरस नहीं। यहाँ के बच्चों की जिंदगी में एक बहुत बड़ी कमी जरूर है लेकिन उस कमी का बार-बार अहसास दिलाने से कोई फायदा नहीं।... अगर आप उन्हें कुछ देंगी तो वो भी आपको बहुत कुछ देंगें। किसी का किसी पर अहसान नहीं। कोई बेचारा नहीं।" यह फिल्म देखने वालों की दुनिया के समानांतर दृष्टिबाधितों की अपनी अलग दुनिया को रेखांकित करती है जिसमें मस्ती, शरारतें, दोस्ती, स्नेह, स्पर्धा सबकुछ है जरा सी भिन्नता के साथ। वे बोतल के ढक्कन से गेंद सा बनाकर क्रिकेट का मजा लेते हैं। नाटक खेलते हैं, दोस्त बनाते हैं, झगड़ा और कुश्ती करते हैं तथा ब्रेल के माध्यम से पढ़ाई करते हैं। उनकी समस्याएं भी अलग हैं और प्रेम की कसौटी भी भिन्न है। अनिरुद्ध दृष्टिबाधित तथा सामान्य बच्चे की दुनिया में पैदा खाई को रेखांकित करते हुए कहता है- "ब्रेल में सिर्फ टेक्स्टबुक छपती हैं। भूगोल, विज्ञान गणित इतिहास। लेकिन हल्की फुल्की कहानियों से दिल बहलाने वाली किताबें कितनी हैं ब्रेल में। क्या आप समझती हैं कि अंधे बच्चों को परियाँ और राक्षस और सिंदबाद और इसप्ट और टार्जम और मिकी माउस ये सब पसंद नहीं आते।" कविता से प्रेम हो

जाने पर वे एक उजाले को अपनाने के लिए सगाई कर लेते हैं। अनिरुद्ध कविता की सुंदरता की गोरा रंग, बड़ी आँखें, घने बाल आदि से अलग पहचान बताते हुए कहता है- "तुम्हारे बदन की, बालों की महक टुबुकमी है। इसलिए तुम सुंदर हो। निसिगंधा के फूल की तरह। और तुम्हारी आवाज बहुत स्पर्शी है इसीलिए तुम सुंदर हो; सितार के झंकार की तरह। और तुम्हारा स्पर्श बहुत कोमल है इसलिए तुम सुंदर हो;मखमल की तरह।" स्पर्श दृष्टिबाधितों के स्वाभिमान और स्वावलंवन का जीवन जीने की तीव्र जिजीविषा के साथ उसके पीछे के न्यूनता के गहन आत्मबोध को भी रेखांकित करता है और उनके प्रति न्यूनता के सामाजिक बोध को भी। कविता के साथ अनिरुद्ध के विवाह को जब मंजू का पति सुरेश कविता के त्याग और बलिदान के रूप में रेखांकित करता है और स्वयं कविता भी उसे अपना कर्तव्य बताती है तो अनिरुद्ध विवाह के नाम पर होने वाले त्याग रूपी एहसान को अस्वीकार कर देता है। वह कविता की सहेली मंजू से इसकी वजह बताते हुए कहता है- "जब से हमारी सगाई तय हुई मुझे ये अहसास होने लगा कि ये शादी नहीं यज्ञ होने जा रहा है जिसमें कविता आत्मबलिदान देने जा रही है, महान बनने जा रही है। और इस चक्कर में मुझे छोटे से छोटा बनाया जा रहा है।...एक अपाहिज से शादी करके वह शहीद होने जा रही थी।...वो मेरी सेवा करेगी। उसका सुंदर त्याग कभी खत्म नहीं होगा। यही रहेगी हमारे वैवाहिक जीवन की कहानी।"

स्पर्श ने बड़ी खूबसूरती से दो दुनिया के अंतर को दिखाने के साथ ही उसे समझदारी से पाटने के रास्ते को भी रेखांकित किया। कविता शीघ्र ही दृश्य के बदले ध्वनि, खुशबू और स्पर्श के महत्व को पहचानकर उन्हें दृश्यों के विकल्प के रूप में स्थान देना शुरू करती है। वह ब्रेल सीखती है और अंततः सगाई को तोड़ने वाला अनिरुद्ध पुनः मिलकर एक उजाला लाने के लिए उसके पास जाता है। हालांकि फिल्म कुछ स्थानों पर जबर्दस्ती संवादों के सहारे कुछ निष्कर्ष निकालने की कोशिश करती प्रतीत होती है। मसलन बेचारे शब्द पर प्रतिबंध लगाने वाले प्राचार्य द्वारा बेचारा शब्द कहलवाना संवाद में ठीक नहीं बैठता है और आगे के कुछ संवादों के लिए बनाई गई सीढ़ी सा लगता है जिसके सहारे लेखक ने दृष्टिबाधित व्यक्ति के न्यूनता के आत्मबोध को प्रदर्शित करने की चेष्टा की है। इसी तरह संबोधन के प्रति संवेदनशील प्राचार्य का नॉर्मल बच्चों का संवाद लेखक की समझदारी में मौजूद फाँक को चिह्नित करता है। अनिरुद्ध ब्रेल किताबों की समस्या को सामने रखते हुए कहता है- "नॉर्मल बच्चों के लिए हर रोज हजारों किताबें छपती हैं। और यहाँ मैं इसी इंतजार में रहता हूँ कि कब कोई नई किताब ब्रेल में छपे और कब मैं उसे अपने बच्चों के लिए खरीद लूं।" 1980 ई. तक विकलांगता आंदोलन वैश्विक स्तर पर जोर पकड़ने लगा था तथा 1975 में हुए समझौते के साथ वैश्विक स्तर पर

विकलांगता संबंधी नई चेतना वैश्विक स्तर पर प्रसारित हो रही थी। अपमानजनक या न्यूनता बोध कराने वाली भाषा चिह्नित कर प्रतिबंधित की जाने की शुरुआत हो गई थी ॥ ऐसे में एक सचेत प्राचार्य पर बेचारा और नॉर्मल जैसे शब्द आरोपित ही लगते हैं और लेखक की सीमा का संकेत करते हैं। बर्फी की श्रुति ने बर्फी और रिमझिम के प्रेम को पूर्ण माना था और स्पर्श की मंजू ने अनिरुद्ध से कविता के प्रेम को अलौकिक बताया। किंतु बर्फी जितनी असामाजिक, दुर्लभ और अस्वाभाविक लगती है स्पर्श उतना ही सामाजिक, संभव और स्वाभाविक। इसमें बर्फी की तरह न प्यार की सच्चाई परखने वाला कोई लिटमस है न ही एक साथ मरने की कसौटी।

1972 ई. में आई गुलजार द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म कोशिश स्पर्श की तरह ही विकलांगता को उसकी शक्तियों और संभावनाओं के साथ यथार्थ रूप में बेहद खूबसूरत मार्मिक और प्रेरणादायी ढंग से चित्रित करती है। स्पर्श की तरह ही यहाँ भी एक समानांतर दुनिया है जिसमें मूक-बधिर हाथों, इशारों और होंठ पढ़ना सीखकर अपनी निजी दुनिया का निर्माण करते हैं। मूक-बधिर युवक हरिचरण के बताने पर आरती की माँ दुर्गा उसे मूक बधिर विद्यालय में भर्ती करवाती है। वहाँ की शिक्षिका उससे इस समानांतर और उतनी ही मजेदार दुनिया का राज समझाते हुए कहती है- "आवाज के साथ तो नहीं बोल सकते ये बच्चे लेकिन ऊंगलियों के इशारों से बिल्कुल उसी तरह बात कर सकते हैं जैसे हम लोग दो होठों से बात कर सकते हैं। और खास तौर पर वो बच्चे जो आरती की तरह कुछ लिखना पढ़ना पहले से जानते हैं। इनके दो तीन कोर्स होते हैं पहला वो जो दो बेज़ुबान आपस में बोलते हैं। दूसरा वो जो ये लोग बोलने-सुनने वालों के साथ साथ बात-चीत करते हैं। तीसरा है लिप रीडिंग। यानि की आप जरा आहिस्ता बोलें तो आपके होठों से ये लोग लब्ज बना लेते हैं। और समझ जाते हैं।... उसने अपनी बीबी को हाथों की जुबान सिखा दी है और अब वो लोगों के सामने भी प्राइवेट बातें करते रहते हैं।" शिक्षिका दुर्गा को यह जरूरी नसीहत भी देती है कि- "इन बच्चों को ज्यादा सहारा भी नहीं देना चाहिए। इनपर तरस कभी न खाइए। इन्हें बिल्कुल ये महसूस न होने दीजिए कि इनमें कुछ कमी है इसलिए दूसरों से अलग बर्ताव किया जा रहा है। बल्कि जितना आम लोगों में घुलेंगें-मिलेंगें उतना ही अच्छा है।"कोशिश न केवल दो मूक-बधिर आरती और हरि के मिलने, प्रेम करने, विवाह करने और कठिन परिश्रम कर अपनी संतान को उच्च शिक्षा दिलाने तक के सफर की कहानी है। यह फिल्म दिलचस्प ढंग से उनके साथ दृष्टिबाधित नारायण अंकल के परिचय तथा संवाद को रेखांकित करते हुए संवाद का सर्वथा नवीन सूत्र संभव करती है मगर बर्फी या ब्लैक की तरह न कोई आरोपित मसाला है न अवास्तविक लगने वाला जीवन। जीवन को संपूर्णता में जीने की अदम्य कोशिश इस फिल्म को बेहद खास बनाती है।

समस्या यह है कि हिंदी की अधिकांश फिल्में बर्फी की तरह अस्वाभाविक उपकरणों के साथ विकलांगता को परोसने वाली कतार में शामिल हैं। संजय लीला भंसाली की ब्लैक (2005) और गुजारिश (2020) विकलांग पात्रों को हीरो के रूप में प्रस्तुत करने के लिए उन्हें बेहद मुश्किल स्थिति में डालकर कठिन संघर्ष में जीतते हुए दिखाती है। इसके लिए वह कई अस्वाभाविक मसाले का इस्तेमाल करती हैं जो इन कहानियाँ की सुर्खियाँ बनाने वाली क्षमता को बढ़ाती है मगर साथ ही विकलांग जीवन यथार्थ से बेहद दूर ले जाती है। यह दिलचस्प है कि उनके पात्र निम्न या निम्न मध्यवर्ग से नहीं आए हैं। इसलिए आर्थिक समस्या की चिंता, जो की विकलांग पात्रों को दोस्ती (1964) जैसी फिल्मों में भिखारी बना रही थी, इन्हें नहीं थी। 21वीं सदी की विकलांग चेतना के नए दौर में विकलांग पात्र को भिखारी बनाकर नायक बनाने की कहानी कहना अस्वाभाविक हो उठा था। विकलांगों के संघर्ष, शिक्षण और सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करने के इस दौर में संजय ने विकलांगता से उबरने और मुश्किलों के बीच जिंदादिल रहकर प्रेरणा-स्रोत बनने की कहानी चुनी। ब्लैक की मिसेल मैकनली वास्तव में प्रसिद्ध अमेरिकी दृष्टिबाधित -बधिर आचार्य, समाजसेवी और राजनीतिक विचारक हेलेन केलर की कहानी है जो 19 माह की अवस्था में पेट और मस्तिष्क की बीमारी (शायद स्कार्लेट फीवर या मेनिंजाइटिस) के कारण मूक-बधिर और दृष्टिबाधित हो गई। वह तब केवल अपने परिवार के रसोइए की 6 वर्षीए बेटी के सहारे ही कुछ कह पाती थी जो कि उसके इशारों को समझती थी। उसकी माँ ने चार्ल्स डिकेंस की एक दूसरी बधिर-दृष्टिबाधित महिला लोरा ब्रिजमैन की सफल शिक्षा पर लिखे नोट्स से प्रभावित होकर बधिर बच्चों पर काम करने वालों से प्रायः मिलती रही। अंततः पर्किंस स्कूल फोर दि ब्लाइंड की पूर्व दृष्टिबाधित छात्रा 20 वर्षीय ऐन सुलिवन के ६ वर्षीय हेलेन के प्रशिक्षक बनने के रूप में उनकी तलाश पूरी हुई। ऐन हेलेन के लिए गुड़िया लाई और उसकी हथेली पर डॉल लिखा। हेलेन वस्तुओं को स्पर्श कराने के साथ हथेली पर कुछ किए जाने से परेशान हो उठी मगर लगातार कोशिश के बाद अगले महीने तक पानी छूने के साथ हथेली पर सुलिवन कुछ उकेरने के संबंध को वह पहचान गई। 2 वर्षों में बहुत सी वस्तुओं का नाम सीखने के बाद 8 वर्षीय हेलेन सुलिवन के संरक्षण में पर्किंस स्कूल फोर दि ब्लाइंड में दाखिल हुई। 14 वर्ष की अवस्था में वे ह्युमेसन स्कूल फोर दी डेफ में दाखिल हुई। इस ठोस जमीन की तैयारी के बाद हेलेन मैसाचुसेट्स के कैंब्रिज स्कूल फोर यंग लेडी आदि संस्थानों में पढ़ते हुए 24 वर्ष की अवस्था तक वह रैड क्लिफ से स्नातक होने वाली पहली बधिर दृष्टिबाधित बन गई। बाद में पत्रों के अलावा उसने संप्रेषण के लिए बोलना और होठों की गति के सहारे बातों को समझना भी सीख लिया। वह पूँजीवाद विरोधी वामपंथी विचारधारा के निकट तथा मजदूरों, स्त्रियों और विकलांगों के अधिकारों की बड़ी प्रवक्ता बनी तथा बहुत से देशों में निरंतर व्याख्यान दिए और किताबें लिखी।

ब्लैक में आकर हेलेन की कहानी जिस रूप में बदली गई वह रोचक है तथा तमाम गंभीरता के बावजूद हिंदी सिनेमा की फार्मूलाबाजी और विकलांगों के प्रति संकुचित दृष्टि का परिचायक है। हेलेन के विकास की कहानी में दृष्टिबाधित, बधिर और उनकी शिक्षण संस्थाएं लगातार शामिल है लेकिन मिशेल की कहानी में इनका कहीं पता नहीं है। लगातार 49 वर्षों तक साथ रहकर हेलेन के शिक्षण-प्रशिक्षण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दृष्टिबाधित सुलिवन का सारा श्रेय गैर विकलांग पात्र देवराज सहाय को दे दिया गया और भी मसालेदार बनाने के लिए उसे अल्जाइमर से पीड़ित बनाया गया और हेलेन को उससे प्यार का अर्थ जानने को आतुर दिखाया गया। ब्लैक में आकर विकलांगों के सामूहिक संघर्ष को मिटाकर व्यक्तिगत नायकत्व में बदला जाता है साथ ही उनकी क्रांतिकारी भूमिका समाप्त कर दी जाती है। मिसेल हेलेन की ताकत से लैस होकर भी उसकी तरह मजदूरों, स्त्रियों, और विकलांगों के अधिकारों के लिए समर्पित कार्यकर्ता वाली भूमिका खो देती है। इसके विपरीत वह अपने प्रशिक्षक से प्रेम की भावना में और उसे प्रशिक्षित करने में लग जाती है। यह कितनी मुग्धकारी कल्पना है कि याददाश्त खो चुके प्रशिक्षक के प्रशिक्षण की शुरुआत भी हाथ पर पानी गिरने के साथ सीखे पहले शब्द पानी के रूप में ही होती है। मगर इन सारे शिल्पगत और संरचनागत वैभव के बावजूद यह सवाल जेहन पर बिंधा रह जाता है कि विकलांगता की सामाजिक उपयोगिता की भूमिका को सीमित करना हिंदी सिनेमा लेखकों निर्देशकों और निर्माताओं को अनिवार्य क्यूँ लगता है?

मिसेल के बाद संजय लीला भंसाली ने भरपूर जिजीविषा लेकर 12 वर्षों तक रेडियो जॉकी के रूप में लगातार लोगों को खुशियाँ बाँटने वाला विकलांग पात्र एथेन मैस्करेन रचा जो लकवाग्रस्त होने से पहले सफल जादूगर था। मगर इस बार ब्लैक के खिलाफ संघर्ष नहीं बल्कि पराजय की अनूभूति के साथ आत्महत्या की गुजारिश थी। हेलन की कहानी से क्रांतिकारी तथा सामाजिक उपयोगिता परक तत्वों को निकालने के बाद उन्होंने स्टीवन हॉकिन्स की तरह जिजीविषा से भरपूर एथेन को 12 वर्षों तक खुशियाँ बाँटते दिखाया मगर फिर अंततः मृत्यु के लिए गुजारिश करते हुए पात्र के रूप में चित्रित किया। 70 साल के बाद अपने गालों की पेशियों पर से भी नियंत्रण खो देने के कारण एक मिनट में मशीन के सहारे 5 शब्द बोल पाने तक सीमित हो गए हॉकिन्स की अदम्य जिजीविषा तथा निरंतर भौतिक विज्ञान की गुत्थियों से उलझते रहने की कहानी के बदले बारह साल तक दुनिया को खुशियाँ देने के बाद मृत्यु का अधिकार माँगने की कहानी को दिलचस्प रोमांस की चाशनी में डुबोकर परोसा गया। विकलांग पात्र को नायक तो बनाया गया किंतु नायकत्व की दिशा जरा सी चूक गई। इसलिए फिल्म को प्रशंसा और पुरस्कार तो बहुत मिला मगर दर्शकों को बात समझ नहीं आई और निर्माताओं को सौदे में घाटा उठाना पड़ा।

आम सामाजिक धारणा विकलांग पात्रों को बेकार समझने की है। विकलांग चेतना के नए दौर में यह धारणा टूटी है मगर अभी भी इतनी नहीं की मान लिया जाय कि विकलांग खतरनाक आपराधिक कार्यवाइयों में संलिप्त हो सकते हैं। इसलिए विकलांगों को ऐसी कार्यवाइयों में सफल होते दिखाना फिल्म का एक सनसनीखेज विषय हो सकता है और थोड़े इंतजाम के साथ इसे वास्तविक रूप दिया जा सकता है। निर्देशक विपुल अमृतलाल शाह ने आतिश कपाड़िया के साथ मिलकर 2002 में आई आँखें फिल्म में इसी कथानक को फिल्माया। विकलांगता की इस नुमाईश ने एक ऐसी काल्पनिक दुनिया रची जिसका स्पर्श की दो दुनिया में से किसी से भी वास्ता नहीं था। इसमें दर्शकों के लिए एक सनसनी थी किंतु विकलांगों की भीतरी दुनिया और बाहरी दुनिया पर यह फिल्म एक नकारात्मक वास्तविकता को आरोपित करने की कोशिश कर रही थी। 2005 ई. में सुभाष घई द्वारा निर्देशित और विपुल के रावल द्वारा लिखित फिल्म इकबाल आँखें की तरह विभिन्न औजारों के सहारे नकारात्मकता को वास्तविकता में बदलकर सनसनी के सहारे विकलांगता को भुनाने की कोशिश करने के विपरीत सकारात्मक कहानी कहने की कोशिश कर रही थी जिसका वास्तव में विकलांगता से कोई खास सरोकार नहीं था। यदि इकबाल बोलता तो भी कहानी में परिवर्तन नहीं होता भले ही कुछ दृश्य और संवाद बदल जाते। बर्फी और माई नेम इज खान की तरह इसमें भी नायक की विकलांगता सहानुभूति अर्जित करने की अरुचिकर कोशिश ही लगती है। इकबाल का अपने मूक होने से उत्पन्न स्थितियों के साथ कोई संघर्ष नहीं है बल्कि उसका सारा संघर्ष एक गरीब किसान के बेटे के राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में शामिल होने को लेकर है। इकबाल के मूक होने ने मूक व्यक्ति के जीवन संघर्ष को भले ही अनदेखा किया लेकिन 70 लाख की कहानी से 45 करोड़ जरूर बना दिया।

हिंदी सिनेमा में बर्फी, माइ नेम इज खान, इकबाल, खामोशी जैसी कहानियों की ही फेहरिश्त लंबी है स्पर्श और कोशिश जैसी कहानियों की नहीं। और ब्लैक जैसी कहानियाँ भी कम ही बनी हैं। अर्थात् ज्यादातर कहानियों में विकलांगता के सहारे दर्शकों की सहानुभूति अर्जित करने की सुविधाजनक कोशिश ही सामने आती है। 1981 ई. में आई शक्ति सामंत द्वारा निर्देशित और शक्तिपदा राजगुरु द्वारा लिखित बरसात की एक रात में रजनी की दृष्टिहीनता ऐसा ही एक उदाहरण है। अभिजीत रजनी से उसकी दृष्टिहीनता को देखकर दुःखी होने के प्रश्न पर कहता है- "जिंदगी की इतनी बड़ी नियामत खोने के बाद भी आपने अपने जीवन में कभी अँधेरा नहीं आने दिया। हँसी खुशी सब कुछ अपना लिया। किसी से कोई शिकायत नहीं की।" कालीराम द्वारा रजनी के साथ बलात्कार के प्रयास के बाद उसकी बदनामी के बीच भी अमिताभ उसके साथ विवाह करने का प्रस्ताव करते हुए

उससे प्यार होने की बात बताता है। रजनी अपनी दृष्टिहीनता के अभिशाप को अभिजीत पर थोपने से मना करती है और तब अभिजीत कहता है- "ना तुम्हें पाना अभिशाप नहीं रजनी। ये तो मेरा सौभाग्य है।"

बरसात की एक रात की तरह अधिकांश हिंदी सिनेमा में बहुत पहले से ही विकलांग पात्र वास्तव में नायक की वीरता, उदारता और मानवता को प्रकाशित करने का माध्यम बनाए जा रहे थे। यह रोमांस इन फिल्मों की टिकट खिड़की पर भीड़ जुटाने में सफल हो रहा था। यही कारण था कि सभी प्रमुख हिंदी अभिनेताओं तथा अभिनेत्रियों ने इस तरह के चरित्र को स्वीकार कर अपनी चमक और मूल्य में इजाफा किया। विकलांग या बीमार चरित्रों का अभिनय दूर से पीड़ा में शामिल होने का सुखियापन था जिससे बिना कष्ट झेले विजय और सहृदयता के भावबोध को तृप्ति मिलती थी। इस तृप्ति भाव में गिने-चुने निर्माताओं, लेखकों और कलाकारों ने ही इस ओर ध्यान देने की जहमत उठाई कि दूर से पीड़ा भोग का सुख उठाने वालों की भीड़ से इतर सचमुच विकलांगता की स्थिति में शामिल लोगों पर इस रवैये का क्या असर होगा? विकलांगता को शामिल करने वाली फिल्मों से इतना लाभ जरूर हुआ कि विकलांगों के प्रति नकारात्मक सामाजिक दृष्टि का बार-बार पर्दाफाश हुआ और उनपर करुणा करने वाले पात्रों ने भी जब सहानुभूति के बजाय प्रेम के आधार पर उन्हें अपनाया तो विकलांगों की सामाजिक स्वीकृति को बढ़ावा मिला। यद्यपि यह दिशा गलत थी मगर बरसात की रात, अंकुर, आँखें, गुजारिश, बर्फी आदि फिल्मों की धारणाओं के साथ स्पर्श, कोशिश और कुछ हद तक ब्लैक जैसी फिल्मों की स्थापनाओं को रखकर देखें तो करुणा के बाजार की नुमाइश में भी एक सकारात्मक बदलाव और विकास की झलक मिल जाती है।

(टिप्पणी: यह लेख मूलतः 2013 ई. में 'इस्पातिका' के सिनेमा विशेषांक में प्रकाशित हुआ था जिसमें 2012 में आई फिल्म 'बर्फी' को प्रस्थान बिंदु बनाया गया था।)

"उत्साहित मन"

उमेश शर्मा
पुस्तकालय सहायक

किसी भी काम को बेमन से करने से कुछ भी उपलब्ध नहीं होता इसलिए तो कहा गया है कि – "जो खोजा तिन पाइयां, गहरे पानी पैठ" किसी भी काम की गहराई में जाने पर ही कार्य सिद्ध हो सकता है। किनारे पर बैठे-बैठे देखते रहने से तो कुछ प्राप्त होने वाला है नहीं। अतः जिस काम को अन्य कोई साधन संपन्न नहीं कर सकता। उसे उत्साह पूरा कर देता है, उत्साह एक ऐसी भावना है, जो हमें नए दृष्टिकोण और नई सोच की ओर ले जाती है। यह हमारी सोच को परिवर्तित करती रहती है और हमें नए समृद्ध जीवन की ओर ले जाती है। जिससे हम किसी भी काम को करने के लिए कमर कसकर तैयार हो जाते हैं। यह हमारे जीवन में गति उत्पन्न कर देता है, साथ ही हमें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। उत्साह की कमी के कारण हमें अपने काम को अधूरा छोड़ देना पड़ता है।

उत्साह से तात्पर्य हमारी इच्छा शक्ति और उमंग से होता है। जो हमें एक कार्य को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें सकारात्मक सोच की ओर ले जाता है। जिस काम को अन्य कोई साधन संपन्न नहीं कर सकता। उसे उत्साह पूरा कर डालता है। जैसे कि मैंने अपने विद्यार्थी जीवन में देखा है - हमारे साथ हमारा एक मित्र जिसका नाम सुंदर था, बहुत ही उत्साहित लड़का था जब हम किताबें रखकर आधे-अधूरे मन से कुछ पढ़ा करते थे, तो वह खेलकूद में अपना समय व्यतीत करता था। अक्सर पूरे-पूरे दिन वह खेलता रहता था या इधर-उधर घूमता-फिरता रहता था। उसी में अपना समय गुजारता था किन्तु जब हम रात में मीठी-मीठी नींद का आनंद लिया करते थे तो वह पूरे उत्साह के साथ अपनी पढ़ाई में लीन रहता था। यहां तक की उसे यह भी होश नहीं रहता था कि उसके आसपास क्या हो रहा है। किस विद्यार्थी के खर्राटे उसे परेशान कर रहे हैं, उसे कुछ ज्ञात नहीं होता था। केवल पढ़ाई में लीन रहता था। परीक्षा का परिणाम आने पर सभी दोस्तों को आश्चर्य होता था कि घूमने-फिरने व खेल-कूद में अपना समय बिताने वाला, वह लड़का परीक्षा में प्रथम स्थान कैसे पा लेता है? बहुत समय के बाद ही हम सभी दोस्त उसकी सफलता का रहस्य समझ पाए ! यह सब काम उत्साह एवं दृढ़ इच्छा शक्ति के द्वारा ही किए जाते हैं। अतः हमें अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ उत्साह को भी बनाए रखना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में अक्सर कहा जाता है कि अरे, हां यह बात मेरे दिमाग में तो है ! इसको करने के बारे में मैं सोचूंगा ! देखो, यदि हो सका तो करने की चेष्टा करूंगा ! या मैं यह काम कर तो रहा हूं, पर हो नहीं पा रहा

इस तरह के बहाने हमारे सामने आते हैं। इसमें सबसे बड़ी वज़ह, उत्साह की कमी की होती है। ऐसे ढुलमुल इरादों वाले व्यक्ति कभी किसी काम को कर ही नहीं सकते क्योंकि जब उनकी ज़बान में ही दृढ़ता नहीं है तो काम में कहां से पैदा होगी।

इस संबंध में एक छात्र का उदाहरण बहुत ही रोचक है - जब वह दसवीं की परीक्षा दे रहा था तो कहा करता था कि यह गणित ही मेरे लिए जानलेवा बन रहा है, नहीं तो मुझे, फर्स्ट डिवीजन आने में कोई नहीं रोक सकता ! खैर, किसी तरह से दसवीं पास हुई तो 12वीं में गणित के स्थान पर कंप्यूटर साइंस जोकि नया विषय था ले लिया परंतु उसमें भी मन नहीं लगा। 12वीं पास करने के बाद बी.ए. में प्रवेश लिया तो इतिहास विषय चुन लिया। अब तो इतिहास विषय में भी कठिनाई आने लगी कहने लगा कि इतिहास तो गणित और कंप्यूटर साइंस से भी कठिन है क्योंकि इसमें सन्/संवत को मैं हमेशा ही भूल जाया करता हूँ। किसका बेटा कौन है? कौन सा युद्ध कब लड़ा गया? कहाँ लड़ा गया? कुछ याद ही नहीं रहता। मैंने इस इतिहास विषय को लेकर बहुत बड़ी गलती कर दी। यदि मैं यह विषय नहीं लेता तो अवश्य ही प्रथम श्रेणी से पास हो जाता। खैर, जैसे-तैसे बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की तो एम.ए. करने की सोची। लगा कि बचपन से अंग्रेजी विषय पढ़ा है तो एम.ए.(इंग्लिश) तो आसानी से कर ही लूंगा। अब तो उसे अंग्रेजी साहित्य में भी कठिनाई आने लगी कहने लगा कि दुनिया में अगर कोई कठिन विषय है तो वह अंग्रेजी ही है। यह विषय तो मुझे कहीं का नहीं छोड़ेगा, इतनी कठिन भाषा, नाटक, कविता, उपन्यास सब के सब मेरे सर के ऊपर से निकल जाते हैं। कुछ समझ में नहीं आ पाता। अगर मैं फेल हुआतो अंग्रेजी के कारण ही होऊँगा। अच्छे मनुष्य को अपने अंदर की कमी को पहचानने में समय लग जाता है तथा उसे कठिन परिश्रम से बच निकलने का बहाना मिल जाता है। यह सब उत्साह की कमी के कारण ही होता है। यदि कठोर परिश्रम किया जाए और सच्ची लगन व इच्छाशक्ति से कार्य किया जाए तो कठिन से कठिन कार्य को भी सरल बनाया जा सकता है।

आज के युग में इसका सबसे बड़ा उदाहरण क्रिकेट का भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर का हो सकता है क्योंकि उनमें सच्ची लगन व उत्साह था। मात्र 16 वर्ष की उम्र में उनका चयन भारतीय टीम में हो गया था। उन्होंने 24 साल तक क्रिकेट खेला, साथ ही क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने कैरियर के विभिन्न रिकॉर्ड बनाए। वहीं सूर्यकुमार ने 32 वर्ष की उम्र में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए T20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अपनी योग्यता को सिद्ध किया। यह सब इन खिलाड़ियों की सच्ची लगन, परिश्रम और उत्साह का ही नतीजा है। यही उसकी सफलता का मूल मंत्र है। यही मनुष्य की असफलता को हल करता है और भविष्य का द्वार खोलता है इसीलिए तो कहा गया है कि किसी भी महान कार्य को करने के लिए योग्यता से अधिक

उत्साह की आवश्यकता होती है। यदि उत्साह नहीं है तो योग्य व्यक्ति कुछ भी नहीं कर सकता। यदि उत्साह है तो साधारण मनुष्य भी कठिनाइयों को पार करते हुए घने जंगलों, पहाड़ों में से भी अपना रास्ता निकाल लेता है। सत्य कहा गया है कि - आशा ही जीवन है और निराशा ही मृत्यु है। आशा तो उत्साह की जननी है। निरुत्साहित व्यक्ति को अपना जीवन ही भारी लगने लगता है।

चींटी का उत्साह हमारे लिए प्रेरणादायक इसलिए है क्योंकि उसमें बार-बार दीवार पर चढ़ने का साहस, उत्साह और लगन हमेशा बनी रहती है। चाहे वह कितनी ही बार फिसल जाए पर अपने उत्साह को कम नहीं करती है। जिस तरह से वह अपनी मंजिल पर पहुंचने के लिए न जाने कितनी बार प्रयास करती है और अपने रास्ते से अनगिनत बार भटक भी जाती है परंतु उसके उत्साह में कोई कमी दिखाई नहीं देती। ध्यान रखें, कुदरत सबसे बड़ी गुरु है। इसमें वास करने वाला हर प्राणी हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। जब हम अपने मन के तार प्रकृति के साथ जोड़ लेने में सफल हो जाते हैं तो अपने आप विचारों में स्पष्टता आने लगती है। अपनी ऊर्जा व्यर्थ न जाने दें। बल्कि, उसका इस्तेमाल अपने सपनों को साकार करने में करें। अपने मन में एक बात को बिठा लेना है -

"हम होंगे कामयाब - हम होंगे कामयाब,
एक दिन ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब एक दिन"

भारत के प्राचीन इतिहास में ऐसे कितने ही महापुरुष हुए हैं, जिनके जीवन में उत्साह की बहुत बड़ी भूमिका देखने को मिलती है जैसे कि नेपोलियन, रविंद्र नाथ टैगोर, महात्मा गांधी, महान धनुर्धारी अर्जुन, भीष्म पितामह, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप आदि। इन सभी ने उत्साह, दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर ही जीवन में महान कार्य किए और इतिहास में अपना योगदान दे प्रसिद्ध हुए।

उत्साह ही हमारे जीवन का सबसे बड़ा मित्र है और सहायक भी है। हमें हमेशा इसकी सहायता लेते रहनी चाहिए। तभी हमारे जीवन की यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हो सकेगी, साथ ही हमें अपने जीवन का आनंद भी प्राप्त होगा। कभी निराशा और अवसाद का मुंह नहीं देखना होगा। जहां हम अपने जीवन को सफल बनाएंगे। वहां हम दूसरों के लिए एक मार्ग दर्शक का काम करेंगे।

अंतिम युद्ध

आयुष कुमार सिंह
बीए प्रो., तृतीय वर्ष

है युद्ध अंतिम बस यही मरकर हमें मरना नहीं,
फिर सर कटे या धड़ कटे बस शस्त्र है धरना नहीं।

इस रण की भूमि में हमारा शौर्य ही प्रकाश हो,
अंतिम विगुल अपनी बजे बस मन में ये विश्वास हो।

हर रक्त के कतरे का बदला भी तो लेना है हमें,
बलिदानियों के प्राण को बलिदान देना है हमें।

तूणीर की सारी विधायें ज्ञात होनी चाहिए,
जो हार भी हो जाए तो विख्यात होनी चाहिए।

विभावरी अंतिम है ये बस आसमां को निहार लो,
सब काँच हीरक हैं नहीं ये मन में तुम विचार लो।

अंतर्मन

अंतर्मन से हार चुका हूँ,
किंतु डर को मार चुका हूँ।

दुर्गम पथ पर आ निकला हूँ,
अतुल ताप पर ना पिघला हूँ।

जय से न अस्मीत हुआ हूँ,
भय से न भयभीत हुआ हूँ।

अडिग खड़ा हूँ झुका नहीं हूँ,
खिसक रहा हूँ रुका नहीं हूँ।

मैं तो अब तक मरा नहीं हूँ,
क्या तन मन से लड़ा नहीं हूँ।

बेटियाँ

रूढ़ियों के बंधनों से लड़ रहीं अब बेटियाँ,
आने वाले बेहतर कल को पढ़ रहीं अब बेटियाँ।

जिस भी पर्वत को गुमां था अपनी उस ऊँचाई पे,
शीर्ष उसकी चोटियों पर चढ़ रहीं अब बेटियाँ।

घुट रहे थे बंद कमरों में सभी अरमान जो,
खोल पंखों को जहाँ में उड़ रहीं अब बेटियाँ।

सोचते थे जो कि उनके है ये कुछ बस का नहीं,
इतिहास के पन्नों में खुद को गढ़ रहीं अब बेटियाँ।

बस यही सौभाग्य मेरे देश भारत का रहा,
उसकी भी रक्षा को आगे बढ़ रहीं अब बेटियाँ।

सुनो मां

सुनो मां,

जब भी कुछ ना तुमसे कहता हूं अर्थ यह है कि मैं एक राज छुपाए बैठा हूं कुछ बात छुपाए बैठा हूं।

इस कोमल मन पर घात हुई है एक घाव छुपाए बैठा हूं कुछ बात छुपाए बैठा हूं।

कुछ शब्द चुभे हैं लोगों के मुझको, यह चुभन छुपाए बैठा हूं कुछ बात छुपाए बैठा हूं।

चेहरे पर हां चमक नहीं है मन के भीतर भाव नहीं है मुस्कान छुपाए बैठा हूं कुछ बात छुपाए बैठा हूं।

खोल दो मन के द्वार तुम मेरे मां अपने आंचल में रख सिर को मेरे ना तुमसे

कोई बात छुपाना चाहता हूं हर बात बताना चाहता हूं।

पिता

वह सूर्य समान, उसकी ताप गर्म पर ताप गरम ,आवश्यक उसकी। गर जीवन में ना हो वो तो दिन भी है... एक रात घनेरी।

सबसे मुश्किल काम जीवन का उसको गले लगाना है ,

प्यार बहुत करता है हमसे यह अभी कहां हमने जाना है ।

कठोर नहीं है ह्रदय उसका उतना जितना हमें दिखता है,

दूर जाते हो जब तुम उससे मुंह घुमा वह आंसू अपने छिपाता है।

बेटा सफल हो मुझसे ज्यादा....

सिर्फ संसार में एक पिता ही है जिसने यह चाहा है....

जितेन्द्र कुमार सिंह
वाणिज्य स्नातक
तृतीय वर्ष

उदास

आदेश यादव
बीए हिंदी (ऑनर्स)
तृतीय वर्ष

हमको जो याद रह गयीं बातें उदास हैं ,
बातों को अनसुना किए साँसें उदास हैं ।

पलकों में उदासी की कोई दास्ताँ छुपी ,
पर ये नहीं लगेगा कि आँखें उदास हैं ।

कोई तो ख़ुशगवार मेरे साथ-साथ चल,
मुद्दत से इस सफ़र में जो राहें उदास हैं।

अब तेरे कहकहों से मेरा राब्ता नहीं,
दिन ढल रहें हैं याद में रातें उदास हैं।

शायद उदासियों का सबब हो तुम्हें पता,
आओ गले लगा लूँ कि बाहें उदास हैं।



"संविधान सभा में राजभाषा हिंदी पर हुई बहस की समीक्षात्मक व्याख्या।"

शिवम् सिंह
बी ए (ऑनर्स) हिंदी, तृतीय वर्ष

संविधान सभा में राज-भाषा पर हुई बहस को सुनकर मैं अपनी राय इस प्रतिवेदन के माध्यम से प्रस्तुत करता हूँ -

संविधान सभा की बहस सुनकर मुझे ऐसा प्रतीत हुआ कि " संघ की राज-भाषा " वास्तव में एक जटिल विषय था क्योंकि हमारे देश की स्वतंत्रता में केवल एक ही भाषा बोलने वाले लोगों का योगदान नहीं था वरन् विभिन्न प्रकार की भाषा बोलने वाले, विभिन्न जातियों, इस देश में रहने वाले कई धर्म के लोगों का योगदान था और इन लोगों की अपनी अलग- अलग भाषाएँ थी।

यद्यपि स्वतंत्रता आंदोलन के समय विभिन्न वर्गों ने एक साथ आन्दोलन किया और आज़ादी प्राप्त की,फिर भी संविधान सभा में ये सदस्य अपना- अपना पक्ष प्रस्तुत कर रहे थे। कुछ सदस्य 'राज-भाषा' के रूप में हिंदी की मांग कर रहे थे तो कुछ हिंदुस्तानी की।राज-भाषा के संबंध में अंग्रेज़ी, संस्कृत, उर्दू की भी वकालत करने वाले सदस्य मौजूद थे। कुछ सदस्य तर्कसंगत विचार प्रस्तुत कर रहे थे तो कुछ अपनी भाषा के प्रति प्रेम और दूसरी भाषा ,जो उन्हें पसंद नहीं थी उसके प्रति नफ़रत बयान कर रहे थे।

उदाहरण के रूप में मैं आर.वी .धुलेकर के वाक्यों पर अपनी राय प्रस्तुत कर रहा हूँ-

आर वी धुलेकर के अनुसार," जो हिन्दुस्तानी नहीं जानते हैं उन्हें हिन्दुस्तान में रहने का अधिकार ही नहीं है।जो लोग यहाँ भारत का विधान निर्माण करने आए हैं और हिन्दुस्तानी नहीं जानते, वे इस सभा के सदस्य होने योग्य नहीं हैं। बेहतर होगा कि वे सभा छोड़कर चले जाएँ।" (निर्देशक- श्याम वेनेगल,धारावाहिक, राज्यसभा टीवी,एपिसोड 7, 3 मिनट 55 सेकंड- 4 मिनट 9 सेकंड)।

इस तरह के विचार धुलेकर जी के थे जिनसे मैं सहमत नहीं हूँ।शायद धुलेकर जी भूल गए थे कि इस देश में दक्षिण भारत या उत्तर- पूर्व के राज्य भी आते हैं जिन्हें हिन्दुस्तानी समझने में दुविधा होती है। यदि मैं उस समय संविधान सभा की अध्यक्षता कर रहा होता तो मैं यह प्रश्न धुलेकर जी से

अवश्य पूछता कि क्या गैर -हिन्दुस्तानी बोलने वाले को अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने या उसकी भाषा संबंधी समस्याओं को सभा में रखने का अधिकार नहीं है?

दूसरा प्रश्न यह कि धुलेकर जी के पास क्या अधिकार है कि वह निर्धारित करें कौन सभा में रहे और कौन न रहे ? धुलेकर जी के इन्हीं विचारों का परिणाम था कि उन्हें डॉ सच्चिदानंद द्वारा आगे बोलने से मना कर दिया गया।

संविधान सभा में हिंदी और हिन्दुस्तानी दोनों भाषाओं पर तीखी बहस चल रही थी। संविधान सभा में कांग्रेस का बहुमत था और कांग्रेस हिंदी को संघ की राजभाषा बनाने की पक्षधर थी (देश के विभाजन के पहले कांग्रेस हिन्दुस्तानी की पक्षधर थी) और हिंदी ऐसी कि जो संस्कृतनिष्ठ हो ,अन्य भाषाओं के शब्दों का समावेश न हो।

कांग्रेस के बहुमत का प्रभाव इस प्रकार से समझा जा सकता है -

प्रारूप समिति के सदस्य सादुल्लाह, प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ अंबेडकर से उनकी राय पूछते हैं तो अध्यक्ष जवाब देते हुए कहते हैं कि ,"हम इस तथ्य से इंकार नहीं कर सकते हैं कि कांग्रेस निर्विवाद बहुमत में है और अगर वे हिन्दुस्तानी को हिंदी में बदलना चाहते हैं ,तो हमें उस बात को शीघ्र ही या बाद में मानना होगा। तो बाद की अपेक्षा शीघ्र क्यों नहीं ?"(वही, 10मिनट 33 सेकंड - 10मिनट 51 सेकंड)।

डॉ. बी.आर.अंबेडकर का यह कथन मुझे अत्यधिक तर्कसंगत प्रतीत होता है क्योंकि उस समय संविधान सभा में कांग्रेस का बहुमत था और गैर-कांग्रेसी सदस्य प्रयास करने के बाद भी दूसरा विकल्प चुनने में सक्षम नहीं थे। यही वजह थी कि संविधान सभा के निर्णय के पहले ही प्रारूप समिति अपने दस्तावेज़ों में संघ की राजभाषा 'हिंदी' शब्द का प्रयोग करने लगी थी।

मेरा यह व्यक्तिगत मत है कि 'संघ की राज-भाषा ' के विषय को माडॅर्न मनु डॉ. अंबेडकर को सौंपा जाना चाहिए था क्योंकि जो व्यक्ति' हिंदू कोड बिल 'द्वारा लम्बे समय से चली आ रही कुरीतियों को खत्म कर सकता है ,उस व्यक्ति को संघ की राज-भाषा निर्धारित करने में कठिनाई नहीं होती।

संविधान सभा में हिंदी के पक्षधर हिंदी को ही सर्वश्रेष्ठ भाषा के रूप में देख रहे थे। वे हिंदी के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं थे।

उदाहरणार्थ-

संविधान सभा के सदस्य सेठ गोविंद दास के अनुसार ," हिंदी और केवल हिंदी इस देश की राष्ट्र-भाषा हो सकती है। हिंदी बनाम हिंदुस्तानी का विवाद अब समाप्त हो चुका है क्योंकि संविधान की धारा 99 के अनुसार केवल दो भाषाएँ हैं - अंग्रेज़ी और हिंदी जिनमें संसद की कार्यवाही हो सकती है। जहाँ तक दक्षिण भारत के नागरिकों और सदस्यों का सवाल है मैं स्वीकार करता हूँ कि कुछ वर्षों तक कार्यवाही को अंग्रेज़ी में चलाना होगा। उन पर हम ज़बरदस्ती कुछ लाद तो नहीं सकते ।मगर अंत में हिन्दी ही हमारी राष्ट्र-भाषा होगी और साथ में देवनागरी हमारी राष्ट्रलिपि।" (वही , 11 मिनट 19 सेकंड - 11मिनट 55 सेकंड)।

मैं गोविंद दास जी से यह प्रश्न करना चाहता हूँ कि यदि धारा 99 में दो ही भाषाएँ हैं - हिंदी और अंग्रेज़ी तो फिर वह हिंदी को ही इतना महत्व क्यों दे रहे हैं ? क्या गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों या लोगों का इस देश में कोई महत्व नहीं ?

मैं गोविंद दास जी के इस कथन से सहमत नहीं हूँ क्योंकि अनेकता में एकता हमारे देश की पहचान है ।स्वतंत्रता आंदोलन के समय ऐसे नेता समस्त क्षेत्र के लोगों को आंदोलन में सहभागिता करने के लिए आह्वान कर रहे थे परन्तु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संविधान सभा में भाषा का विवाद उत्पन्न कर क्षेत्र-विशेष, भाषा-विशेष के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य कर रहे थे।

दक्षिण भारतीय राज्यों की जनता या अन्य राज्यों की जनता (जो हिंदी समझने में असमर्थ थी) की स्थिति ठीक उसी प्रकार थी जैसे कि वर्तमान समय में चल रहे किसान आंदोलन में किसानों की है। जिस प्रकार किसान कृषि क़ानूनों का विरोध कर रहे हैं और उनके प्रतिनिधि कुछ भी करने में असमर्थ हैं क्योंकि उनका लोकसभा में बहुमत नहीं है ,उसी प्रकार गैर हिंदी-भाषी जनता के प्रतिनिधि सभा में बहुमत न होने के कारण कुछ भी करने में असमर्थ थे।

टी. टी. कृष्णामचारी, लक्ष्मीकांत मैत्रा, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जैसे सदस्यों का मानना था कि हिंदी को ऐसे लोगों पर नहीं थोपा जाना चाहिए जिनके लिए हिंदी एक नई भाषा के रूप में है।

संविधान सभा में हिंदुस्तानी को राज-भाषा बनाए जाने के विचार को कुछ सदस्यों के विरोध का सामना इसलिए करना पड़ा क्योंकि संघ की राज-भाषा हिंदुस्तानी बनाए जाने पर उसमें उर्दू भाषा के भी शब्द शामिल हो जाते ।देश विभाजन के पश्चात पाकिस्तान उर्दू को अपनी राज-भाषा घोषित

कर चुका था जिससे भारतीय संविधान सभा में हिंदी प्रेमी सदस्यों ने उर्दू के प्रति गलत अवधारणा बना ली थी और वे सदस्य अपने देश की राज-भाषा में उर्दू को किसी भी प्रकार का स्थान नहीं देना चाहते थे।

सेठ गोविंद दास ने सभा में ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जिसको सुनकर स्पष्ट होता है कि वह संघ की राज-भाषा को एक सांप्रदायिक रंग में रंगना चाहते थे।

गोविंद जी के अनुसार, " हम उर्दू से प्रेम रखते हैं मगर उर्दू भाषा ईरान और अरब की तरफ देखती रही है। उर्दू भाषा केवल मुसलमानों की अकेली भाषा है ये मैं नहीं कहता मगर मैं यह अवश्य कहूँगा कि हिंदी के समर्थक सांप्रदायिक नहीं हैं , जो उर्दू का समर्थन करते हैं वे सांप्रदायिक हैं।" (वही, 20 मिनट 10 सेकंड - 20 मिनट 29 सेकंड)।

मुझे लगता है कि गोविंद दास जी अवश्य ही विकृत मानसिकता के परिचायक थे जो कि भारत जैसे लोकतांत्रिक, पंथनिरपेक्ष देश के लिए कैंसर बीमारी से कम नहीं है। इस प्रकार की संकीर्ण विचारधारा का व्यक्ति संविधान सभा का सदस्य बनने के योग्य ही नहीं था।

अब मैं ऐसे सदस्य के बारे में बताना चाहता हूँ जिसने सेठ गोविंद दास जैसे सदस्यों को एक तार्किक जवाब दिया क्योंकि सेठ गोविंद दास जैसे सदस्य ही गिरगिट की तरह रंग बदल रहे थे। पहले तो 'हिंदुस्तानी' की बातें किया करते थे और जब संघ की राज-भाषा बनाने की बात आयी तो 'हिंदी' के पक्ष में बोलने लगे। यह सदस्य कोई और नहीं बल्कि काज़ी सईद करीमुद्दीन थे जिनके अनुसार- " मैं सेठ गोविंद दास की तवज्जो उन्हीं की तकरीर की तरफ दिलाना चाहता हूँ। सन् 1945 की बजट स्पीच में इन्होंने कहा था कि मुझे बड़ा अफसोस है कि मैं अपनी तकरीर हिंदुस्तानी में नहीं कर सकता। सन् 1945 में इनकी जबान हिंदुस्तानी थी जो आज देवनागरी रसमुल खत्म-ए-हिंदी हो गई। इसका कोई जवाब है इनके पास। इसकी वजह यह है कि 1947 के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय जबान उर्दू होने का एलान किया। मैं हिंदी के खिलाफ नहीं हूँ लेकिन जब यहाँ की जबान हिंदुस्तानी है तो उर्दू के बारे में इतनी नफरत क्यों जाहिर की जाती है? अपने बहुमत के जरिए आप इसे एकदम खत्म और बंद क्यूँ कर देना चाहते हैं?"(वही , 28 मिनट 56 सेकंड- 29 मिनट 42 सेकंड)।

संघ की राज-भाषा के चयन पर संविधान सभा के सदस्य शंकर राव देव ने ऐसे विचार विचार व्यक्त किए जो कि उन लोगों के लिए एक सीख थी जो एक भाषा और एक संस्कृति की भावना रखते हैं।

शंकर राव जी के अनुसार, " एक भाषा ,एक संस्कृति का नारा बड़ा ही खतरनाक नारा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक भी एक देश ,एक संस्कृति की दुहाई देते हैं।मगर महोदय आज इस बात का अर्थ सिर्फ इतना है कि बहुत से लोगों पर केवल कुछ लोगों की मर्ज़ी का वर्चस्व चलेगा।"(वही , 39 मिनट 18 सेकंड - 39 मिनट 38 सेकंड)। मैं शंकर राव जी के विचारों से सहमत हूँ। यदि हम एक भाषा , एक संस्कृति की विचारधारा को अपना लेते तो हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों का देश के प्रति बलिदान ही व्यर्थ हो जाता क्योंकि ये बलिदान ऐसे लोगों ने अपने देश के लिए किया जिनके लिए जाति, धर्म, भाषा से ऊपर राष्ट्र की एकता थी।

तत्कालीन शिक्षा मंत्री मौलाना आज़ाद ने संविधान सभा में एक प्रभावी भाषण दिया जिसमें उन्होंने कई बातें स्पष्ट की। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी और गाँधी जी का एक ही राय पर अमल रहा कि राज-भाषा के रूप में हिंदुस्तानी को स्वीकार किया जाना चाहिए। मौलाना आज़ाद कहते हैं कि ," मुझे बेहद मायूसी हुई ये देखकर कि चंद गिने हुए कदमों के सिवा तमाम कदम अपनी जगह से हिल रहे थे।"(वही, 47 मिनट 37 सेकंड- 47 मिनट 48 सेकंड)।

मौलाना आज़ाद हिंदुस्तानी के पक्षधर थे और वे कांग्रेस के सदस्यों को ही जिम्मेदार मानते थे कि वे हिंदुस्तानी के बजाय हिंदी को राज-भाषा बनाना चाहते हैं।लेकिन मुझे मौलाना आज़ाद के इसी भाषण में एक विरोधाभास नजर आता है जब वह प्रारूप समिति पर आरोप लगाते हुए कहते हैं कि ," मैंने ये देखा कि अखसरियत पहले से ही एक खास राय पर ज़मी हुई थी। किसी भी तरह इस बात के लिए राज़ी नहीं थी कि हिंदी की जगह हिंदुस्तानी को इख्तियार कर लिया जाए। "(वही, 48 मिनट 30 सेकंड - 48 मिनट 46 सेकंड)।

मेरा व्यक्तिगत मत है कि मौलाना आज़ाद को प्रारूप समिति पर आरोप न लगातार कांग्रेस को ही जिम्मेदार मानना चाहिए था क्योंकि उस समय कांग्रेस ही बहुमत में थी। जैसा कि प्रारूप समिति के अध्यक्ष ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था।

मुझे लगता है कि संघ की राज-भाषा के बहस के दौरान एक प्रस्ताव से ही स्पष्ट हो गया था कि संघ की राज-भाषा हिंदी ही होगी।यह प्रस्ताव एन गोपाल स्वामी अयंगार ने प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि -" एक बात पर लगभग सभी ने अपनी सहमति जताई कि भारत की तमाम भाषाओं में से ही किसी एक भाषा को सारे भारत की भाषा के रूप में चुनना चाहिए। अंतिम निर्णय है कि हमें हिंदी को अपनाना चाहिए। संविधान के अंतर्गत संघ के सभी आधिकारिक कार्यों की भाषा

हिंदी ही हो। साथ ही एक अन्य फैसला यह लिया गया कि अगले 15 साल में हिंदी को कामकाज के लायक बनाने तक अंग्रेज़ी का इस्तेमाल हो। मैं यहाँ प्रस्तावित करता हूँ कि संघ की राज-भाषा हिंदी और लिपि देवनागरी हो और संख्याओं को अंतर्राष्ट्रीय गणना में लिखा जाए।" (वही, 17 मिनट 06 सेकंड - 18 मिनट 11 सेकंड)।

- इसी प्रस्ताव के द्वारा ही अयंगार ने संख्याओं के विवाद को भी स्पष्ट कर दिया।

अन्ततः कांग्रेस के गरम दल एवं नरम दल के नेताओं में समझौता हो गया। हिंदी वालों ने संख्याओं के अन्तरराष्ट्रीय रूप को हटाने की ज़िद छोड़ दी और दूसरे दिन 14 सितंबर 1949 को हिंदी को संघ की राज-भाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया। दक्षिण भारतीय सदस्यों ने भी हिंदी के पक्ष में अपनी सहमति दे दी।इसके साथ ही अंग्रेज़ी को 15 वर्षों तक संघ की दूसरी राज-भाषा के रूप में स्वीकार किया गया। हांलाकि वर्तमान समय में भी हिंदी के साथ अंग्रेज़ी राज-भाषा के रूप में कार्य कर रही है।

- अब मैं हिंदी को राज-भाषा बनाए जाने क पक्ष एवं विपक्ष में तर्क प्रस्तुत करना चाहता हूँ-

हिंदी के पक्ष में तर्क- संविधान की धारा 99 में दो ही भाषाएँ हिंदी एवं अंग्रेज़ी का होना। अंग्रेज़ी की तुलना में हिंदी को समझने वालों की संख्या अधिक थी।

- संविधान सभा में हिंदी-भाषी सदस्यों का बहुमत होना।

भारत- पाकिस्तान के विभाजन के बाद पाकिस्तान द्वारा उर्दू को राज-भाषा बनाया जाना , जिससे भारतीय संविधान सभा के अधिकांश सदस्य उर्दू को हिंदी के विरोधी के रूप में देखने लगे और उनका रुझान हिंदी की तरफ बढ़ गया।

हिंदी के विपक्ष में तर्क-

- भारत के आधे से अधिक राज्यों में हिंदी का न बोला जाना।

राज-भाषा के रूप में हिंदी को प्राथमिकता देना इसलिए असंगत था क्योंकि हमारे देश के स्वतंत्रता आंदोलन में केवल हिंदी- भाषी जनता का ही योगदान नहीं था।

- सम्पूर्ण जनता का प्रतिनिधित्व न हो पाना।

निष्कर्ष- संविधान सभा में राज-भाषा पर हुई बहस को सुनकर स्पष्ट हो जाता है कि बहुसंख्यक जनता का प्रभाव प्रत्येक क्षेत्र में होता है।

उदाहरणार्थ- जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर की जनता के विरोध प्रदर्शन के बाद भी धारा 370 को खत्म कर दिया गया और वहाँ की जनता को उसे स्वीकार करना पड़ा क्योंकि धारा 370 को खत्म करने वाली पार्टी का लोकसभा में निर्विवाद बहुमत था ,ठीक उसी प्रकार गैर- हिंदी भाषी जनता और उनके प्रतिनिधियों के विरोध करने के बाद भी कांग्रेस ने हिंदी को राज-भाषा बनाया और उसे स्वीकार करना पड़ा क्योंकि कांग्रेस का संविधान सभा में बहुमत था।

मैं गाँधी जी के कथन से सहमत हूँ कि ,"हिन्दुस्तानी भाषा को न संस्कृतनिष्ठ हिंदी बनाना चाहिए न फारसी भरी उर्दू। इसे तो दोनों का एक मीठा- सा मिश्रण होना चाहिए।"(वही, 5 मिनट 31 सेकंड - 5 मिनट 53 सेकंड)।

यदि मैं संविधान सभा का सदस्य होता तो नि:संकोच राज-भाषा के रूप में हिंदुस्तानी और इसके साथ ही अंग्रेज़ी की मांग करता।

मेरे मतानुसार राज-भाषा के चयन में गाँधी जी के लोकतंत्र के इसी विचार को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी," प्रजातंत्र की भावना रूपों के उन्मूलन द्वारा समायोजित की जाने वाली एक यांत्रिक चीज नहीं है। इसके लिए हृदय परिवर्तन की आवश्यकता है ....लोकतंत्र की भावना के लिए भाईचारे की भावना का समावेश होना चाहिए ।लोकतंत्र एक राज्य नहीं है जिसमें लोग भेड़ की तरह काम करते हैं। लोकतंत्र के तहत , राय और कार्यवाई की व्यक्तिगत स्वतंत्रता ईर्ष्या की रक्षा है।" (लेखक- रमिन जहांबेगलू ,समाचार पत्र 'द हिन्दू ' , 1 फरवरी, पृष्ठ संख्या- 6)।

रिश्तों की महक कहां खो गई है?

अदिति गुप्ता
हिन्दी ऑनर्स, द्वितीय वर्ष

क्या यह चंद पैसों की गुलाम हो गई है
एक समय था जब रिश्तों मे खोजी जाती थी खुशियां
अब वह खुशियां क्या चंद रुपयों की मोहताज हो गई है
रिश्तों की महक कहां खो गई है?
कुछ समय पहले माता - पिता के चरणों में बसता था स्वर्ग
क्या वह कुछ दान पेटी के दानों में खो गई है
ऐसा लगता है कल ही की तो बात है
आंख खुलते ही क्या वह खुशियां ओझल हो गई है
रिश्तों की महक कहा खो गई है?
एक समय था जब परिवार में खुशियां खोजते थे लोग
क्या वह कुछ जायदादों में खो गई है
रिश्तों की महक कहां खो गई है?
क्या आज की पीढ़ी पैसों की गुलाम
तो वही मां - बाप की दृष्टि वृद्धा आश्रम की मोहताज हो गई है
रिश्तों की महक कहां खो गई है?



फिर क्यों न कहें हम, हम हिन्दी के सम्राट हैं

सर्वेश कुमारी
हिन्दी ऑनर्स, द्वितीय वर्ष

फिर क्यों न कहें हम,हम हिन्दी के सम्राट हैं
विक्रम लाये साहित्य यह गौरव कि बात हैं,
जिन के 57 वर्ष पश्चात शुरु होता औरों का इतिहास हैं,
फिर क्यों न कहें हम, हम हिन्दी के सम्राट हैं।

अपनों से वैर नहीं यह एकता का विश्वास हैं,
गुरुओं का सम्मान करना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार हैं
फिर क्यों न कहें हम, हम हिन्दी के सम्राट हैं।

देश एक ज्ञान का सागर यह आश्चर्य की बात हैं,
जिन आचार्यो में आती यह दृढ़ निश्चय कि बात हैं,
फिर क्यों न कहें हम, हम हिन्दी के सम्राट हैं।

प्रेमचंद की कथाओं में चलती पूस की एक रात हैं
जिन कथाओं में आता जबरा भी एक पात्र हैं,
फिर क्यों न कहें हम, हम हिन्दी के सम्राट हैं।

रीतिसिद्ध काव्यों में चलती सिद्धों की यह बात हैं,
जिन रीतिसिद्ध में आते बिहारी एक मात्र हैं,
फिर क्यों न कहें हम, हम हिन्दी के सम्राट हैं।

फिर क्यों न कहें हम, हम हिन्दी के सम्राट हैं,
फिर क्यों न कहें हम, हम हिन्दी के सम्राट।

युवा नेतृत्व

अर्गति विजय
बीए (ऑनर्स) हिंदी

युवा नेतृत्व एवं युवाओं की भागीदारी राष्ट्रनिर्माण में बहुत महत्वपूर्ण है। वे न केवल राष्ट्र के भविष्य को सशक्त बनाने में सक्षम होते हैं, बल्कि वे समाज के सभी क्षेत्रों में नए विचारों, नए उत्साह के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र की तरक्की में अहम भूमिका निभाते हैं।

युवाओं को नयी सोच और नये उद्देश्यों की ओर ले जाने का काम सबसे बड़ा काम है। यही उन्हें राष्ट्र के विकास में नई ऊर्जा का स्रोत बनाता है। उनके नए विचार, नए उपाय राष्ट्र की तरक्की के लिए अवश्यक होते हैं। युवाओं की रुचि, उत्साह, जोश और सक्रियता से राष्ट्र की तरक्की तेजी से होती है।

युवाओं की भागीदारी से न केवल राष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति होती है, बल्कि यह समाज में एक अद्भुत परिवर्तन भी लाता है। वे जन-जीवन में नए अवसर बनाते हैं और नए उद्यमों की शुरुआत करते हैं। उनके द्वारा समाज में अपराधों को कम करने का काम भी किय जाता है।

क्या यहीं तक का था सफर तुम्हारा

अनुज शुक्ल
बीए प्रो., तृतीय वर्ष

जो नहीं लड़ा है लहरों से
वो बचना कैसे सिखलायेगा
जो नहीं गिरा है जीवन में
वो उठना कैसे बतलायेगा
और माना नही जानते कुछ भी तो कोशिश भी नही करोगे तुम
क्या यहीं तक का था सफर तुम्हारा आगे नहीं बढ़ोगे तुम ?

हमको मंजिल की राहों को
बस आसान दिखाया जाता है
आएंगे उसमे कंकड़ पत्थर भी
ये नहीं बताया जाता है
और माना नहीं बताया तुमको तो नहीं लड़ोगे तुम
क्या यहीं तक का था सफर तुम्हारा आगे नहीं बढ़ोगे तुम ?

अंतिम क्षण तक चलेगा जो
वो ही मंजिल को पायेगा
जो सागर में नाव उतारेगा
वो ही उसको पार लगाएगा
और माना हार गए हो तो फिर से नहीं उठोगे तुम
क्या यहीं तक का था सफर तुम्हारा आगे नहीं बढ़ोगे तुम ?

सूरज ढलने पर अंधियारा छा जाएगा
कुछ पल रुककर फिर वो नया सबेरा लाएगा
पर उसी सबेरे एक पल ऐसा आता है
सूरज के रहने पर भी जो अंधकार कर जाता है
और माना हो उसी अंधकार में तो उजाला नहीं करोगे तुम
क्या यहीं तक का था सफर तुम्हारा आगे नहीं बढ़ोगे तुम ?

हर रोज़ उठता है धुआँ

हर रोज़ अंधेरा होने से पहले ही
उस घर से उठता है धुआँ
एक माँ
अपने बच्चों के साथ
बैठकर फूंकती है
चूल्हा
और पकाती है खाना
उनका पेट भरने
के लिए ,
उनके घर के ऊपर नहीं है
ठीक से कोई छत और
ना ही
प्रकाश के लिए
बिजली या दीपक
और फिर
रात होने से पहले ही
उस घर से
बंद हो जाती है
आनी आवाज़
शायद वो
सो जातें हैं जल्दी
उतनी ही जल्दी
जितनी जल्दी
वो
उठ जाते हैं सुबह
और निकल जाते हैं जंगल की तरफ
लकड़ियाँ इकट्ठा करने
के लिए
और फिर से वो माँ
फूंकती है
चूल्हा
उसके बाद निकल जाती है
लोगों के घर
काम करने के लिए
तब तक के लिए
वह
छोड़ देती है अपने बच्चों को अकेला
फिर वह लौट कर
आती है शाम में
और ; फिर अंधेरा होने से पहले ही
उठ जाता है उस घर से धुआं !।

अनुज शुक्ल

कौन जानता है उन्हें ?

कौन जानता है उन्हें ?
जिनके नाम
नहीं लिखें हैं
किसी भी किताब में या,
नहीं लिखे जाते किसी भी अख़बार में
उन्हें कौन जानता है ,
जिन्होंने बस एक पुकार पर
त्याग दिया अपना घर , बिछड़ गए
अपने परिवारों से
और न्योछावर कर दिया
अपने प्राणों को
भारत मां की रक्षा में ।
पर कोई तो जानता होगा उन्हें
शायद उन्हें जानता है,
वह पेड़ जिसके नीचे उन्होंने कठिन समय में
बितायी हैं रातें,
वह नदी जिसके पानी से उन्होंने
बुझाई है अपनी प्यास, और
शायद जानती होगी
वह धरती जिस धरती पर अंत समय में लड़ते-लड़ते उन्होंने
त्याग दिए अपने प्राण ।

अनुज शुक्ल

संस्कारयुक्त शिक्षा आज की आवश्यकता

दुर्गेश
हिन्दी ऑनर्स, तृतीय वर्ष

विचार मनुष्य की मूल शक्ति है... यह मनुष्य की मनः स्थिति में जन्मे विचारों का ही कमाल है कि आज हम जीवन के इस पृष्ठ तक आ पहुँचे है। मिट्टी से मंगल तक का हमारा यह सफर हमारे विचारों की अभूतपूर्व क्षमताओं को दर्शाता है मगर कल्पना करिये,क्या हो जब हमारे यह विचार सकारात्मकता और नकारात्मकता के भेद को भूल जाए? क्या हो जब हमारे यह विचार नैतिक धर्मता को अस्वीकार कर दें? कल्पना का परिणाम जितना वीभत्सात्मक है असल में ऐसा होने पर स्थिति इससे कई गुणा डरावनी होगी।

मैं यह बातें हवा में नहीं लिख रहा हूं, बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण की तरह ही हम मनुष्यों में भी एक वैचारिक प्रदूषण फैल रहा है। जिसके चलते हमारी नई पीढ़ियां प्रभावित हो रही हैं ऐसे में इससे बचने के लिए हमें नई पीढ़ी की क्षतिग्रस्त नींव को मजबूत करना होगा।

हमें इसकी शुरुआत प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था से करनी होगी, यह आश्चर्य की बात है कि किसी समय में सर्व विद्या की राजधानी कहा जाने वाला हमारा यह देश आज अपनी शिक्षा व्यवस्था से जूझ रहा है। इतिहास के अक्षर बताते हैं कि भारतवर्ष में शिक्षा की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था गुरुकुलों के रूप में उपस्थित थी।

तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी के विश्वविद्यालय इन गुरुकुलों का ही विकसित रूप थे। चीनी यात्री हवेनसांग के यात्रा विवरण और अनेक ऐतिहासिक संदर्भ हमें यह बताते हैं कि इन विश्वविद्यालयों में दूर देशों से भी विद्यार्थी पढ़ने आते थे।

गौर करने वाली बात यह है कि ये उस वक्त की बात है जब पूरी दुनिया में न तो कहीं उन्नत संचार व्यवस्था थी और न ही यातायात सुविधाएं

इसे पढ़ने के बाद आप सोच रहे होंगे कि भारत में ऐसे बड़े विश्वविद्यालय तो आज भी हैं और आज भी इनमें विदेशों से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं लेकिन सोचने योग्य बात यह हैं कि तब की शिक्षा का उद्देश्य क्या था और आज दी जाने वाली शिक्षा का उद्देश्य क्या है?

शिक्षा का उद्देश्य स्वस्थ व्यक्तित्व का निर्माण होना चाहिए किन्तु आज लगभग सभी शैक्षणिक संस्थानों में दी जाने वाली शिक्षा का उद्देश्य महज़ नौकरी पाना हो गया है। जिसके चलते

आज की युवा पीढ़ी दुनिया द्वारा बनाये गए मानकों के आधार पर साक्षर तो हो गई है लेकिन धीरे-धीरे उसके जीवन का दायरा छोटा होता जा रहा है। ऐसे में नई पौध का समग्र विकास करने के लिए हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था के साथ संस्कारों को अनिवार्य रूप से जोड़ना चाहिए।

शिक्षा मनुष्य के जीवन का अनमोल उपहार है जो किसी व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदलने की क्षमता रखती है वही संस्कार जीवन का सारांश है इसके माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। मेरा यह मानना है कि जब किसी मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का समुचित विकास होगा तब वह परिवार, समाज, राष्ट्र और विश्व के सकारात्मक विकास की ओर अग्रसर होगा।

सही मायनों में शिक्षा का तात्पर्य सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि चारित्रिक ज्ञान भी होता है जिसपर हम आज की इस तनावपूर्ण और भागदौड़ भरी जिंदगी में तनिक भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वर्तमान परिवेश में हम अपनी जिम्मेदारियों से भागते हुए अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला दिलाकर संतुष्ट हो जा रहे हैं, लेकिन हमारी लापरवाही हमारे बच्चों को गुमराह कर रही है। जिसके चलते आज के अधिकांश बच्चे संभ्रांत तो बन जाते हैं पर उनमें विवेकशीलता क्षीण हो रही है।

समाज में निरंतर सुधार और बदलाव तभी होते हैं जब समाज में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति में अच्छे गुणों का विकास होता है और व्यक्ति के गुणों का विकास यूं ही नहीं होता इसकी नींव हमें बच्चों की बाल्यावस्था में ही रखनी पड़ती है और अनिवार्य रूप से हमें उनमें तीन गुण आत्मसात करवाने होते हैं। यह तीन गुण ज्ञान, कर्म और श्रद्धा है। इन तीन गुणों के विकास से व्यक्तित्व विकास का प्रथम सत्र प्रारम्भ होता है।

मेरे हिसाब से आज जो राष्ट्रव्यापी अनैतिकतावादी प्रदूषण समूचे विश्व को दूषित कर रहा है उसका मुख्य या मूल कारण बच्चों में संस्कार युक्त शिक्षा का अभाव है और इसके जिम्मेदार हम खुद हैं।

हम छदमवाद से भरे झूठे और दिखावे वाले जीवन के पीछे भारतीय अमूल्य संस्कारों के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं। निश्चित रूप से पश्चिमी सभ्यता का आँख मूंद कर अनुसरण करना ही हमें और हमारे बच्चों को पथभ्रष्ट कर रहा है।

आज बच्चों में सांसारिक और आध्यात्मिक शिक्षा दोनों की नितांत ज़रूरत है क्योंकि शिक्षा हमें जीविका के अवसर देती है और संस्कार जीवन को मूल्यवान एवं महत्वमयी बनाते हैं। मुझे लगता

है यह कार्य उतना भी मुश्किल नहीं है जितना हम इसे समझते हैं अगर हम अपने बच्चों में भारतीय संस्कृति, परम्परा और एकता आदि का बीजारोपण करते हैं तो उनमें खुद ब खुद संस्कारों का प्रस्फुटन हो जायेगा।

अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों का भी यह कर्तव्य बनता है कि वे कक्षा तथा खेल के मैदान में ऐसा वातावरण उपस्थित करें जिससे बच्चों में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास हो विद्यालय स्तर पर भी लगातार ऐसी गतिविधियों का आयोजन होना चाहिए जिससे बच्चों में आत्मसंयम, अनुशासन, उत्तरदायित्व, आज्ञाकारिता, विनयशीलता, सहयोग, सहानुभूति और प्रतिस्पर्धा आदि गुणों का विकास हो सके।

आज अधिकांशतः सरकारी स्कूलों में ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चे पढ़ने आते हैं जो मूलतः मजदूर और कृषक वर्ग से ताल्लुक रखते हैं यह समाज का वह वर्ग है जो मुख्य धारा में जुड़ने के लिए लगातार संघर्षरत है ऐसे में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को अधिक परिश्रमशील बनने की आवश्यकता है क्योंकि यह बच्चे देश का भविष्य हैं और इन्हें कुशल नागरिक बनाना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

मैं व्यक्तिगत रूप से कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य रूप से नैतिक शिक्षा से जुड़े पाठ्यक्रम का समर्थक हूं। बच्चों को विश्व के महान व्यक्तित्वों की जीवनी और उनके विचारों का भी ज्ञान कराना आवश्यक है क्योंकि यह वो उम्र है जिसमें बच्चे हीरो की तलाश करते हैं और ये हीरो जब उन्हें आस पास नहीं मिलते तो वो टी.वी. और कॉमिक्स में नकली हीरो पाकर संतुष्ट हो जाते हैं यहां तक तो फिर भी ठीक था पर टी. आर. पी. और ब्राइस की अंधीदौड़ में भाग रहे चैनल आज कुछ भी दिखा रहे जिनका बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में हमारा यह दायित्व बनता है कि हम अपने बच्चों को समाज के असली रक्षकों के बारे में बताएं।

हम बताएं कि कोई गुरुगोबिंद सिंह और उनके बेटे भी थे, हम बताएं कि 23 साल की उम्र में फाँसी का फंदा चूमने वाला माँ भारती का अलबेला बेटा भगत बचपन में कैसे बंदूकें बो रहा था। हम नई पीढ़ियों को बताएं कि कैसे मुलशंकर नाम का एक बालक शिवरात्रि के दिन चूहे को शिवलिंग पर खेलता देख संसार के आडम्बरो से पर्दा हटा देता है।

इतिहास पर नजर डालें तो पता चलता है कि ऋषि-मुनि जो शिक्षा देते थे, वह उनका समग्र ज्ञान था। उनकी शिक्षा व्यवस्था के लिए नहीं थी वो संस्कृति के रक्षकों को आकार देते थे। कर्म से धर्म तक, नैतिक ज्ञान से चरित्र निर्माण तक शस्त्र से शास्त्रार्थ तक, व्यक्ति व्यवहार से आचरण तक की शिक्षा अर्जित करने के बाद किसी को योग्य समझा जाता था। लेकिन मुझे इसका भान है कि आज के

दौर में इसकी अपेक्षा नहीं की जा सकती है। किन्तु हम नई पीढ़ी से इतनी तो आशा कर ही सकते हैं कि वह अच्छा इन्सान बने, वो मानवीय गुणों को अपनाकर समाज एवं देश की सेवा करें, उनमें सहयोग की भावना विकसित हो, उनमें सबके साथ मिल-जुल कर रहने की भावना जन्मे। मैं चाहता हूं कि हमारी शिक्षा व्यवस्था मनुष्य में सद्भावना एवं सद्प्रवृत्ति को बढ़ाए। हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो कि वह एक सुसंस्कृत समाज की आधारशिला बन सके। यह व्यवस्था महज़ काग़ज़ की रसीद रूपी डिग्री पाने के लिए न हो बल्कि एक नए सवेरे की ओर ले जाने वाली हो। यह व्यवस्था ऐसी हो कि हमें ले जाये बुराई से अच्छाई की ओर, हीनता से उच्चता की ओर, असंभव से संभव की ओर, हिंसा से अहिंसा की ओर, पशुता से मनुष्यता की ओर.. और इसके बाद हमें जो मिलेगा यही स्वस्थ जीवन होगा, यही समृद्ध संस्कृति होगी, पश्चिमीकरण, भौतिकवादी दृष्टिकोण, अतितार्किकता और औद्योगीकरण को विकास मानने से भारतीय संस्कृति का आध्यात्मिक आधार लगातार शिथिल हो रहा है, जिसके चलते वर्तमान परिवेश में भारतीय शिक्षा व्यवस्था भारतीय संस्कृति व संस्कारों का वाहक बनने के स्थान पर मिश्रित संस्कृति को पुष्ट करने वाली एक इकाई बनकर रह गई है। इस मिश्रित संस्कृति से भारत के नागरिकों को भरसक नुकसान हुआ है और उनपर अर्पण का भाव रखने वाली भारतीय संस्कृति से ज्यादा व्यक्तिगत हित को सर्वोपरि मानने वाली पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव परिलक्षित होने लगा है... यही कारण है कि आज नैतिक व श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के स्थान पर अनैतिक आचरण, भ्रष्टाचार, संकुचित जातिवाद, दायित्वहीनता भारतीयों पर हावी होती जा रही है। यह शिक्षा के साथ संस्कारों को प्राथमिकता न देने का ही नतीजा है कि अध्यात्म आधारित सुख व खुशहाली के स्थान पर लोग भौतिकतावादी संतुष्टि को जीवन का ध्येय मान रहे है।

भ्रम और भौतिकता से भरी पश्चिमी सभ्यता के नकारात्मक प्रभावों से भारत की नई पीढ़ी को बचाने के लिए प्राचीन संस्कारों एवं परिवर्तित आचरणीय मानकों के बीच समन्वय का मार्ग निकालकर नए नैतिक, धार्मिक, प्रजातान्त्रिक सामाजिक, वैयक्तिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक, मानकों को सबल करने की आवश्यकता है।

मेरा इस बात पर प्रबल पक्ष है कि अगर किसी व्यक्ति की शिक्षा-दीक्षा उचित वातावरण में हो, तो उस व्यक्ति का जीवन मर्यादित, संयमित, अनुशासित, नैतिक और श्रेष्ठ चारित्रिक गुणों का संगम बन जाता है। बस जरूरत है तो अपनी संस्कृति को पहचानने की, अपने अतीत के प्रति गौरव की अनुभूति की, भविष्य के प्रति आस्था उतारने की, युवाओं में राष्ट्रवाद की अभिव्यक्ति की राष्ट्रभक्ति की और राष्ट्र प्रतिष्ठा के पुनः निर्माण की निष्ठा की और यह सब संस्कार आधारित शिक्षा पद्धति के प्रयोग से संभव है।

उत्साह से उत्थान तक

दुर्गेश
हिन्दी ऑनर्स, तृतीय वर्ष

"उत्साह" कहने को तो यह हिंदी का एक छोटा सा शब्द मात्र है किंतु इस छोटे से शब्द में जीवन की सफलता का गूढ़ सूत्र संरक्षित है। मुझे लगता है कि ज़िंदगी तमाम उतार चढ़ावों से सजी हुई एक कसौटी है जिसे हर कोई अपने तरीकों से हल करने का प्रयास करता है लेकिन अब तक की अपनी ज़िंदगी में मैंने तमाम कठिन मरहलों का सामना करते हुए यह महसूस किया है कि यदि आपके मन में "उत्साह" है तो आप कठिन से कठिन वक़्त को भी मुस्कुराते हुए झेल सकते हैं पर वहीं अगर आपके अंदर उत्साह का भाव नहीं अवतरित हो रहा है तो निश्चित रूप से सोने की सेज भी आपको काँटों के समान चुभने लगेगी।

अक्सर लोग घर, परिवार और समाज के सामने प्रसन्नता का अभिनय करते हुए उत्साही दिखने का प्रयास करते हैं किंतु यह स्थिति उत्साही न होने से भी घातक है वास्तव में यहीं से अवसाद का उद्भव होता है।

आपको जानकर हैरानी होगी की समूचे विश्व में अधिकतर लोगों को उत्साह का अर्थ ही नहीं पता है, उन्हें लगता है कि प्रसन्न रहना ही उत्साह है जबकि ऐसा नहीं है उत्साह की सटीक परिभाषा को स्वेट मार्डेन के कथन से समझा जा सकता है। स्वेट ने कहा है कि, "काम करते रहने में उत्साह नहीं, कष्ट सहते रहने में उत्साह नहीं, प्रसन्न रहने में उत्साह नहीं, बल्कि काम करते हुए बीच में आने वाले कष्ट को सहते हुए प्रसन्न रहें और काम करते चले जाएं, वही उत्साह हैं।"

आप यदि उत्साह शब्द के सार तक पहुंचना चाहेंगे तो आपको दिखेगा कि इस अकेले शब्द में सम्पूर्ण जीवन को जीने की कला कल्पित हो रही है,"उत्साह परिपूर्णता की प्रथम इकाई है" उत्साह एक तरह का प्रतिरोध है निडरता के प्रति, निराशा के प्रति और निरंकुशता के प्रति। हमारे दौर के मशहूर लेखक और ग़ज़लकार जावेद अख्तर साहब का एक शेर है,

"क्यों डरें ज़िन्दगी में क्या होगा, कुछ ना होगा तो तज़रूबा होगा।"

इस शेर में जो भाव उजागर हो रहा है बस उसी भाव का नाम है उत्साह यदि यह भाव किसी व्यक्ति में है तो निश्चित है कि वह सफल होगा क्योंकि निडरता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह निडरता मन में तभी जन्म लेती है जब उसमें उत्साह होता है।

हाल के दिनों में मैं देख रहा हूं कि देश - दुनिया में आत्महत्याओं का चलन बढ़ गया है मुझे लगता है कि इसका सिर्फ एक कारण है और वो है उत्साह की कमी।

हमें और हमारी नई पीढ़ियों को यह समझना होगा कि चमचमाती लाइट्स और गूंजते हुए पॉप संगीत में मदिरा सेवन से जीवन में उत्साह उद्दरित नहीं होगा। उत्साह हमारे अंदर है लेकिन इसे ढूंढने के लिए हम बाहरी दुनिया में दर बदर घूमते रहते हैं जिसके कारण आख़िर में हमें निराशा ही मिलती है। इस निराशा के साथ कुछ लोग जीवन गुज़ार देते हैं और कुछ लोग जो निराशा को स्वीकारने का सामर्थ्य नहीं रखते हैं वो आत्म हत्या जैसे कदम उठा लेते हैं।

इस सब के पीछे गलती उस शख्स की नहीं है जिसने आत्महत्या की, गलती उस समाज की है जिसने कभी अपने सदस्यों को सही रास्ता दिखाया ही नहीं। गलती उस समाज की है जिसने अंतः शांति जैसी किसी चीज़ को स्वीकार ही नहीं किया।

उत्साह जीवन जीने की पहली इकाई है। मन में उत्साह का होना उतना ही आवश्यक है जितना कि शरीर में श्वासों का। बगैर उत्साह के मनुष्य या तो मृत होता है या मृत होने की तैयारी में होता है इसलिए मन में सदैव उत्साह का सेतु सधा होना चाहिए क्योंकि यह, "उत्साह ही है जो आपको उत्थान तक पंहुचा सकता है।"



युवा : जिंदगी एक कला है

गिरिशा सिंह तोमर
बीकॉम प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष

जिंदगी एक कला है
इसी में तो नशा है
क्यों है इतना परेशान तू,
इस परेशानी में ही तो दवा है
जिंदगी एक कला है।

क्या चाहता है इस जिंदगी से,
क्यों तू इतना खफ़ा है
किस बात का है तुझे गम,
और किस बात की मिली तुझे सज़ा है
जिंदगी एक कला है।

बढ़ना है आगे ...
तो क्यों दुनिया से डरा है,
जब तू घर से निकल पड़ा है,
इसी के लिए तो तू अपनों से लड़ा है,
जिंदगी एक कला है।

अब रुका है क्यों
ज़माने ने बेहया तुझे कहा है?
क्यों करता तू इनकी परवाह है!?
रुद्र तू डट के खड़ा है,
कलाकार यूही नहीं तुझे कहा है,
जिंदगी एक कला है।

बेखौफ तू बढ़ता चल,
बेफिक्र बस संभलता चल,
ये खुदा तेरे साथ खड़ा है,
न रुकना अब न झुकना अब,
कर्मों का मीठा फल तुझे मिला है,
जिंदगी एक कला है
जिंदगी एक कला है।

विभिन्न समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के छाया चित्र

संगोष्ठी
सम्मान समारोह-2022
अशोक सिंहल फाउण्डेशन
दिल्ली विश्वविद्यालय

“विषय : नई शिक्षा नीति और संस्कृत”
तिथि एवं समय : रविवार, 21 अगस्त 2022, दोपहर 3.00 बजे
समारोह स्थल : पीजीडीएवी महाविद्यालय (सांध्य) सभागार, नेहरू नगर, नई दिल्ली
सहभागिता : विहिप संस्कृत आयाम-भारत संस्कृत परिषद् राष्ट्रोक्ति वेबपोर्टल अशोक
संस्कृत परिषद्, पीजीडीएवी महाविद्यालय (सांध्य)

“विषय : नई शिक्षा नीति
तिथि एवं समय : रविवार, 21 अगस्त 2022, दोपहर 3.00 बजे
समारोह स्थल : पीजीडीएवी महाविद्यालय (सांध्य) सभागार, नेहरू नगर, नई

संस्कृत सम्भाषण शिविर

विशेष व्याख्यान

हंसराज महाविद्यालय व जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में संगोष्ठी

आशीर्वाद समारोह

संस्कृत प्रतियोगिताएँ



FAREWELL 04-05-2023

FRACTALS

JAGMOHAN SIR'S FAREWELL 28-07-2023

96

FROM ONE GLORIOUS CHAPTER TO A NEW ONE

Marketing Club Seminar held on 31.3.23

Library 2022-23

हिंदी विभाग

हिंदी साहित्य सभा



राजभाषा प्रकोष्ठ

P.G.D.A.V. COLLEGE
(UNIVERSITY OF DELHI)

P.G.D.A.V. COLLEGE
(UNIVERSITY OF DELHI)

You have the power
to fulfil dreams!

Gandhi Study Circle





HAPPY
NEW
YEAR


5016 Jovita tigga
5103 Yusuf Masroor
Gunjan Modi
S
Samridh Ranjan

K R I T A G

BLOO
MING


Corporateshala (Elevator pitch)



Corporateshala session


H
Harshit
Barnali
Kashish Singh
U
Uday
You
P
Pranav Gaur
4332 Sitansh
5020 Khu
14 others


Harshit
Pranav Gaur
You
120
5026Mohd Zaid ishrat

Drishyam-2023

CHALAVA

FILA

Extempore Competition(26-11-2022)

Essay Writing Competition on G20(12-6-2023)

Parliament Visit (31-03-2023)

Seminar on G20(21-02-2023)

Dramatics society

Annual Theatre Fest UMANG '23

Decoration of College with artificial Pots & Plants on 7th April, 2023

Teachers Day Celebration Tilak Ceremony of faculty Members by Students on 5th September, 2022

YOGA CLUB

MoU SIGNING CEREMONY

VALEDICTORY FUNCTION OF ADD-ON COURSE
on
"MIND MANAGEMENT THROUGH
SHRI BHAGAVAD GITA"
&
MoU Signing Ceremony
between

ISKCON

P.G.D.A.V COLLEGE (EVE.)
(UNIVERSITY OF DELHI)
VALEDICTORY FUNCTION OF ADD-ON COURSE
on
"MIND MANAGEMENT THROUGH
SHRI BHAGAVAD GITA"

&
MoU Signing Ceremony

VALEDICTORY FUNCTION OF ADD-ON COU
on
&
MoU Signing

Cultural Events

Welcome you to
संस्मृति

ALUMNI MEET 2023
संस्मृति

Welcome you to
ALUMNI MEET 2023
संस्मृति

(University of
ALUMNI COMMITTE & IQAC
Welcome you o
ALUMNI MEET 2023
संस्मृति
APRIL 16, 2023 (SUNDAY)
3:00 PM ONWARDS
AUDITORIUM,
P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
PROF. B. N. CHAUDHARY
PROF. HARISH ARORA
DR. ANITA BAJAJ
PROF. R. K. GUPTA

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
(University of Delhi)
ALUMNI COMMITTEE & IQAC
Welcome you to
ALUMNI MEET 2023
संस्मृति

Celebrates
दीपोत्सव
In the
NTENARY YEAR OF UNIVERSITY OF DELHI
With
"दीप से दीप जले"

पी.जी.डी.ए.वी(सांध्य)
शुभ दीपावली
शुभ हो दीप जले

पी.जी.डी.ए.वी(सांध्य)
शुभ दीपावली

दीपोत्सव
CENTENARY YEAR OF UNIVERSITY OF DELHI
"दीप से दीप जले"

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
(UNIVERSITY OF DELHI)
IN COLLABORATION WITH
JAMMU KASHMIR PEOPLES' FORUM
COMMEMORATES
KARGIL VIJAY DIWAS
पराक्रमी भारत - विजयी भारत
SH. MAHINDER MEHTA
(CONVENOR, JKPF)
PROF. R.K. GUPTA
(PRINCIPAL)

IN COLLABORATION WITH
JAMMU KASHMIR PEOPLES' FORUM
KARGIL VIJAY DIWAS
PROF. R.K. GUPTA
(PRINCIPAL)

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
JAMMU KASHMIR PEOPLES FORUM
KARGIL VIJAY DIWAS
PROF. R.K. GUPTA

SH. MAHINDER MEHTA
(CONVENOR, JMPF)
GUPTA
PAL)

Sankalp Diwas

P.G.D.A.V. COLLEGE (Eve.)
TALENT HUNT
BIHU
LOHRI
MAKAR SANKRANTI
PONGAL

Skill Innovation and Entrepreneurship Cell

ENACTUS PCDAVCW
PROJECT VASTU
GPS Map Camera
New Delhi, Delhi, India
H782+MHW, Nehru Nagar, Lajpat Nagar, New Delhi, Delhi 110065, India
Lat 28.566835°
Long 77.251588°

ENACTUS PCDAVCW
PROJECT VASTU
GPS Map Camera
PGDAV College
Google
New Delhi, Delhi, India
H782+MHW, Nehru Nagar, Lajpat Nagar, New Delhi, Delhi 110065, India
Lat 28.566837°
Long 77.251646°
09/09/22 04:15 PM

Pravah events

विकसित युवा
विश्वगुरु भारत
वर्ष 2080 की

प्रवाह 2023

प्रवाह

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)

sparx

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
COMPETITION

COLLEGE (EVE.)

REVEL BEATS

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
REVEL BEATS
WESTERN DANCE (GROUP)
COMPETITION
RIEVA
REVEL BEATS

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
PRAVAH '23

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
कलांजलि
प्रवाह
MARCH 21 & 22, 2023

ZESTREETS

PRAVAH
2023

PRAVAH

2:00 PM
3:30 PM
March 21 & 22, 2023
(Tuesday & Wednesday)
Do follow us on Instagram
MS. UDITA AGRAWAL
CONVENER
1:00 PM
3:00 PM
PROF. R. K. GUPTA
PRINCIPAL

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
(University of Delhi)
कलांजलि- THE CULTURAL COMMITTEE
presents
प्रवाह 2023
The Annual Cultural Fest
Theme
March 21 & 22, 2023
(Tuesday & Wednesday)
AUDITORIUM
Day-1, March 21, 2023
EVENTS
TIME
Non-Stop
10:30 AM
12:30 PM
2:00 PM
3:30 PM
AUDITORIUM
Day-2, March 22, 2023
EVENTS
TIME
आलाप
लोक गायन
11:00 AM
1:00 PM
3:00 PM

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
(University of Delhi)
कलांजलि- THE CULTURAL COMMITTEE
presents
प्रवाह 2023
The Annual Cultural Fest
AUDITORIUM
Day-1, March 21, 2023
AUDITORIUM
Day-2, March 22, 2023
P R A V A H

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
(University of Delhi)
कलांजलि- THE CULTURAL COMMITTEE
presents
प्रवाह 2023
The Annual Cultural Fest
March 21 & 22, 2023
AUDITORIUM
Day-1, March 21, 2023
EVENTS
TIME
10:30 AM
12:30 PM
AUDITORIUM
Day-2, March 22, 2023
EVENTS
TIME
11:00 AM
1:00 PM
3:00 PM

P.G.D.A.V. COLLEGE (EVE.)
(University of Delhi)
कलांजलि- THE CULTURAL COMMITTEE
presents
प्रवाह 2023
The Annual Cultural Fest
AUDITORIUM
Day-1, March 21, 2023
EVENTS
TIME
10:30 AM
12:30 PM
2:00 PM
AUDITORIUM
Day-2, March 22, 2023
EVENTS
TIME
11:00 AM
1:00 PM
3:00 PM

SV
S2


MS
BS
AI



S2
PG
BS

MS
S2
PG


PG
NC
BS

UNITY
DAY

GPS Map Camera
New Delhi, Delhi, India
H782+XJ5 Pgdav College Office, Nehru Nagar, Lajpat Nagar, New Delhi, Delhi 110024, India
Lat 28.567353°

राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन

New Delhi, Delhi, India

RASHTRIYA EKTA DIWAS-2023

IN
DELHI
DTE

GURU VISHRAM
Old Age Home
HELPLINE N. 8588888999
VRIDH ASHRAM
Managed By
SHEOWS

SONY

THE BLIND RELIEF ASSOCIATION

GURU VISHRAM VRIDH ASHRAM
Old Age Home
Managed By
SHEWS

Light, Water and Sanitation Committee

1
2
3

1
2
3

ENGLISH SECTION

FROM THE EDITOR'S DESK

Ms. Priyanka Chatterjee
Editor-English

Dear Readers,

Welcome to the English section of ***Neelambara***!

This year our focal theme is '***The Role of Youth in Nation Building***.' According to the 2022 revision of the World Population Prospects, India has more than 50% of its population below the age of 25 and more than 65% below the age of 35. This is, indeed, a great resource that our countryis harbouring. We are living in an era where AI is developing by leaps and bounds and, therefore, the youth should be at the helm of all affairs as this is their natural forte. They can truly lead our country to great heights with their immense grasp over technology and their in-born resourceful attitude. The youth of our country have the right balance of traditional values on the one hand and a modern mindset on the other. This is, undoubtedly, a winning combination.

In this issue of ***Neelambara***, amongst various offerings, we have our students writing on topics related to this focal theme. The regular feature of our magazine '***College Collage***' at the end also chronicles the wide array of activities that our young students have engaged in throughout the academic session which, in itself, is a pointer towards the immense potentiality and talent that lies in each one of them. As their teachers, we truly believe that they will use this potential to the best of their abilities. It would be the best way they can repay the debt to the country.

We sincerely hope that our readers enjoy going through the efforts put up by our students. I would like to express my sincere gratitude towards our respected Principal Prof. R.K. Gupta for being our guiding light at every stage in the publication of the magazine. I am also thankful to my co-editors from the Hindi and Sanskrit departments as well as our very talented student-editors. Do reach out to us with your valuable feedback and suggestions at neelambara@pgdave.du.ac.in.

Wishing you all health and happiness!

STUDENT-EDITORIAL

Dear Reader,

Saadat Ali
(Student-Editor)

It is with great pleasure and pride that we present to you this year's edition of ***Neelambara – The Annual College Magazine***, a highlight reel of our achievements and a platform for budding writers and artists to showcase their skill and work. This year's edition presents a fair balance of beautifully written artistic pieces and carefully constructed articles, compre-hensively demonstrating the talent of our youth. Speaking of Youth, this year's theme was "**Role of Youth in Nation Building**".

Undeniably, the youth is the most influential (and perhaps the most influenced) population group for any nation. The youth decides the trends of the present, and consequently, shapes the future. Hence, mobilising the youth towards good is one of the most important goals for any civilisation. It was only last year when it was published that around **half the population** of India is under the **age of 30** (*The Indian Express*, *May '22*, evaluating statistics from the NFHS-5). A promising prospect indeed. This youth, if nurtured, educated and trained properly can bring India to heights unseen. A Youth that is dynamic, informed and active. Youth that believes in swift and definite change when needed, but also in the conservation of the rich Indian culture that they inherit. With the knowledge of modernity and wisdom of tradition, a Youth that further sows seeds that bless this country once again when the torch is inevitably passed on to the next generation. This is the nation that we should aspire to build, and it is certainly one that I would want to live in.

Through this magazine, we are playing our part in this very mission, while also proudly extending our college's legacy. We hope you enjoy this edition of *Neelambara* and by the end of it, are inspired to pursue something great.

Best wishes!

Champions of Change: The Essential Role of Youth in Driving Sustainability and Nation Development

Ms.Tanishka Gupta
Guest Lecturer
Dept. of Commerce

Sustainability refers to the ability to meet the needs of the present generation without compromising the ability of future generations to meet their own needs. It involves balancing the economic, social, and environmental dimensions of development to ensure a healthy and sustainable future for all.

In practical terms, sustainability involves the adoption of practices and policies that promote environmentally responsible behavior, social equity, and economic growth. For example, the use of renewable energy sources such as wind and solar power instead of finite fossil fuels can help reduce greenhouse gas emissions and mitigate the impacts of climate change. This, in turn, contributes to the long-term sustainability of our planet.

Another example is sustainable agriculture, which involves the use of environmentally friendly farming practices such as crop rotation, the use of organic fertilizers, and the reduction of water usage. This type of agriculture not only protects the environment but also helps to ensure food security for future generations by maintaining soil fertility and preserving biodiversity.

Sustainable urban planning is another critical aspect of sustainability. This involves the design and development of cities that are livable, healthy, and environmentally responsible. This can be achieved through the promotion of sustainable transportation options, the use of green spaces, and the development of energy-efficient buildings.

The role of youth in promoting sustainability is crucial and imperative. They have the power to raise awareness and educate others, advocate for sustainable policies and practices, adopt sustainable lifestyle choices, participate in environmental activism, and drive innovation and entrepreneurship in the green economy. By doing so, they can contribute to

the creation of a sustainable future for themselves and future generations. It is imperative that young people are empowered and encouraged to take an active role in promoting sustainability and addressing environmental challenges. Their energy, creativity, and passion can have a profound impact and help build a sustainable world for all.

Sustainability encompasses three interrelated dimensions: environmental, social, and economic. Environmental sustainability focuses on preserving and protecting the natural environment for future generations. Social sustainability involves ensuring equitable and inclusive communities, with a focus on human well-being and social equity. Economic sustainability focuses on promoting economic growth and development while utilizing resources in a responsible and sustainable manner. These three dimensions are interdependent, and addressing one dimension without considering the others is unlikely to lead to long-term sustainability. Achieving true sustainability requires a holistic approach that takes into account the environmental, social, and economic impacts of actions and decisions.

Addressing sustainability is of utmost importance for future generations. The current rate of resource depletion and environmental degradation is unsustainable, and unless we take action, future generations will inherit a planet that is less hospitable and less able to support human life. Additionally, failure to address sustainability will lead to a decline in the quality of life and a reduction in economic opportunities. It is the responsibility of current generations to ensure that future generations have access to the resources and opportunities they need to thrive. By prioritizing sustainability, we can create a better future for all and leave a lasting legacy for those who come after us.

Adopting sustainable lifestyle choices is a crucial step that young people can take to promote sustainability. This involves making conscious choices in areas such as consumption, transportation, and energy use, with the aim of reducing one's carbon footprint and minimizing the impact on the environment. For example, reducing meat consumption, using public transportation or cycling instead of driving, and reducing energy consumption through the use of energy-efficient appliances, can all contribute to a more

sustainable lifestyle. Additionally, young people can support sustainable businesses and products, and encourage their peers and families to adopt sustainable practices as well. By leading by example and promoting sustainable lifestyles, young people can have a significant impact on the transition towards a more sustainable future.

Young people can drive innovation and entrepreneurship in the green economy by developing sustainable business models that address environmental challenges and promote economic growth. By embracing innovative technologies and creative thinking, young entrepreneurs can create new products, services and industries that support a more sustainable future. They can bring fresh perspectives and new ideas to the table, helping to spur on the transition towards a greener and more sustainable economy. Furthermore, by creating jobs and contributing to economic growth, they help to build a more resilient future for everyone. The role of youth in driving innovation and entrepreneurship in the green economy is critical, as they have the potential to lead the way in creating a sustainable future.

Schools and communities can play a crucial role in promoting sustainability through a variety of projects and initiatives. These can include recycling programs, energy-saving initiatives, community gardening projects, and educational workshops and events that raise awareness about sustainability issues. By involving young people in these initiatives, they can learn about the importance of sustainability and develop the skills and knowledge needed to contribute to a more sustainable future. Additionally, school and community-based projects can bring people together and foster a sense of community and shared purpose, helping to create a more sustainable future for all. Through these initiatives, schools and communities can play a significant role in promoting sustainability and shaping the attitudes and behaviors of the next generation

Mukesh was a 12th standard student at a prominent high school in Mumbai. Despite his busy schedule of academic and extracurricular activities, he was deeply passionate about sustainability and community work. He was aware of the environmental and social challenges faced by his city, particularly the plight of residents in Dharavi, one of Asia's largest slums.

After school hours, Mukesh would regularly volunteer in sustainability and community development projects in Dharavi. He believed that small efforts by individuals could make a big impact in the long run.

One of the initiatives that Mukesh was involved in was waste management. He worked with a team of volunteers to educate residents about the importance of proper waste disposal and recycling. They organized community clean-up drives and worked with the local municipality to set up recycling bins in public spaces. Through their efforts, they were able to reduce the amount of waste being sent to landfills and increase recycling.

Mukesh was also involved in promoting sustainable agriculture in Dharavi. He worked with farmers to set up community gardens, where they could grow their own crops using eco-friendly methods. He trained farmers on sustainable agriculture techniques and helped them access markets for their produce. Through this initiative, the community was able to access fresh and healthy food, while also reducing their carbon footprint.

Additionally, Mukesh worked with local schools to educate young students about sustainability and environmental protection. He organized interactive sessions and field trips to raise awareness among the young generation.

